नई दिल्ली

बुधवार, 10 जुलाई 2024

आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष, पंचमी वर्ष : 28, अंक : 90

पृष्ठ 12 मूल्य 2 .00


मौसम

अधि. 34

न्यून. 29


# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### गौतम गंभीर बने टीम इंडिया के नए हेड कोच



**नई दिल्ली।** टीम इंडिया को नया हेड कोच मिल गया है और तमाम अटकलों को सही साबित करते हुए बीसीसीआई ने पूर्व स्टार ओपनर गौतम गंभीर को टीम इंडिया की जिम्मेदारी दी है। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने गंभीर के नाम का ऐलान कर उनका स्वागत किया। पिछले महीने तक ही गंभीर कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटॉर थे, उनके नेतृत्व में केकेआर ने आईपीएल 2024 का खिताब जीता था। गौतम गंभीर कोच के रूप में राहुल द्रविड़ की जगह लेंगे, जिन्होंने टी20 वर्ल्ड कप फाइनल में टीम इंडिया की जीत के साथ ही अपना सफर खत्म किया था।

### हरियाणा: भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष बने बड़ौली



**चंडीगढ़।** भाजपा ने हरियाणा में मोहन लाल बड़ौली को प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। वह राई विधानसभा सीट से विधायक हैं। अब तक नायब सिंह सैनी के पास ही यह जिम्मेदारी थी, जो पिछले दिनों मुख्यमंत्री बन गए थे। इसके बाद से ही प्रदेश अध्यक्ष बदलने की चर्चाएं शुरू हो गई थीं। राज्य में अक्टूबर महीने में ही चुनाव होना है, इससे पहले ये बदलाव हुआ। पार्टी ने यह बड़ा बदलाव किया है ताकि संगठन के पेच कसे जा सकें। मोहन लाल बड़ौली बीते करीब तीन दशकों से भाजपा से जुड़े हैं। ▸▸ पढ़ें पेज 09 भी

## दुनिया को भी किया आश्वस्त, भारत शांति का पक्षधर, बातचीत के जरिए निकले विवाद का हल

# युद्ध के मैदान से समाधान संभव नहीं, शांति बहाली के लिए हर सहयोग को तैयार भारत: पीएम मोदी

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

रूस और यूक्रेन के मध्य बीते दो साल से अधिक समय से जारी संघर्ष के बीच मंगलवार को क्रेमलिन (मास्को में रूस का राष्ट्रपति भवन) में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच 22 वीं वार्षिक शिखर वार्ता हुई। इसमें प्रधानमंत्री मोदी ने रूस और दुनिया के बाकी देशों को दो बड़े संयुक्त संदेश दिए।

रूस के राष्ट्रपति को उन्होंने पुनः यह स्पष्ट कर दिया कि यूक्रेन के साथ जारी मौजूदा विवाद का समाधान युद्ध के मैदान से संभव नहीं है। बमों, बंदूकों और गोलियों के साये में शांति के लिए जारी बातचीत सफल नहीं हो सकती है। जबकि विश्व समुदाय को भारतीय प्रधानमंत्री ने यह भरोसा दिलाया कि भारत शांति के पक्ष में है और यूक्रेन विवाद को बातचीत के जरिए हल किया जाना चाहिए। विवाद को खत्म करने और शांति बहाली के लिए भारत हर तरह से सहयोग करने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री बीते सोमवार ▸▸ शेष पेज 5 पर

बुधवार को ऑस्ट्रिया के शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व संग होगी द्विपक्षीय बैठक

- राष्ट्रपति पुतिन ने प्रधानमंत्री मोदी को रूस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से किया सम्मानित।

*यूक्रेन संघर्ष के बीच मास्को में हुई शिखर वार्ता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को दिया यह स्पष्ट संदेश।*

### राष्ट्रपति पुतिन ने सराहा भारत का शांति संदेश



प्रधानमंत्री मोदी ने रूसी राष्ट्रपति संग हुई बातचीत में यूक्रेन में बच्चों के अस्पताल पर हुए हमले के संदर्भ में कहा कि युद्ध हो, संघर्ष हो या आतंकवादी हमला। मानवता में विश्वास करने वाला हर व्यक्ति जनहानि पर बहुत दुखी होता है। इसमें निर्दोष और मासूम बच्चों ▸▸ शेष पेज 5 पर

### मोदी-पुतिन मुलाकात की यूक्रेन के राष्ट्रपति ने की निंदा



रूस की राजधानी मास्को में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर व्लादिमीर पुतिन की एक दूसरे को गले लगाकर की गई गर्मजोशी से भरी मुलाकात यूक्रेन के राष्ट्रपति वोल्डोमीर जेलेंस्की को रास नहीं आई। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट के जरिए इसकी निंदा करते हुए कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के ▸▸ शेष पेज 5 पर

### पीएम को मिला रूस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रूस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोस्टल' से सम्मानित किया। उन्होंने अपने हाथों से माला रूपी यह सम्मान प्रधानमंत्री को पहनाया और कहा, प्रिय मित्र मैं तहे दिल से आपको इस सर्वोच्च रूसी पुरस्कार के लिए बधाई देता हूं। आपके ▸▸ शेष पेज 5 पर

### छह एमओयू पर हुए हस्ताक्षर

द्विपक्षीय बैठक में भारत और रूस के बीच छह समझौता ज्ञापनों (एमओयू) और कुछ अन्य समझौतों पर हस्ताक्षर के साथ आदान-प्रदान किया गया। इसमें 2024 से 2029 तक दोनों देशों के बीच व्यापार, आर्थिक और निवेश कार्यक्रम, जलवायु परिवर्तन पर दोनों के पर्यावरण मंत्रालयों के बीच एमओयू, सर्वे ऑफ ▸▸ शेष पेज 5 पर

### ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग से दुनिया को हुआ लाभ

बातचीत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस के राष्ट्रपति से कहा कि ऊर्जा क्षेत्र में (डीजल, पेट्रोल) दोनों देशों के सहयोग ने दुनिया की भी मदद की है। यहां बता दें कि कोरोना महामारी के बाद से भारत सस्ते दाम पर रूस से कच्चे तेल का आयात कर रहा है और उसे देश में परिष्कृत कर अपनी जरूरतों को पूरा कर दुनिया के बाकी देशों को ▸▸ शेष पेज 5 पर

### ऑस्ट्रिया में होगी द्विपक्षीय बैठक

पीएम मोदी आज यानी बुधवार को ऑस्ट्रिया गणराज्य के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वान डेर बेलेन और चांसलर कार्ल नेहमर के साथ भी बातचीत करेंगे। पीएम मोदी और चांसलर नेहमर भारत-ऑस्ट्रिया के शीर्ष उद्यमियों की बैठक को भी संबोधित करेंगे। लोगों से भी बातचीत करेंगे। अमेरिका ने इस संबंध ▸▸ शेष पेज 5 पर

# भारतीयों की जल्द वापसी को लेकर रूस ने जताई सहमति

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

यूक्रेन संघर्ष के बीच रूस ने भारत की एक बड़ी महत्वपूर्ण मांग मान ली है और अब वो इस बात पर राजी हो गया है कि रूसी सेना में भारतीयों की सहायक कर्मियों के रूप में भर्ती नहीं की जाएगी और युद्धक्षेत्र में तैनात भारतीयों की सुरक्षित स्वदेश वापसी सुनिश्चित की जाएगी। शीर्ष सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते सोमवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ उनके निवास पर हुई अनौपचारिक मुलाकात में इस मुद्दे को उठाया था। जल्द ही रूसी सेना से भारतीयों को कार्यमुक्त करने के इस निर्णय की घोषणा रूस द्वारा की जा सकती है। रूस मोटे तौर पर इस मामले पर भारत के अनुरोध को मानने पर सहमत हो गया है।

### रूस के समक्ष उठाया मुद्दा: विदेश मंत्रालय

मालूम हो कि पिछले महीने भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा था कि रूस की सेना में तैनात दो और भारतीय नागरिकों की मौत हो गई है। इसके साथ ही अब तक चार भारतीय मारे जा चुके हैं। इसके बाद भारत ने रूस की सेना में भारतीय नागरिकों की भर्ती पर रोक लगाने और उनकी सुरक्षित स्वदेश वापसी सुनिश्चित करने की मांग की थी। इसे विदेश मंत्रालय द्वारा राजधानी स्थित रूस के दूतावास से लेकर मॉस्को में रूसी रक्षा, विदेश मंत्रालय के समक्ष जोरशोर से उठाया जा चुका है। अनुमानित आंकड़ों के हिसाब से रूसी सेना में भारतीयों की संख्या करीब 200 है। इस वर्ष मारे गए दो भारतीय नागरिकों में हैदराबाद निवासी 30 वर्षीय मोहम्मद असफान और सूरत निवासी 23 वर्षीय हेमल अश्विन भाई मंगुआ शामिल हैं।

# अब चार दशक बाद खुलेगा जगन्नाथ मंदिर का रत्न भंडार



एजेंसी ▸▸ भुवनेश्वर

ओडिशा के पुरी स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार को खोलने की तैयारी पूरी हो गई है। हाईकोर्ट जज के नेतृत्व में बनी समिति ने मंदिर के खजाने को खोलने की प्रक्रिया तेज कर दी है। करीब चार दशक बाद रत्न भंडार का दरवाजा खोला जाएगा। आखिरी बार इसका दरवाजा 1985 में खुला था लेकिन तब सिर्फ मरम्मत की गई थी। रत्न भंडार में मौजूद खजाने का लेखा-जोखा आखिरी बार 1978 में लिया गया था। जस्टिस बिस्वनाथ रथ ने आज मीडिया को सूचना दी है 14 तारीख को जैसे ही रत्न भंडार खुलेगा तब खजाने की गिनती होगी। मंदिर का निर्माण 12वीं शताब्दी में हुआ था।

### तीनों देवताओं के गहने

बताते हैं कि इसी रत्न भंडार में जगन्नाथ मंदिर के तीनों देवताओं जगन्नाथ, बालभद्र और सुभद्रा के गहने रखे गए हैं। कई राजाओं और भक्तों ने भगवान को जेवरात चढ़ाए थे जिनके यही पर होने की संभावना है। ये परंपरा रही है कि दान में मिले जेवरों को रत्न भंडार में रखा जाता था। इस रत्न भंडार में मौजूद हीरे-जवाहरातों की कीमत अरबों में बताई जाती है।

# 7 राज्यों की 13 विस सीटों पर वोटिंग आज

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश में अब अलग-अलग राज्यों की तेरह विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हो रहे हैं। यहां आज बुधवार को मतदान है। इसमें बिहार और मप्र की एक-एक, बंगाल की 4, तमिलनाडु की 1, उत्तराखंड की 2, पंजाब की 1, हिमाचल की 3 सीटों पर मतदान होगा। इन सीटों पर उपचुनाव का नोटिफिकेशन 14 जून को जारी हुआ था। नामांकन की आखिरी तारीख 21 जून थी। अब 10 जुलाई को वोटिंग होनी है। इसके बाद 13 जुलाई को वोटिंग के नतीजे आएंगे।



- सुबह 7 बजे से होगी वोटिंग,13 जुलाई को आएंगे नतीजे

छिंदवाड़ा जिले के अमरवाड़ा विधानसभा उप चुनाव में बुधवार को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे के बीच में मतदान होगा। शांतिपूर्ण मतदान के लिए चुनाव आयोग ने सभी तरह के तैयारियां की हैं। काफी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। सभी 332 मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किए हैं। यहां मुख्य मुकाबला भाजपा व कांग्रेस के बीच है। चुनाव मैदान में भी दो ही प्रत्याशी हैं, इसलिए चुनाव रोचक बन गया है। अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में कुल 2,5,866 वोटर हैं। दो प्रत्याशी भाजपा के कमलेश शाह व कांग्रेस धीरन शाह के बीच मुकाबला है।

# भारत-यूएई के बीच अबूधाबी में हुई रक्षा सहयोग समिति की 12वीं बैठक

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच मंगलवार को अबूधाबी में 12 वीं रक्षा सहयोग समिति की बैठक हुई। इसमें भारतीय पक्ष की अगुवाई रक्षा मंत्रालय में संयुक्त सचिव अमिताभ प्रसाद ने की। जबकि यूएई के दल का नेतृत्व ब्रिगेडियर स्टाफ जमाल इब्राहिम मोहम्मद ने किया। इसका उद्देश्य द्विपक्षीय रक्षा और सुरक्षा संबंधों के साथ-साथ व्यापक सामरिक भागीदारी को मजबूती प्रदान था। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि बैठक में दोनों देशों के बीच रक्षा और सुरक्षा सहयोग को और अधिक मजबूत बनाने के लिए दोनों पक्षों ने भागीदारी से जुड़े हुए अवसरों और सहयोग पर चर्चा की। साथ ही विस्तृत वार्ता में प्रशिक्षण, संयुक्त सैन्य युद्धाभ्यास, रक्षा औद्योगिक सहयोग, विशेषज्ञों का आदान-प्रदान ओर शोध, अनुसंधान के मामले पर बातचीत की गई। इसके अलावा क्षेत्रीय सुरक्षा स्थिति, समुद्री सुरक्षा और सुरक्षा चुनौतियों का संयुक्त आधार पर मुकाबला करने ▸▸ शेष पेज 5 पर






## समलैंगिक विवाह के फैसले की समीक्षा

# सुप्रीम कोर्ट ने कहा-खुली अदालत में नहीं,अब चेंबर में होगी सुनवाई

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



समलैंगिक विवाह को लेकर देश की सर्वोच्च अदालत ने एक बड़ा फैसला लिया है। दरअसल, अदालत ने पिछले वर्ष इस मामले में सुनवाई की थी। अदालत ने उस दौरान समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से इनकार कर दिया था। अब अदालत का कहना है कि इस मामले में याचिकाओं पर खुले मंच पर सुनवाई नहीं होगी। इससे पहले मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षा में पांच न्यायाधीशों की पीठ ने 17 अक्टूबर को समलैंगिक विवाह को कानूनी तौर पर वैधता देने से इनकार कर दिया था।

पांच न्यायाधीशों की पीठ में मुख्य न्यायाधीश के अलावा न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति हिमा कोहली, न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा भी शामिल थे। शीर्ष अदालत में 10 जुलाई को एक अलग चेंबर में समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने ▸▸ शेष पेज 5 पर

## याद दिलाना पड़ा कानून का बदलाव

# सहमति से सेक्स करने की उम्र अब 16 साल नहीं, बल्कि... 18 साल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



लड़का और लड़की के बीच सहमति से सेक्स संबंध बनाने की उम्र को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बेहद अहम टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अधिकतर लोगों को ये बात पता ही नहीं है कि देश में सहमति से सेक्स संबंध बनाने की उम्र अब 16 साल नहीं बल्कि 18 साल है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति पीवी संजय कुमार की पीठ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पोक्सो एक्ट) के तहत एक मामले में आरोपी को बरी करने के खिलाफ मध्य प्रदेश सरकार की अपील पर सुनवाई कर रही थी। शीर्ष अदालत ने मप्र सरकार की याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति खन्ना ने मामले का निपटारा करने से पहले टिप्पणी करते हुए कहा कि वर्ष 2012 में भारत में सहमति से विवाह करने की आयु सीमा को 16 वर्ष से बढ़ाकर 18 ▸▸ शेष पेज 5 पर




## खबर संक्षेप

### संगम विहारः आग में कई टन कपड़ा जलकर खाक

**नई दिल्ली।** साउथ दिल्ली के संगम विहार इलाके में एक मकान के ग्राउंड फ्लोर पर बने गोदाम में भयंकर आग लग गई। आग ने देखते ही देखते पूरा ग्राउंड फ्लोर चपेट में ले लिया। मौके पर फायर ब्रिगेड की आधा दर्जन गाड़ियां पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस घटना के किसी के घायल या हताहत होने की सूचना नहीं है। आग से गोदाम में रखा कई टन कपड़ा जलकर खाक हो गया। मिली जानकारी के अनुसार आग सोमवार को दोपहर लगी थी। मकान के बेसमेंट में कपड़े का गोदाम था। फायर कंट्रोल रूम को दोपहर 1:22 पर आग लगने की सूचना मिली। 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

### नांगलोईः होटल में रेप का आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** नांगलोई के एक होटल के अंदर हुए रेप केस के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। 24 वर्षीय आरोपी अरुण उर्फ बिट्टू बापरौला विहार का रहने वाला है। इसकी गिरफ्तारी मंगोलपुरी पत्थर मार्केट एरिया से की गई। डीसीपी जिम्मी चिरम के अनुसार 9 जून को नांगलोई थाने में रेप का केस दर्ज हुआ था। पीड़िता ने बताया वह रोहिणी सेक्टर-7 स्थित एक ऑफिस में अरुण के सुपरविजन में जॉब करती थी। एक दिन अरुण उसे धोखे से नांगलोई के एक होटल में ले गया और उसकी अस्मत लूट ली। वारदात के बाद आरोपी फरार था। सीसीटीवी और मोबाइल लोकेशन की मदद से पुलिस ने जानकारी जुटा इसे मंगोलपुरी इलाके से पकड़ा।

### 50 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा इंस्पेक्टर

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के इंस्पेक्टर को 50 हजार की रिश्वत लेते सीबीआई ने रंगे हाथ दबोचा है। आरोपी इंस्पेक्टर ज्योति नगर थाने में तैनात था। एक शख्स से इसने तीन लाख रुपये की डिमांड की थी। जानकारी के मुताबिक आरोपी इंस्पेक्टर का नाम प्रवीण कुमार है। शिकायत मिलने के बाद सीबीआई ने 8 जुलाई को इंस्पेक्टर के खिलाफ मामला दर्ज किया था। इंस्पेक्टर ने एससी और एसटी एक्ट के तहत दो शिकायतकर्ताओं के खिलाफ दर्ज मामले को निपटाने के लिए रिश्वत की मांग की थी।

### क्राइम ब्रांच की कार्रवाई: रैकेट में एक महिला डॉक्टर भी शामिल

# किडनी ट्रांसप्लांट रैकेट का पर्दाफाश, बांग्लादेशी सरगना समेत सात दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच ने एक अंतर्राष्ट्रीय किडनी ट्रांसप्लांट रैकेट का खुलासा किया है। एक महिला डॉक्टर और बांग्लादेशी सरगना समेत सात लोग गिरफ्तार किये गये हैं। इनके पास से 23 मोहरें, रोगियों की जाली फाइलें, जाली आधार कार्ड, पेन ड्राइव, हार्ड डिस्क, दो लैपटॉप और आठ मोबाइल फोन जब्त किए गये हैं। आरोपी महिला डॉक्टर दिल्ली और नोएडा में दो हॉस्पिटल से जुड़ी थी।

यह गैंग बांग्लादेश के किडनी मरीज और डॉनर को भारत लाकर फर्जी तरीके से उनके दस्तावेज तैयार कर किडनी ट्रांसप्लांट करवाता था। डीसीपी अमित गोयल ने बताया कि 16 जून को किडनी रैकट के बारे में इनपुट मिला था। इसके बाद पुलिस टीम ने जसोला गांव में रेड कर रसेल, रोकोन, सुमोन (सभी बांग्लादेशी निवासी) और रतेश पाल को पकड़ा। इनसे पूछताछ के आधार पर तीन किडनी चाहने वाले लोगों और तीन डोनेट करने वालों की पहचान की गई। इसके बाद आरोपियों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें अरेस्ट कर लिया गया। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वे बांग्लादेश में डायलिसिस केंद्रों पर जाकर किडनी रोग से पीड़ित मरीजों को टारगेट करते थे। इसके बाद जो आर्थिक रुप से कमजोर होते, उन्हें नौकरी दिलाने के बहाने भारत लाया जाता था। पहले उनके पासपोर्ट जब्त किये जाते और फिर रसेल और इफ्ति अपने सहयोगियों मोहम्मद के माध्यम से किडनी मरीज और किडनी डॉनर के जाली दस्तावेज तैयार करते। कागजात में दिखाया जाता कि मरीज और किडनी देने वाला दोनों ही नजदीकी रिश्तेदार हैं। इन्हीं फर्जी दस्तावेजों के आधार पर मरीज और डॉनर की अस्पतालों से प्रारंभिक चिकित्सीय जांच कराने के बाद किडनी ट्रांसप्लांट करवाया जाता था।



#### डॉक्टर का पीए फाइल तैयार करवाने में करता था मदद

पुलिस जांच में पता चला कि एक नामी हॉस्पिटल से जुड़ी डॉ. डी. विजया राजकुमारी का पर्सनल असिस्टेंट विक्रम मरीज की फाइलें तैयार करवाने में मदद करता था। वह मरीज और डॉनर का शपथ पत्र तैयार करवाने और अन्य सहायता के बदले एक मरीज से 20 हजार लेता था। रसेल ने अपने सहयोगियों में से एक मोहम्मद शारिक के नाम का भी खुलासा किया। मो. शारिक डॉक्टर राजकुमारी से मरीजों का अपॉइंटमेंट लेता और पैथोलॉजिकल टेस्ट करवाता था। इसके साथ ही वह डॉक्टर की टीम से संपर्क रखता था। इस काम के बदले वह प्रति मरीज 50 से 60 हजार लेता था। इस खुलासे के बाद 23 जून को विक्रम और मोहम्मद शारिक को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

#### पूछताछ में हुए चौकाने वाले खुलासे

आरोपी रसेल अहमद, विक्रम और शारिक ने खुलासा किया कि डॉक्टर राजकुमारी को जाली कागजात के आधार पर इन लोगों द्वारा किए जा रहे प्रत्येक अवैध कार्य की पूरी जानकारी थी। डॉक्टर को एक जुलाई को गिरफ्तार किया गया था। अभी तक इस रैकेट द्वारा कितने ट्रांसप्लांट किये जा चुके हैं, इसे लेकर जांच चल रही है। वहीं अनुमान लगाया जा रहा है कि यह गैंग नोएडा के हॉस्पिटल में 15 से 16 ट्रांसप्लांट कर चुका है। आरोपी महिला डॉक्टर करीब 15 साल से अपोलो हॉस्पिटल से भी जुड़ी रही। हालांकि वह पे रोल पर नहीं थी, उसे सर्विस के आधार पर फीस दी जाती थी।

#### एक आरोपी भी कर चुका है अपनी किडनी डोनेट

रसेल बांग्लादेश का मूल निवासी है। उसने 12वीं तक पढ़ाई की है। उसने 2019 में भारत आकर एक बांग्लादेशी मरीज को अपनी किडनी दान की थी। किडनी की सर्जरी के बाद उसने यह रैकेट शुरू किया। वह इस रैकेट का सरगना भी है। उसे इफ्ती के जरिए डोनर मिलता था। एक प्रत्यारोपण चक्र पूरा होने पर उन्हें आमतौर पर 20-25 प्रतिशत कमीशन मिलता है। एक प्रत्यारोपण पर 25-30 लाख रुपये का खर्च आता है। मोहम्मद सुमोन आरोपी रसेल का बहनोई है। वह 2024 में ही भारत आया था और रसेल के अवैध काम में साथ दे रहा था। मोहम्मद रोकोन उर्फ राहुल सरकार रसेल के निर्देश पर किडनी डॉनर और मरीजों के जाली दस्तावेज तैयार करता था। रसेल ने उसे प्रत्येक मरीज या डॉनर के लिए 30 हजार का भुगतान किया। रतेश पाल त्रिपुरा का रहने वाला है। उसने 12वीं कक्षा तक पढ़ाई की है। शारिक बीएससी डिग्री धारक है। वह यूपी का रहने वाला है। इसके साथ ही वह पेशे से लैब तकनीशियन है। विक्रम उत्तराखंड का मूल निवासी है। वह फरीदाबाद में रहता है और राजकुमारी का पर्सनल असिस्टेंट है। डॉ. विजया राजकुमारी दिल्ली व नोएडा के दो हॉस्पिटल में किडनी सर्जन और विजिटिंग कंसल्टेंट हैं। महिला डॉक्टर मूलरूप से चेन्नई की रहने वाली है। डॉक्टर हर सर्जरी का दो लाख रुपये लेती थी। डॉक्टर ने अधिकतर सर्जरी नोएडा के एक नामी अस्पताल में की थी। वहीं, डोनर और रिसीवर को दिल्ली के जसोला के एक फ्लैट में रखा जाता था।

## डूसू अध्यक्ष ने अंकतालिका को लेकर 'फर्जी' दावे करने के लिए एनएसयूआई के खिलाफ पुलिस को दी शिकायत

### डूसू उपाध्यक्ष व एनएसयूआई सदस्य ने डीयू के कुलपति के समक्ष दाखिल की थी शिकायत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) के अध्यक्ष तुषार डेढ़ा ने कांग्रेस की छात्र शाखा और उसके कुछ सदस्यों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। डेढ़ा ने उनकी अंकतालिका को लेकर 'फर्जी' और 'भ्रामक' दावे करने के लिए यह शिकायत दर्ज कराई है। डूसू उपाध्यक्ष और एनएसयूआई सदस्य अभि दहिया ने पिछले सप्ताह शनिवार को कुलपति योगेश सिंह के समक्ष शिकायत दाखिल की थी और डेढ़ा पर विश्वविद्यालय में दाखिला लेने के लिए फर्जी अंकतालिका का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया था, जिसके बाद मौजूदा डूसू अध्यक्ष ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। एनएसयूआई के कई सदस्यों और कांग्रेस समर्थकों ने शिकायत की एक प्रति व डेढ़ा की अंकतालिका की तस्वीरें पोस्ट कीं और उन पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया। कांग्रेस समर्थकों ने डेढ़ा को डूसू अध्यक्ष पद से बर्खास्त किये जाने की मांग की।

#### कांग्रेस सांसद हुड्डा पर सोशल मीडिया पर प्रतिष्ठा धूमिल करने का आरोप

डेढ़ा ने इन दावों को 'निराधार' बताते हुए अब दहिया, एनएसयूआई, संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी और रोहतक से कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा के खिलाफ सोशल मीडिया पर उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल करने का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। डेढ़ा ने कहा कि मैं 2016 से दिल्ली विश्वविद्यालय का हिस्सा हूं और जब मैंने स्नातक व स्नातकोत्तर में प्रवेश लिया था तब मेरे प्रमाण पत्रों की जांच की गई और फिर डूसू चुनाव के लिए मेरे नामांकन के दौरान भी प्रमाण पत्रों की जांच की गई। अगर फिर से पूछा जाता है तो मैं किसी भी जांच में सहयोग करने के लिए पूरी तरह से तैयार हूं। हालांकि यह जरूरी है कि मेरे खिलाफ निराधार आरोप लगाने वालों और मेरी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने वालों को दंडित किया जाए। योगेश सिंह को दी गई शिकायत में दहिया ने आरोप लगाया कि डेढ़ा के पास 12वीं कक्षा की दो अलग-अलग बोर्डों सीबीएसई (केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड) और उत्तर प्रदेश बोर्ड की अंकतालिकाएं हैं। शिकायत में आरोप लगाया गया कि ये दोनों अंकतालिकाएं 2016 में इसी अवधि में नियमित छात्र के रूप में प्राप्त की गई थीं।



### क्राइम ब्रांच ने महिला की हत्या का मुजरिम धरा

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच की नॉर्दर्न रेंज टीम ने हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा पा चुके एक पैरोल जंपर को गिरफ्तार किया है। यह तीन साल से फरार चल रहा था। 2021 में पैरोल मिलने के बाद इसने वापस जेल में सरेंडर नहीं किया था। आरोपी अशरफ चांदनी महल इलाके का रहने वाला है। डीसीपी सतीश कुमार ने बताया कि एसीपी विवेक त्यागी की देखरेख में इंस्पेक्टर अजय कुमार, पुखराज, सब इंस्पेक्टर सीताराम, खुशबू, हेड कांस्टेबल विकेश, सत्यव्रत, मुकेश, कपिल और लेडी हेड कांस्टेबल कुसुम की टीम ने टेक्निकल सर्विलांस और मुखबिर की मदद से इसे दबोचा। पुलिस के अनुसार इस पर एक महिला को जलाकर मारने का आरोप है। लगभग 14 साल पहले इस संबंध में हत्या का मामला चांदनी महल थाने में दर्ज हुआ था। 2021 में इसे आठ सप्ताह के लिए पैरोल मिला था। उस समय देश में कोविड महामारी फैली हुई थी। इसे 10 अप्रैल 2023 को सरेंडर करना था, लेकिन यह फरार हो गया था। आरोपी पहले से भी एनडीपीएस, चोरी और आर्म्स एक्ट के आधा दर्जन मामलों में शामिल रहा है।


## पहचान के लिए अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात महिला जिसका **नामः अज्ञात, पत्नीः अज्ञात, पताः अज्ञात जोकि दिनांक 26.06.2024 को जी2—ब्लॉक, गंदा नाला, वन क्षेत्र, आया नगर, दिल्ली में मृत पाई गई।** इस सन्दर्भ में **DD No. 35A, दिनांक 26.06.2024** पुलिस थाना फतेहपुर बेरी, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। फोटो साफ नहीं है। नीचे अज्ञात महिला की पहचान दी गई है:

**नामः अज्ञात, उम्रः 40 वर्ष, कदः 4'8'', रंगः गोरा, पहनावाः गहरे लाल रंग का सूट और हरे रंग का सलवार।**

अगर किसी को इस महिला के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करें।

**थाना प्रभारी**
**पुलिस थाना फतेहपुर बेरी, दिल्ली**
**फोनः 8750225000, 8750870826**

**DP/8711/SD/2024**


## चोरी के वाहन डिस्मेंटल कर स्पेअर मार्किट में खपाने वाले दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दक्षिण जिले की एएटीएस टीम ने वाहन चोरी करने वाले मेवाती गैंग के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनकी निशानदेही पर चोरी की पांच बाइक, स्कूटी और एक कार बरामद की है। आरोपियों के पकड़े जाने पर वाहन चोरी के 11 मामले सुलझाने का दावा किया गया है। इनमें दो केस फरीदाबाद के बताये गये हैं। इनका संबंध मेवाती गैंग से पाया गया। आरोपी चोरी के वाहन डिस्मेंटल कर स्पेअर मार्किट में खपाते थे।

डीसीपी अंकित चौहान के अनुसार मोहम्मद मौसम और मोहम्मद मुफीद को पकड़ा गया है। इनसे पांच डिस्मेंटल इंजन, ट्रक के चार ड्राइवर कैबिन, चोरी की पांच बाइक, एक स्कूटी और बोलेरो कार बरामद हुई है। वाहन चोरी से जुड़ी कई घटनाओं को लेकर एएटीएस टीम जांच पड़ताल में लगी थी। कई जगह लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज का विश्लेषण किया गया। यहीं से पुलिस को दो संदिग्धों का सुराग हाथ लगा। आखिर में लोकल इंटेलीजेंस और टैक्नीकल सर्विलांस की मदद से दोनों को पलवल हरियाणा में ट्रैप लगा पकड़ा गया। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वे रात 12 से सुबह पांच बजे के बीच ही वाहन चोरी करते थे। इसके बाद वे उस वाहन को नूंह हरियाणा स्थित वर्कशॉप ले जाकर पुर्जे पुर्जे करवा स्पेयर मार्केट में बेचते थे। जो जरुरत के पाट्र्स नहीं होते थे उन्हें स्क्रैप डीलर को बेचा जाता था। दोनों आरोपी नूंह मेवात के रहने वाले हैं।

### अदालत की कार्यवाही की रिकॉर्डिंग साझा करने को लेकर सुनीता से जवाब मांगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने आबकारी नीति मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से जुड़ी निचली अदालत की कार्यवाही की रिकॉर्डिंग कथित रूप से सोशल मीडिया पर साझा करने को लेकर उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल से मंगलवार को जवाब दाखिल करने को कहा। उच्च न्यायालय ने सुनीता केजरीवाल के खिलाफ दायर याचिका पर उन्हें यह जवाब देने का निर्देश दिया है। सुनीता केजरीवाल के वकील ने दलील दी कि याचिकाकर्ता वैभव सिंह इस मुद्दे को सनसनीखेज बना रहे हैं और अन्य लोगों को इसमें घसीट रहे हैं, जबकि उनकी मुवक्किल का इससे कोई लेना-देना नहीं है। सुनीता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता ने अदालत से अनुरोध किया कि उनका नाम याचिका में पक्षकारों की सूची से 'हटा दिया जाए।' उन्होंने कहा कि सुनीता ने रिकॉर्डिंग को महज ₹री-ट्वीट₹ किया था और उन्होंने रिकॉर्डिंग नहीं की थी।

## आप विधायक पाठक के निर्वाचन को चुनौती देने वाली अर्जी खारिज करने से हाईकोर्ट का इनकार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने उस अर्जी को खारिज करने से इनकार कर दिया है, जिसमें 2022 के उपचुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक दुर्गेश पाठक के निर्वाचन को चुनौती दी गई है।

याचिका में भ्रष्ट आचरण में लिप्त होने के आधार पर जून 2022 में होने वाले उपचुनाव में राजेंद्र नगर विधानसभा क्षेत्र से पाठक के निर्वाचन को चुनौती दी गई है। उपचुनाव में पाठक को राजेंद्र नगर सीट से अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी से 11,468 मतों के अंतर से विजयी घोषित किया गया था। न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा ने सोमवार को पारित 103 पन्नों के आदेश में पाठक की वह याचिका खारिज कर दी, जिसमें उन्होंने अपने खिलाफ दायर चुनाव याचिका को खारिज करने का अनुरोध किया था। अदालत ने कहा कि इस स्तर पर ऐसा करने का कोई औचित्य नहीं है।

#### सुनवाई 22 जुलाई को



हाईकोर्ट ने चुनाव याचिका को आगे की सुनवाई के लिए 22 जुलाई को संबंधित पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया है। राजेंद्र नगर निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता होने का दावा करने वाले याचिकाकर्ता राजन तिवारी ने आपराधिक पृष्ठभूमि का खुलासा न करने, नामांकन की जांच की तिथि पर लाभ का पद धारण करने, वित्तीय वर्ष 2019-20 के आयकर रिटर्न को छिपाने और नामांकन पत्र में एक कंपनी में शेयरों की कीमत की गलत जानकारी देने के आधार पर पाठक के निर्वाचन को चुनौती दी है। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 123 के तहत भ्रष्ट आचरण में लिप्त होने के अलावा, पाठक ने जानबूझकर तथ्यों को छुपाया है, जो अधिनियम के तहत अनुचित प्रभाव डालने के समान होगा। आम आदमी पार्टी (आप) नेता ने अपनी अर्जी में दावा किया कि याचिका कार्रवाई का कारण बताने में विफल रही है और आपराधिक पृष्ठभूमि का खुलासा न करने का आरोप इस तथ्य पर आधारित है कि वह प्राथमिकी से संबंधित जानकारी देने में विफल रहे हैं। पाठक के वकील ने दलील दी कि उनके मुवक्किल का नाम प्राथमिकी में नामजद नहीं था और कानून के प्रासंगिक प्रावधान के मुताबिक उम्मीदवार केवल ऐसे आपराधिक मामलों का विवरण देने के लिए बाध्य है जिनमें या तो अदालत द्वारा आरोप तय किए गए हों या जिनमें संज्ञान लिया गया हो।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 (2) (ii) CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नामः संजय, पुत्रः बाबू लाल, निवासीः मकान नंबर 738, नेहरू कैंप हैदरपुर, शालीमार बाग, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.426/2016, U/s 33 दिल्ली एक्साइज एक्ट** के तहत एक मामला **थाना शालीमार बाग, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि उक्त **संजय** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **संजय** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है), इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि अभियुक्त **संजय** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.08.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**रितिका कंसल**
**एलडी. एमएम, कमरा नंबर-208**
**उत्तर पश्चिम जिला, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/8499/NW/2024**


### पुलिस ने एक अप्रैल 2023 से सात जुलाई 2024 तक का आंकड़ा किया जारी

# पीसीआर ने करीब 40 हजार घायलों को अस्पताल पहुंचाया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) इकाई ने पिछले 15 महीने में 40 हजार से अधिक घायल लोगों को राष्ट्रीय राजधानी के विभिन्न अस्पतालों में पहुंचाया है। दिल्ली पुलिस के आंकड़ों से यह तथ्य सामने आया है।

पुलिस उपायुक्त (पीसीआर) आनंद कुमार मिश्रा ने बताया कि पीसीआर इकाई किसी भी आपात स्थिति में सबसे पहले प्रतिक्रिया देती है। एक अप्रैल 2023 से सात जुलाई तक हमारे पीसीआर ने 40,371 लोगों को शहर के विभिन्न अस्पतालों में पहुंचाया है। कुल 4,293 लोगों को बाहरी उत्तर जिले के अस्पतालों में पहुंचाया गया जबकि 4,212 लोगों उत्तर पूर्वी जिले के अस्पतालों में पहुंचाया गया। अधिकारी ने कहा कि पीसीआर में कार्यरत कर्मी पूरी तरह से प्रशिक्षित हैं और हमेशा आपात स्थिति में लोगों की मदद के लिए तत्पर रहते हैं।



#### पीसीआर कर्मचारी सीपीआर देने के लिए हैं पूरी तरह प्रशिक्षित

पुलिस उपायुक्त ने कहा कि हमारे कर्मचारी कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) देने के लिए पूरी तरह प्रशिक्षित हैं, उन्हें प्राथमिक उपचार प्रदान करने के लिए विभिन्न उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। समय-समय पर आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए उन्हें प्रशिक्षण भी दिया जाता है। आंकड़ों के मुताबिक पीसीआर इकाई ने उत्तर-पश्चिम में 1,281 लोगों को, रोहिणी में 1,887 लोगों को, उत्तर जिला में 3,481 लोगों को, मध्य जिला में 1,217 लोगों को, पूर्व जिला में 1,034 लोगों को, शाहदरा में 2,359 लोगों को, नई दिल्ली में 1,384 लोगों को, दक्षिण-पश्चिम में 2,121 लोगों को, दक्षिण जिले में 3,036 लोगों और दक्षिण-पश्चिम जिले में 3,023 लोगों को घायल होने पर अस्पतालों में पहुंचाया है। मिश्रा ने बताया कि अस्पताल पहुंचाए गए अधिकतर लोग अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे और घायलों के अधिकतर मामले दुर्घटनाओं से संबंधित थे। दुर्घटनाओं की सूचना मिलने पर, पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) वैन दुर्घटनास्थल पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस उपायुक्त ने कहा कि जब हमारे पास घटनास्थल पर एंबुलेंस होती है, तो हम मरीज को उसी एंबुलेंस में ले जाते हैं। लेकिन एंबुलेंस उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में हमारे कर्मी पुलिस वाहन का उपयोग कर व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाते हैं। उन्होंने कहा कि वे सुनिश्चित करते हैं कि सड़क दुर्घटना के पीड़ित समय पर अस्पताल पहुंचें, ताकि उनकी जान बचाई जा सके। आंकड़ों के मुताबिक, पीसीआर इकाई ने इस अवधि में 128 अपराधियों को भी पकड़ा, 984 लापता बच्चों का पता लगाया और चोरी के 1,423 वाहन बरामद किए।

#### 17 गर्भवती महिलाओं को भी समय पर अस्पताल पहुंचाया

आंकड़ों के मुताबिक, पीसीआर ने विभिन्न परिस्थितियों में फंसे 42 लोगों को बचाया, 17 गर्भवती महिलाओं को समय पर अस्पताल पहुंचाया और 102 वन्यजीवों की भी बचाया। एक अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि बड़ी संख्या में घायलों की जान जाने का मुख्य कारण इलाज में विलंब होता है। उन्होंने कहा कि (दिल्ली पुलिस की) पीसीआर इकाई किसी भी घायल को यथाशीघ्र अस्पताल पहुंचा कर मानव जीवन बचाने की कोशिश करती है।

### एबीवीपी ने मनाया 76वां स्थापना दिवस

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने मंगलवार को दिल्ली के विभिन्न शैक्षणिक स्थलों पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर विद्यार्थी परिषद के स्थापना दिवस को धूमधाम से मनाया। एबीवीपी दिल्ली प्रान्त मंत्री हर्ष अत्री ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया एबीवीपी का मंगलवार को 76 वां स्थापना दिवस है। एबीवीपी की स्थापना राष्ट्र के पुनर्निर्माण करने के साथ समाज में समरसता कायम करने के उद्देश्य से हुई थी। एबीवीपी ने इस अवसर पर दिल्ली के 44 नगर इकाई कार्यकारिणी गठित की तो वहीं जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में संगीत संध्या तथा दिल्ली विश्वविद्यालय के भिन्न - भिन्न कॉलेजों में रक्त दान, वृक्षारोपण, गोष्ठी व अन्य सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए।


## हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग

बेज नं. 67–70, सेक्टर–2, पंचकूला–134154
(www.hssc.gov.in)

### घोषणा

**विज्ञा. सं. 04/2015, श्रेणी सं. 16 के तहत पीजीटी संस्कृत (आरओएच) के पद हेतु अंतरिम परिणाम**

एसएलपी (सी) नं. 3263/2023 में पारित माननीय सर्वोच्च न्यायालय आदेश दिनांक 22.04.2024 के अनुपालन में और दिनांक 01.01.2019 को घोषित अन्तिम परिणाम के अधिक्रमण में, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) ने माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी किए गए निर्देशों के अनुरूप ही चयनित उम्मीदवारों के अंतरिम परिणाम को अन्तिम रूप दे दिया है। परिणाम श्रेणी–वार, योग्यता–वार और अनुक्रमांक–वार निम्नानुसार दर्शाया गया है :-

**विज्ञा. सं. 04/2015, श्रेणी सं. 16, पीजीटी संस्कृत (शेष हरियाणा) (कुल 626 पद)**

**एम.ए. संस्कृत, शिक्षा शास्त्री**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **सामान्य** | | | | |
| 41600254 | 41600382 | 41600454 | 41600622 | 41601090 |
| 41601385 | 41601565 | 41601631 | 41601798 | 41602188 |
| 41602441 | 41602677 | 41602708 | 41602861 | 41602968 |
| 41603594 | 41603777 | 41603826 | 41603845 | 41603956 |
| 41604216 | 41604679 | | | |
| **एससी** | | | | |
| 41600082 | 41601473 | 41602473 | 41602606 | 41602732 |
| 41603753 | 41604021 | 41604228 | 41604311 | 41604334 |
| 41604635 | 41604835 | 41605193 | 41605354 | 41605414 |
| 41605429 | | | | |
| **बीसीए** | | | | |
| 41601583 | 41602614 | 41605375 | | |
| **बीसीबी** | | | | |
| 41601302 | 41602624 | 41602650 | | |
| **ओएच** | | | | |
| 41602816 | | | | |

**चयन हेतु अपनाया गया मानदंड**

1) लिखित परीक्षा ........................ 160 अंक
2) साक्षात्कार/मौखिक परीक्षा ............ 24 अंक
3) अनुभव अंक ........................ 16 अंक
कुल :- 200 अंक

1. सामान्य श्रेणी का 1 पद सीडब्ल्यूपी नं. 1213/2024 में रोक दिया गया है।
2. यद्यपि परिणाम तैयार करने और अपलोड करने में पूर्ण सावधानी बरती गई है, अनजाने में / तकनीकी त्रुटियों की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। आयोग इसे बाद में सुधारने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
3. परिणाम एचएसएससी की वेबसाइट अर्थात् www.hssc.gov.in पर भी उपलब्ध है।
4. अनुशंसा माननीय सर्वोच्च न्यायालय के कोई आगे आदेश/निर्देश के अधीन होगी।

हस्ता/- सचिव
हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग
दिनांक : 09.07.2024

संवाद-1159/13/637/2025/27638/88/7 दि. 09.07.24

## जगह-जगह जलभराव से जाम, 30.8 एमएम बरसा पानी

# दिल्ली में काले काले बादलों से दिन में दिखा रात जैसा माहौल













हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में मंगलवार को काले काले बादलों के बीच रात जैसे माहौल में हल्की बारिश दर्ज हुई। लेकिन हल्की बारिश के बावजूद दिल्ली में जगह जगह हुए जलभराव ने राजधानी को तालाब बना दिया। अधिकांश जगह वाहनों की लंबी लंबी लाइनें देखने को मिली। जलभराव की वजह से मिनटों के सफर में लोगों को घंटो लग गए। कुछ देर की बारिश ने एक बार फिर केजरीवाल सरकार व दिल्ली नगर निगम के पुख्ता इंतजामों के दावों को धोकर रख दिया। अंडरपास से लेकर कई फ्लाईओवर पर भरे पानी ने केजरीवाल सरकार व पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी के दावों की पोल ही खोल दी। आंकड़ों के अनुसार शाम साढ़े पांच बजे से पहले के 9 घंटे में दिल्ली में कुल 30.8 एमएम बारिश दर्ज हुई। बता दें कि दिल्ली में गत 28 जून 2024 को जबरदस्त बारिश दर्ज हुई थी। आंकड़ों के अनुसार महज 24 घंटो में ही दिल्ली में 1936 के बाद दूसरा नया रिकॉर्ड बना था। मानसून की उस पहली झमाझम बारिश ने 88 साल का रिकॉर्ड ध्वस्त करते हुए 228.1 मिमी जैसी भारी बारिश का आंकड़ा दर्ज किया था। इस भारी बारिश से पूरी दिल्ली तालाब बनकर रह गई थी और वाहनों की तो रफतार ही रूक गई थी।

मंगलवार को दिल्ली वालों को मौसम के मूड बदलने के बाद भरी दोपहर में भी रात जैसा माहौल देखने को मिला। आसमान पर काले काले बादलों के डेरा जमाने के बाद ऐसा लगा जैसे दिन में ही रात घिर आई हो। वाहनों को हेड लाइट जलाकर चलना पड़ा। ऐसा लगा जैसे एक बार फिर दिल्ली में 28 जून की तरह जबरदस्त झमाझम बारिश होगी, लेकिन हल्की बारिश ही दर्ज हो सकी। बारिश के चलते लोगों को कुछ समय के लिए गर्मी से राहत जरूर मिली लेकिन बाद में उमस ने हालत खराब कर दी। तापमान में भी बहुत ज्यादा अंतर देखने को नहीं मिला।

प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार शाम साढ़े पांच बजे तक दिल्ली में शाम साढ़े पांच बजे से पहले के 9 घंटे में दिल्ली में कुल 30.8 एमएम बारिश दर्ज हुई। आईएमडी ने बताया कि दिल्ली में सबसे ज्यादा बारिश लोधी रोड पर 35 एमएम पानी बरसा है। जबकि रिज एरिया में 11.3 एमएम बारिश हुई। वहीं पालम में 8.5 एमएम और आया नगर में 8 एमएम बारिश दर्ज हुई। अधिकतम तापमान सामान्य से 3 डिग्री नीचे 33.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जबकि न्यूनतम तापमान 27.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य से 1 डिग्री कम है। आईएमडी ने अनुमान जताया है कि बुधवार को के बाद अगले दो दिन राजधानी में झमाझम बारिश की संभावना दिखाई दे रही है।

### हल्की बारिश में ही दिल्ली फिर बनी तालाब, केजरीवाल सरकार की लापरवाही का नमूनाः डीपीसीसी

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने मंगलवार को बारिश के बाद हुए जलभराव का लेकर केजरीवाल सरकार पर निशाना साधा है। देवेंद्र ने कहा कि हल्की बारिश के बावजूद दिल्ली एक बार फिर से तालाब बन गई है। यह केजरीवाल सरकार की लापरवाही का जीता जागता नमूना है। देवेंद्र ने कहा कि इससे पहले 28 जून को दिल्ली में बारिश के बाद हालात इससे भी बदतर हो गए थे। उन्होंने कहा कि उस दौरान केजरीवाल सरकार की मंत्री आतिशी ने बार बार कहा कि पानी बहुत ज्यादा बरस गया है इसलिए जलभराव हो गया। उन्होंने कहा मैं आतिशी से पूछना चाहता हूं कि आज तो हल्की बारिश हुई है, बावजूद इसके पूरी दिल्ली तालाब बन क्यों बनी। उन्होंने कहा कि आज एक बार फिर दिल्ली के पॉश एरिया दक्षिणी दिल्ली, ग्रेटर कैलाश, सफदरजंग, भोगल, बुराड़ी, डीडीयू अस्पताल के बाहर, मिंटो रोड ब्रिज, आजाद मार्केट, कश्मीरी गेट, यमुना विहार, जहांगीरपुरी, आदर्श नगर आदि डूब गए, सड़कें तालाब बन गई, आखिर क्यों। देवेंद्र ने सवाल उठाए कि मई जून में ही दिल्ली के सभी नाल साफ करने का दावा करने वाले अब चुप क्यों है। केजरीवाल सरकार ही दिल्ली नगर निगम में भी दो साल से काबिज है। ऐसे दोष किसे देंगे कि राजधानी के डूबने के लिए हम नहीं कोई और जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि सरकारों की आपसी खींचतान में दिल्ली वालों को तमाम परेशानियां उठानी पड़ रही है। अभी तो मानसून की शुरुआत भी सही से नहीं हुई है, ऐसे में आने वाले दिनों में दिल्ली का क्या हाल होगा इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। गत दस सालों में केजरीवाल सरकार ने केवल लोगों को भ्रमित करके सत्ता हासिल की है।

### महापौर ने एमसीडी नियंत्रण कक्ष का किया निरीक्षण

दिल्ली नगर निगम की महापौर डॉ. शैली ओबरॉय ने एमसीडी मुख्यालय, सिविक सेंटर में स्थित एमसीडी नियंत्रण कक्ष का व्यापक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ आईटी निदेशक सुमित कुमार और वरिष्ठ एमसीडी प्रतिनिधि भी मौजूद थे। इस दौरे का उद्देश्य शिकायतों के जल्द निपटान और अधिकारियों द्वारा समाधान समय को कम करना था। निरीक्षण के दौरान डॉ. शैली ओबरॉय को एमसीडी द्वारा प्राप्त शिकायतों की प्रकृति के बारे में जानकारी दी गई, जिसमें स्वच्छता और जलभराव सबसे आम मुद्दे थे। यह बताया गया कि ये शिकायतें त्वरित कार्रवाई के लिए स्वचालित रूप से संबंधित क्षेत्रों में भेज दी जाती हैं। अधिकांश शिकायतों का समाधान रिपोर्ट किए जाने के 1-2 दिनों के भीतर कर दिया जाता है। विशेष रूप से, एमसीडी अधिकारी प्रभावित क्षेत्रों में अस्थायी पंप लगाकर जलभराव को दूर करने के लिए त्वरित कार्रवाई करते हैं। महापौर को अधिकारियों ने यह भी बताया गया कि 1 जून से 9 जुलाई 2024 तक एमसीडी के पास कुल 18,150 स्वच्छता की शिकायतें दर्ज की गई हैं, जिनमें से लगभग 80 प्रतिशत, यानी 14,716 शिकायतों का समाधान कर दिया गया है। डॉ. ओबरॉय ने नागरिक सहभागिता के महत्व पर जोर दिया और दिल्ली के निवासियों को एमसीडी 311 ऐप का उपयोग और 155305 पर कॉल करके अपनी शिकायतें दर्ज कराने के लिए प्रोत्साहित किया।

### दिल्ली में नालों की सफाई के नाम पर हो रहे हैं केवल घोटाले : सचदेवा




दिल्ली में नालों की सफाई के नाम पर केवल घोटाले हो रहे हैं और दिल्ली सरकार नालों की सफाई एवं मानसून की तैयारी पर 24 घंटे के अंदर सर्वदलीय बैठक बुलाए या फिर भाजपा के विरोध के लिए तैयार रहे। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सरदार अरविंदर सिंह लवली के साथ प्रदेश कार्यालय में आयोजित संयुक्त प्रेसवार्ता में यह आरोप लगाए और उन्होंने दिल्ली के विभिन्न स्थानों से 20 मिनट की बारिश के बाद हुए जलभराव की वीडियो क्लिप्स दिखाईं जिसमें आम आदमी पार्टी (आप) शासित दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम पर आरोप लगाते हुए कहा कि बारिश ने एक बार फिर से दिल्ली सरकार की कमियों को उजागर कर दिया है। वहीं, अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि मानसून एवं बाढ़ पर एपेक्स कमेटी जिसके चेयरमैन दिल्ली का मुख्यमंत्री होते हैं, उसकी बैठक समय पर ना होना दिल्ली की मानसून तैयारियों में कमी का सबसे बड़ा कारण है। दिल्ली एक ऐसा शहर है जिसमें रहने वाले साल भर गर्मी में पानी की कमी, बारिश में जलभराव, सर्दी में प्रदूषण से परेशान रहते हैं। मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने प्रेसवार्ता का संचालन किया और वीडियो क्लिप चला कर दिखाया कि हल्की सी बारिश से दिल्ली फिर जलमग्न हो गई और आज तो दिल्ली नगर निगम मुख्यालय के चारों ओर भी झील बन गई। प्रदेश मंत्री हरीश खुराना एवं पूर्व विधायक नीरज बसोया भी प्रेस वार्ता में उपस्थित थे।सचदेवा ने कहा कि मंत्री आतिशी एवं महापौर डॉ शैली ओबरॉय जो लगातार अपनी तैयारियों को लेकर दावे कर रही थी आज उन दावों को चंद मिनट की बारिश ने खोखला कर दिया। सचदेवा ने कहा कि आईटीओ, संगम विहार, बुराड़ी, देवली, किशनगंज, चंद्रावल, राजेन्द्र नगर, नजफगढ़ जहां 28 जून एवं 3 जुलाई को बड़े जलभराव हुआ था, वहां आज भी कुछ ही मिनटों में जलभराव हो गया।

### राजधानी में अभी तक आए डेंगू के 246 मामले दिल्ली वालों के लिए खतरे की बजी घंटीः देवेंद्र

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा है कि राजधानी में अभी तक डेंगू के 246 मामले सामने आए है जो दिल्ली वालों के लिए खतरे की बजी घंटी है। उन्होंने कहा कि एक तरफ तेजी से डेंगू मामलें बढ़ रहे है, वही दूसरी तरफ दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज डेंगू मामलों पर नियंत्रण के लिए अभी तक अस्पतालों में तैयारियों को लेकर लापरवाही दिखा रहे है। इस वर्ष भी आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम की निष्क्रिय कार्यशैली के कारण डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया के मामले अधिक संख्या में सामने आ रहे है। उन्होंने कहा कि बढ़ते डेंगू के मामलों पर चिंता का विषय है क्यांकि जून महीने में ही डेंगू के 246 केस सामने आना खतरे की घंटी है। वह इसलिए कि यह मामले पिछले वर्ष जून माह के मामलों से दो गुना है। उन्होंने कहा कि 37 हजार जगहों पर मच्छर का लार्वा पैदा होने के मामले सामने आना और 40 हजार को चालान सहित नोटिस भेजना दिल्ली नगर निगम की बहुत बड़ी विफलता है। निगम ने इसके लिए समय से पहले जागरूकता अभियान क्यों नहीं चलाया। पिछले वर्ष तक हर वर्ष केजरीवाल डेंगू के खिलाफ 10 हफ्ते, 10 बजे, 10 मिनट का महाअभियान चलाते थे, परंतु हालात में कमी सुधार नहीं आया, और प्रति वर्ष मलेरिया, चिकनगुनिया सहित डेंगू के मामलों बढ़ोत्तरी होनी सरकार की बड़ी विफलता है। उन्होंने कहा कि बिजली कटौती, जल संकट, नालों, नालियों, सड़कों पर जल भराव के चलते यातायात जाम, राशन व्यवस्था, विकराल प्रदूषण, महंगाई, बेरोजगारी, कोविड, मलेरिया, चिकनगुनिया और डेंगू जनता से जुड़े संवेदनशील मामले पर केजरीवाल सरकार फेल नजर आई है। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज से पूछा कि मई में अस्पतालों को डेंगू पर नियंत्रण करने के दिशा निर्देश क्यों नहीं दिए थे। अब से पहले भी केजरीवाल सरकार के रहते वर्ष 2015 में डेंगू के 15867 मामलों में 60 की मौत हुई, 2021 में 9613 मामलों में 23 लोगों की मौत हुई थी। बावजूद इसके केजरीवाल सरकार की लापरवाही का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि इस बार भी जुन माह में ही डेंगू के 246 मामले आने के बाद भी स्वास्थ्य मंत्री भारद्वाज पूरी तरह से लापरवाही अपना रहे है। उन्होंने कहा कि मैं स्वास्थ्य मंत्री को कहना चाहता हूं कि डेंगू मामलों पर नियंत्रण के लिए अस्पतालों को हिदायत देने के साथ-साथ व्यवस्था पर निगरानी भी रखें। कहीं ऐसा न हो कि केजरीवाल जेल में और योजनाएं भ्रष्टाचार के खेल में, साबित हो जाए।

### राजस्व जिलों की तरह बनेंगे महिला एवं बाल विकास के जिला कार्यालय : गहलोत

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार दिल्ली के 11 राजस्व जिलों के अनुरूप महिला एवं बाल विकास विभाग (डब्ल्यूसीडी) के जिला कार्यालयों के पुनर्गठन पर विचार कर रही है। इस संबंध में एक प्रस्ताव उपराज्यपाल को उनकी मंजूरी के लिए भेजा गया है। दिल्ली के महिला एवं बाल विकास मंत्री कैलाश गहलोत ने मंगलवार को जारी एक ब्यान में कहा कि जिला कार्यालयों का पुनर्गठन सामाजिक सुरक्षा और कल्याणकारी सेवाएं प्रदान करने के लिए हमारे प्रशासनिक ढांचे को अनुकूलित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

### बीएसईएस ने साइबर ठगी से बचने के लिए उपभोक्ताओं को चेताया, बताए बचने के गुर

**नई दिल्ली।** निजी बिजली वितरण कंपनी बीएसईएस ने उपभोक्ताओं को साइबर ठगी से बचने के लिए जागरूक करते हुए इससे बचने के कई गुरु बताएं है। इस बारे में बीएसईएस के प्रवक्ता सी पी कामत ने बताया कि आजकल ऑनलाइन भुगतान सहित अन्य तरीकों से लोगों के साथ साइबर ठगी बहुत ज्यादा हो रही है। ऐसे में कंपनी उपभोक्ताओं को जागरूक कर रही है कि साइबर ठगी से बचने के लिए केवल प्रामाणिक माध्यमों से ही अपने बिजली बिल का भुगतान करें। कामत ने उपभोक्ताओं को बताया कि अगर आपको भी ऐसा कोई कॉल, एसएमएस या वॉट्सऐप मैसेज मिला है, जिसमें कहा गया हो कि अगर आपने तुरंत अपने बिजली बिल का भुगतान नहीं किया, तो आज ही आपकी बिजली काट दी जाएगी? ।

### आप नेताओं ने बस मार्शलों की नौकरी बहाल करने की एलजी से की अपील

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के नेताओं ने दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना से अपील करते हुए कहा कि महीनों से सड़कों पर बैठे बस मार्शलों की नौकरी बहाल करें। आप के वरिष्ठ नेता एवं विधायक संजीव झा ने कुलदीप कुमार के साथ बस मार्शलों को लेकर मंगलवार को संयुक्त प्रेसवार्ता की और कहा कि बस मार्शल गरीब परिवारों से आते हैं, अब उन्हें परिवार का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है।

### बस मार्शल को गुमराह कर रही है दिल्ली सरकार : भाजपा

यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि दिल्ली सरकार ने बिना प्रशासनिक नियम पूरे किये सिविल डिफेंस और बस मार्शल्स सरकारी नौकरियां प्रदान करके जिन युवाओं के करियर के साथ खिलवाड़ किया अब फिर उन्हें आम आदमी पार्टी गुमराह कर रही है। दिल्ली भाजपा के मुख्य प्रवक्ता और विधायक अभय वर्मा ने कहा है कि बाद में जब उनकी नौकरी और वेतन फाइलें सतर्कता जांच में फंस गईं तो अरविंद केजरीवाल ने खुद एक नोट लिखकर उन्हें सेवा से हटाने के लिए कहा था और अब जब ये बेरोजगार युवा पुनः रोजगार के लिए आंदोलन कर रहे हैं, तो कुछ आप नेताओं ने उन्हें भाजपा एजेंट कहा है जबकि दूसरी ओर नेताओं ने उन्हें भ्रांति दिखाकर उन्हें गुमराह करने की कोशिश की है।

### निगम के भ्रष्ट अधिकारियों पर कार्रवाई होः इकबाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष एवं पूर्व महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने मंगलवार को निगम आयुक्त से मिलकर निगम के संपत्ति कर विभाग के भ्रष्ट अधिकारियों एवं कर्मियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। नेता विपक्ष राजा इकबाल सिंह ने बताया कि मंगलवार को वरिष्ठ पार्षद प्रवेश वाही, एवं लाजपत राय मार्किट के प्रतिनिधिमंडल के साथ दिल्ली नगर निगम के आयुक्त को निगम के संपत्ति कर विभाग के कुछ भ्रष्ट अधिकारियों एवं कर्मियों की शिकायत की।

### महिला प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने ली बैठक, संगठन को चुस्त दुरुस्त करने की कवायद

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष पुष्पा सिंह ने प्रदेश कार्यालय राजीव में संगठन को लेकर एक बैठक का आयोजन किया। बैठक में पुष्पा सिंह के अलावा अन्य प्रदेश पदाधिकारी मौजूद थी। बैठक में मुख्य रूप से संगठन को मजबूत व चुस्त दुरुस्त करने को लेकर कई दिशा निर्देश दिए। इसके अलावा महिला कांग्रेस के आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा के बाद रूपरेखा बनाई।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत डीडीए के पौधा रोपण अभियान में जुड़ रहे है लोग

**नई दिल्ली।** एक पेड़ मां के नाम के तहत दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा चलाए जा रहे अभियान से भारी संख्या में लोग जुड़ रहे है। डीडीए के वन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत दिल्ली में विभिन्न जगहों पर पेड़ पौधे लगाए जा रहे है। इस अभियान में आम व खास वर्ग के लोग भारी संख्या में जुड़ रहे है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत जिला पार्क शीश महल शालीमार बाग में एक सामूहिक पौधारोपण अभियान चलाया गया। जिसमें जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए विभिन्न प्रजातियों के लगभग 3 हजार पौधे और 100 पेड़ लगाए गए। अधिकारी ने बताया कि इस कार्यक्रम में स्थानीय पुलिस, शालीमार बाग आरडब्लूए के सदस्य, शीश महल पर्यावरण समिति और डीडीए अधिकारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। उन्होंने बताया कि अभियान में पौधारोपण के महत्व को उजागर करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे है।

## पेड़ काटने की अनुमति देने वाले पर कड़ी कार्रवाई होगी : आतिशी

# सड़क को चौड़ा करने के नाम पर सैकड़ों पेड़ों को काटा : भारद्वाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



सड़क को चौड़ा करने के नाम पर सैकड़ों पेड़ों को काटा गया है। सतबरी फॉरेस्ट एरिया के बीचों-बीच से लेकर सार्क चौक तक एक पूरी नई सड़क बनाई गई है। इस जगह पहले घने जंगल थे। दिल्ली के रिज एरिया में अवैध रूप से पेड़ काटने के मामले को लेकर गंभीर केजरीवाल सरकार की फैक्ट फाइंडिंग कमिटी के सदस्य एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को स्थलीय दौरा करने के बाद यह ब्यान जारी किया। दिल्ली सरकार से मिली जानकारी के अनुसार बता दें कि केजरीवाल सरकार की तीन मंत्रियों की फैक्ट फाइंडिंग कमेटी ने मंगलवार को छतरपुर के रिज क्षेत्र का दौरा कर एलजी के आदेश पर अवैध रूप से काटे गए 1100 पेड़ों का मौका मुआयना किया। कमेटी के सदस्य सौरभ भारद्वाज, आतिशी और इमरान हुसैन ने सतबडी फॉरेस्ट एरिया के बीच से होकर सार्क चौक तक सड़क बनाने के लिए बिना अनुमति काटे गए पेड़ों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने इस एरिया में सभी काम पर रोक लगा दी है। इसके बावजूद यहां बुल्डोजर से काम चल रहा है। क्योंकि कितने पेड़ काटे गए हैं, इसका फैसला इन जड़ों और तनों को देखकर होगा। इसलिए डीडीए इन्हें पूरी तरह से उखाड़ कर यहां मिट्टी की लेयर डलवाने की साजिश कर रहा है।

कमेटी की सदस्य एवं कैबिनेट मंत्री आतिशी ने कहा कि फैक्ट फाइंडिंग कमेटी की जांच में पता चला है कि अफसर सच्चाई छिपाने के लिए न कागज दे रहे और न बैठकों में आ रहे हैं। इस बार दिल्ली ने हीटवेव का सामना किया और यहां प्रदूषण की भी समस्या है, इसके बावजूद रिज क्षेत्र में अवैध रूप से पेड़ काटे गए। आतिशी ने कहा कि कमेटी अपनी रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में रखेगी, हमें उम्मीद है कि अवैध रूप से पेड़ काटने की अनुमति देने वाले पर कड़ी कार्रवाई होगी।

कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने सुप्रीम कोर्ट की रोक के बावजूद वो लगातार यहां कार्य कर रहा है। इस सड़क के एक तरफ बड़े-बड़े करोड़पतियों के फार्महाउस हैं और दूसरी तरफ घने जंगल हैं। लेकिन सड़क चौड़ी करने के लिए फार्म हाउस की जमीन लेने के बजाय रिज एरिया से हजारों पेड़ काट दिए गए। जिस तरह केंद्र की भाजपा सरकार ने गरीब किसानों की जमीन लेकर यहां अमीरों के फार्महाउस बनाए, उसी तरह सड़कें चौड़ी करने के लिए फार्म हाउस की जमीनें वापस ली जा सकती थीं। लेकिन उनके फार्म हाउसों की जमीन को छेड़े बिना जंगल के 1100 पेड़ काट दिए गए।

सौरभ भारद्वाज ने कहा कि रिज एरिया के आस-पास रहने वाले लोग बताते हैं कि एलजी यहां कई बार आए हैं। वो यहां क्या करने आए थे, ये तो एलजी ही बता सकते हैं। जब एक बार आपको यहां आकर साफ दिख रहा है कि सड़क चौड़ी करने के लिए फार्महाउस की जमीनें ली जा सकती हैं, तो एलजी को यह बात क्यों समझ नहीं आई? पेड़ काटने से पहले सुप्रीम कोर्ट से इजाजत लेनी जरूरी थी, लेकिन फरवरी में डीडीए ने बिना अनुमति के पेड़ काट दिए। जब एक एनजीओ ने कोर्ट में इसकी शिकायत की, तब ये लोग सुप्रीम कोर्ट के पास यह कहकर इजाजत मांगने पहुंचे कि अभी पेड़ काटे जाने हैं और हमें इसके लिए कोर्ट की अनुमति चाहिए।

# अदालत ने ईडी की 7वीं अनुपूरक चार्जशीट पर संज्ञान लिया, केजरीवाल को किया तलब

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कथित आबकारी नीति 'घोटाले' से जुड़े धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दाखिल सातवें पूरक आरोपपत्र पर यहां की एक अदालत ने मंगलवार को संज्ञान लिया। संघीय जांच एजेंसी ने पूरक आरोपपत्र में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी का नाम लिया है। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने आरोपपत्र पर संज्ञान लिया और केजरीवाल को 12 जुलाई के लिए सम्मन जारी किया। धन शोधन निरोधक एजेंसी ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक 55 वर्षीय केजरीवाल को 21 मार्च को यहां उनके सरकारी आवास से गिरफ्तार किया था। इसमें आरोप लगाया गया है कि केजरीवाल आबकारी घोटाले के मुख्य षड्यंत्रकर्ता हैं तथा इसके लिए परोक्ष रूप से जिम्मेदार हैं।

### आप ने बड़ी साजिश का आरोप लगाया

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय सचिव पंकज गुप्ता ने मंगलवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार उनकी पार्टी के खिलाफ बड़ी साजिश रच रही है। उन्होंने कथित आबकारी नीति घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के एक पूरक आरोपपत्र के सिलसिले में यह बात कही, जिसमें 'आप' का नाम है। गुप्ता ने आरोप लगाया कि भाजपा किसी भी कीमत पर 'आप' को खत्म करना चाहती है जिसकी पंजाब और दिल्ली में सरकार है। दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में ईडी द्वारा दाखिल सातवें पूरक आरोपपत्र का संज्ञान लिया। ईडी ने पूरक आरोपपत्र में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और 'आप' का नाम लिया है।

### केजरीवाल को मुख्यमंत्री बने रहने का कोई अधिकार नहीं बचा : सचदेवा

**हरिभूमि, नई दिल्ली।** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को अपनी सरकार का नाम जब पहली बार शराब घोटाले में आया था तब ही नैतिक साहस दिखाकर इस्तीफा देना चाहिए था, लेकिन मंगलवार के अदालत के संज्ञान और समन के बाद उन्हें मुख्यमंत्री बने रहने का कोई अधिकार नहीं बचा है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने मंगलवार को यह बातें कही। उन्होंने कहा कि न्यायालय द्वारा प्रवर्तन निदेशालय द्वारा शराब घोटाले में दाखिल 7वीं पूरक चार्जशीट पर सीएम अरविंद केजरीवाल को समन किया जाना एक बहुत गंभीर मामला है।

## खबर संक्षेप

### बैट मारकर युवक की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**गुरुग्राम ।** बजघेड़ा थाना एरिया में शराब पीने के दौरान हुए झगड़े में बैट मारकर युवक की हत्या करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने वारदात को अंजाम देने में प्रयोग किया गया बैट आरोपी के कब्जा से बरामद किया है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची, वहीं पुलिस की सीन-ऑफ-क्राइम एफएसएल व फिंगरप्रिंट टीमों ने निरीक्षण किया।




### युवक की हत्या करने के मामले में आरोपी काबू

**गुरुग्राम ।** सेक्टर-37 एरिया में युवक की हत्या करने के मामले में सेक्टर-31 क्राइम ब्रांच ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। वारदात के दौरान व्यक्ति को गोलियों से भूनने के आरोपी पर युवक ने रॉड से हमला कर मौत के घाट उतार दिया था। पुलिस ने हत्या के दो अलग-अलग केस दर्ज कर लिए। पुलिस को सूचना मिली कि गांव खांडसा में साबुन फैक्ट्री के सामने एक व्यक्ति को गोली मार दी गई है।



### साइबर ठगी में संलिप्त बैंक कर्मी सहित दो काबू

**गुरुग्राम ।** साइबर क्राइम पुलिस ने साइबर ठगी में संलिप्त बैंक कर्मी सहित दो को पंजाब से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी स्टॉक मार्केट में निवेश के नाम पर ठगी करने के मामले में साइबर ठगों को बैंक खाता उपलब्ध कराते थे। दो दिन की रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही पुलिस अब तक साइबर ठगी के मामलों में 16 बैंक कर्मचारियों को गिरफ्तार कर चुकी है।



### दो अलग-अलग मुकदमों में 3 को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** वाहन चोरी पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के आदेशानुसार गठित की गई एंटी व्हीकल थेफ्ट स्क्वॉड ने पुलिस उपायुक्त अपराध हेमेन्द्र कुमार मीणा के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा एवीटीएस की टीम ने चोरी के दो अलग-अलग मुकदमों में दो को गिरफ्तार किया है।आरोपियों में बिलाल मुबीन तथा साकिर का नाम शामिल है।




### सीटेट में दूसरी की जगह परीक्षा दे रहा था,काबू

**फरीदाबाद।** सीटेट की परीक्षा में दूसरे की जगह परीक्षा दे रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अजय शर्मा व मोना सुनेजा ने बताया कि मॉडर्न स्कूल में 7 जुलाई को सीटेट की परीक्षा का सेंटर था, जिसमें वह ड्यूटी पर थे। लिस्ट के अनुसार अखलाक नामक युवक को भी परीक्षा देनी थी। उनके पास सीटेट परीक्षा कराने वाले मुख्यालय से सूचना आई कि अखलाक की बायोमीट्रिक पंचिंग में गड़बड़ी है।




### देसी कट्टा व जिंदा रोंद सहित आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर-56 की टीम ने देसी कट्टा व जिंदा रोंद सहिता आरोपी को गिरफ्तार किया है।आरोपी शोभित बिहार के मधुबनी का रहने वाला है जो फिलहाल फरीदाबाद में संजय कॉलोनी में रह रहा था। आरोपी को अपराध शाखा टीम ने बल्लभगढ़ एरिया में दशहरा ग्राउंड से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से देसी कट्टा व जिंदा रोंद बरामद हुए है।



---

### दमकल की 30 गाड़ियों ने लगाए 300 से अधिक फेरे

# मेडिकल स्टोर में लगी आग 12 घंटे बाद काबू, बिल्डिंग में भी आईं दरारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

> आग मेडिकल स्टोर की दूसरी मंजिल से लगनी शुरू हुई जो धीरे-धीरे फैलते हुए बेसमेंट तक पहुंच गई। सूचना मिलते ही सुबह 5 बजे से ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने की मशक्कत में जुट गई। लेकिन ज्वलनशील पदार्थ होने के कारण आग बुझने की बजाय विकराल रूप लेती रही।

न्यू रेलवे रोड पर मेडिकल स्टोर एवं गोदाम में भीषण आग लग गई। आग मेडिकल स्टोर की दूसरी मंजिल से लगनी शुरू हुई जो धीरे-धीरे फैलते हुए बेसमेंट तक पहुंच गई। सूचना मिलते ही सुबह 5 बजे से ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने की मशक्कत में जुट गई। लेकिन ज्वलनशील पदार्थ होने के कारण आग बुझने की बजाय विकराल रूप लेती रही। स्थिति बिगड़ती देख दमकल कर्मियों ने इसकी सूचना आला अधिकारियों को दी जिसके बाद भीम नगर सहित, सेक्टर-29, सेक्टर-37, मानेसर, सोहना की दमकल गाड़ियों के साथ-साथ मारुति, डीएलएफ की दमकल गाड़ियों को मौके पर बुलाया गया और आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू कर दिए।

**खास बातें**

- एयरफोर्स स्टेशन से भी मंगवानी पड़ी दमकल की गाड़ियां
- आग के कारण ट्रैफिक पुलिस ने बंद किया न्यू रेलवे रोड, पूरे शहर में लगा जाम

### पुराने गुरुग्राम की अन्य सड़कों पर लग गया जाम



करीब 5 घंटे बाद भी जब आग पर काबू नहीं पाया जा सका तो डीएलएफ की हाइड्रोलिक प्लेटफार्म गाड़ी को मौके पर बुलाया और उंचाई पर पहुंचकर आग बुझाने के प्रयास शुरू किए। करीब 12 घंटे बीत जाने के बाद आग पर काबू पा लिया । आग लगने के कारण बिल्डिंग की दीवारों में दरारें आ गईं और एक हिस्सा टेढ़ा हो गया जिसके बाद प्रशासन भी सतर्क हो गया। घटना के कारण प्रशासन ने न्यू रेलवे रोड पर वाहनों की आवाजाही बंद कर दी ताकि राहत एवं बचाव कार्य में कोई दिक्कत न आए। ट्रैफिक पुलिस द्वारा किए गए रूट डायवर्जन के कारण पुराने गुरुग्राम की अन्य सड़कों पर जाम लग गया जिसे खुलवाने में ट्रैफिक पुलिस मशक्कत करती नजर आई। दमकल अधिकारी रामेश्वर सिंह के मुताबिक, जब टीम यहां पहुंची और संजय डंग को मौके पर बुलाया गया तो मेडिकल स्टोर की दूसरी मंजिल पर आग लगी हुई थी।

**ज्वलनशील पदार्थ के कारण आग बुझाने में परेशानी**

अधिकारियों ने बताया कि यहां गोदाम में सैनेटाइजर सहित अन्य ज्वलनशील पदार्थ रखे होने के कारण आग पर काबू पाने में मुश्किल आई। यहां जब टीम अंदर जाने का प्रयास कर रही थी तो कई छोटे-छोटे ब्लास्ट हुए जिसके कारण आग बुझाने में परेशानी हुई। अधिकारियों ने बताया कि यहां करीब 30 गाड़ियों को मौके पर बुलाया गया जिन्हें 300 से भी अधिक बार रीफिल करके मौके पर लाया गया ताकि आग पर काबू पाया जा सके। शाम करीब साढ़े तीन बजे साथ की बिल्डिंग की छत पर पहुंचकर टीम ने दीवार का एक हिस्सा तोड़कर आग पर काबू पाने का प्रयास किया।

---

### एंटी करप्शन ब्यूरो ने शिकायत पर की कार्रवाई

# 3 लाख रुपए रिश्वत लेते आयकर अफसर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने तीन लाख रुपए की रिश्वत लेते दलाल सुरेंद्र सिंह सहित आयकर अधिकारी को उसके कार्यालय से गिरफ्तार किया है। आरोपी जीएसटी की आईटीआर में गड़बड़ी का डर दिखा कर उद्यमी से सात लाख रुपये की रिश्वत मांग कर रहे थे।

पलवल निवासी उद्यमी तरुण अरोड़ा ने बताया कि एनआईटी.4 नंबर स्थित आयकर कार्यालय में तैनात आयकर अधिकारी आकाश कुमार मीणा कई दिनों से उन्हें जीएसटी की आईटीआर में गड़बड़ी की धमकी देकर पैसों की मांग रहा था। इसमें उसके साथ सुरेंद्र नामक दलाल भी शामिल है, जो पैसों का लेनदेन संभालता था। पिछले दिनों दलाल सुरेंद्र ने उन्हें फोन कर बताया कि कंपनी के जीएसटी की इनकम टैक्स रिर्टन समय से नहीं भरी जा रही है। उस पर करीब 70 लाख रुपए बकाया है। साथ ही कहा कि एक फाइल उनके पास जांच के लिए पहुंची है, जिसमें गड़बड़ी लग रही है। इस दौरान वकील को साथ में न लाने को कहा। अगले दिन वह आयकर कार्यालय पहुंचे। वहां सुरेन्द्र नामक व्यक्ति मिला। उसने आयकर अधिकारी आकाश कुमार मीणा से मिलवाया।

### 7 लाख रु. से मामला सेटल का किया था वादा

आकाश ने कहा कि फाइल ऑफलाइन है, ऐसे में 7 लाख रुपए देकर मामला सेटल किया जा सकता है। ऐसा न करने पर उसे पूरे 70 लाख रुपए देने के लिए धमकाया। वह इस पर राजी हो गए और एडवांस में 3 लाख रुपए देने की बात तय हुई। वहीं दूसरी तरफ उद्यमी ने इसकी सूचना एसीबी टीम को दे दी। सूचना के आधार पर रेड के लिए टीम गठित की गई। जिसमें जांच अधिकारी इंस्पेक्टर भगत सिंह, एचएसवीपी के कार्यकारी अभियंता अश्विनी गौड शामिल रहे। सुरेंद्र ने उद्यमी तरुण को कार्यालय के बाहर पैसे लेकर आने के लिए कहा। तरुण ने जैसे ही पैसे दलाल सुरेंद्र को दिए। सुरेंद्र ने तुरंत इसकी जानकारी आयकर अधिकारी आकाश कुमार मीणा को दे दी और कहा कि पैसे मिल गए हैं। एसीबी की टीम ने सुरेंद्र को पैसे लेते गिरफ्तार कर लिया। साथ ही आकाश को उसके 4 नंबर स्थित कार्यालय से गिरफ्तार कर लिया।

---

### स्कूल वैन पर यूनिक आईडी व चालक की पुलिस वेरिफिकेशन अनिवार्य

# स्कूल सुरक्षित वाहन पॉलिसी के तहत 66 इको वैन और कैब चालकों के काटे चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

शहर के स्कूलों में छात्रों की सुरक्षा को मद्देनजर यातायात पुलिस द्वारा छात्रों को लाने और ले जाने वाली वैन और कैब को चैक किया गया एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 66 वेन चालकों के चालान किए गए। इसमें प्रत्येक चालान की राशि दस हजार से अधिक है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि डीसीपी ट्रैफिक उषा के मार्गदर्शन में छात्रों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ट्रैफिक पुलिस द्वारा अब स्कूली बसों के साथ-साथ इको वैन और कैब को भी चेक किया जा रहा है और उल्लंघन पाए जाने पर चालान किए जा रहे हैं। पुलिस द्वारा समय-समय पर जागरूकता अभियान भी चलाए जाते हैं ताकि नागरिकों को यातायात नियमों की पालना के प्रति जागरुक किया जा सके तथा सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। इसके साथ ही डीसीपी ट्रैफिक डीईओ से वार्तालाप करके सभी स्कूलों से रिकॉर्ड प्राप्त किया जा रहे हैं कि उनके स्कूल में कितनी कैब लगी हुई है और आरटीए से इन स्कूल वैन का रिकॉर्ड निकलवाया जा रहा है। आने वाले समय में इन स्कूली वैन पर यूनिक आईडी नंबर लगवाना और वेन चालक का पुलिस वेरिफिकेशन अनिवार्य होगा ताकि वाहन को ट्रैक करना आसान हो सके और सड़क दुर्घटना की संभावना को कम किया जा सके। यातायात पुलिस द्वारा यह कदम छात्रों की सुरक्षा के हित में उठाए गए हैं ताकि वह किसी सड़क दुर्घटना का शिकार न हों। यातायात पुलिस द्वारा नागरिकों की सुरक्षा के हित में इस प्रकार के प्रयास लगातार जारी रहेंगे।




---

### धार्मिक स्थलों पर जाने से मिलती है मन की शांति

# लखन सिंगला ने श्रद्धालुओं से भरी बस को वृंदावन के लिए किया रवाना



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लखन कुमार सिंगला ने कहा है कि धार्मिक स्थलों पर जाने से मनुष्य को मन की शांति मिलती है और जब मन शांत होता है तो अच्छे विचारों का आगमन होता है इसलिए हम सभी को अपनी भागदौड़ भरी जिंदगी में परमात्मा की अराधना के लिए भी अवश्य समय निकालना चाहिए। सिंगला सेक्टर-7-10 मार्किट से निशुल्क वृंदावन श्री बांके बिहारी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं से भरी बस को रवाना करने से पूर्व यह बातें कही। इस दौरान उन्होंने बस को झंडी दिखाकर रवाना किया और श्रद्धालुओं की सुखद यात्रा की कामना की। बस में मौजूद सभी श्रद्धालुओं ने श्री बांके बिहारी लाल की जयघोष के नारे लगाकर वृंदावन के लिए प्रस्थान किया। लखन सिंगला ने कहा कि वह समय-समय पर लोगों को अलग-अलग धार्मिक जगहों पर बसों के द्वारा भ्रमण करवाते है, इस कार्य से उन्हें काफी शांति मिलती है। श्रद्धालुओं के साथ उनकी टीम के सदस्य जाते हैं।

---

# इंदिरापुरम में चला जीडीए का बुलडोजर, कई निर्माण ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण का बुलडोजर इन्दिरापुरम में चला। प्रवर्तन टीम ने न्यायखंड, अभयखंड, नीतिखंड, विंडसर मार्केट वैभवखंड में भी अतिक्रमण हटाया। जिसमें लगभग 200 अस्थाई दुकानों को पुलिस बल की मदद से एवं जेसीबी की मदद से अतिक्रमण को हटाया गया एवं ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई।

जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने निर्देशित किया है कि अभियन्त्रण अनुभाग यह सुनिश्चित कर ले कि योजनान्तर्गत प्राधिकरण की ऐसी भूमि जिसपर अवैध अतिक्रमण है, को सघन अभियान चलाकर मुक्त करते हुए नियोजित कर विक्रय किया जाये। योजना में साफ-सफाई एवं नाले, नाली सीवर डैनेज आदि की निरन्तर सफाई भी नियमित तरीके से कराते हुए यह सुनिश्चित कर लिया जाये कि योजना में किसी भी परिस्थिति में मानसून काल के दृष्टिगत योजना में जल-भराव जैसी समस्या उत्पन्न न होने पाए।



---

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद नरवाना | नरवाना, जीन्द, हरियाणा में बाबा गैबी साहिब तालाब का विकास/ पुनरोद्धार/कायाकल्प। | 05.07.2024 15.07.2024 | 475.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 99923900006 eomcnarwana@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/27627/I/88/7 दि. 09.07.24

---

### 60लाख रुपए का गांजा बरामद

# ओडिशा से गांजा लेकर एनसीआर में तस्करी करने वाला गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

क्राइम ब्रान्च पुलिस ने ओडिशा से एनसीआर क्षेत्र में गांजे की तस्करी, बिक्री करने वाले एक शातिर अन्तरराज्यीय गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से करीब 60 लाख रुपए की कीमत का 120 किलोग्राम नाजायज गांजा व तस्करी में प्रयुक्त कैंटर गाड़ी बरामद किया है।

एडीसीपी क्राइम सच्चिदाननद ने बताया कि तस्कर का नाम संतोष है। उसे मुरादनगर इलाके से उस समय गिरफ्तार गया जब वह ओडिशा राज्य से कैंटर वाहन मे गांजा छिपाकर दिल्ली, हरियाणा व पश्चिमी यूपी में सप्लाई करने के लिए तस्करी कर ला रहा था। जिसके कब्जे से कुल 120 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ जिसकी अन्तरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 60 लाख है।

संतोष ने पुलिस को बताया कि उसकी पारिवारिक स्थिति बहुत खराब थी तथा उसका छोटा भाई गूंगा व बहरा है इसीलिए वह बडी गाड़ी की ड्राइवरी कर घर चलाता था। इस बीच अनोज निवासी नगला हरिसिंह पोस्ट मोजपुर शहजादपुर जनपद-मैनपुरी के संपर्क में आया, जो ओडिशा राज्य से गांजा तस्करी करने व करवाने का काम करता है। अनोज ने संतोष को बताया कि ओडिशा से गांजे की तस्करी करने में काफी फायदा होता है तो वह अनोज के साथ मिलकर ओडिशा से गांजा तस्करी का काम करने लगा ।

गांजा तस्करी के लिए पैसे व गाड़ी अनोज उपलब्ध कराता था । ओडिशा से गांजे की तस्करी कर लाने पर उसे अनोज से प्रत्येक चक्कर के 40 से 50 हजार रुपए मिलते थे।

संतोष ने बताया कि वर्ष 2021 मे वह ओडिशाा से लाकर गांजा तस्करी में जनपद मैनपुरी से जेल जा चुका है। जेल से छूटने के बाद दोबारा अपना गिरोह बनाकर गांजा तस्करी करने लगा। जिसमें वर्ष 2022 मे गैगस्टर मे जेल गया । जेल में करीब 9 माह रहने के बाद जमानत पर बाहर आकर फिर से तस्करी अपराध में संलिप्त होकर मादक पदार्थो की तस्करी करने लगा और मांग के अनुसार सप्लाई करने लगा ।

---

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज झज्जर | 106.38 - गांव भापड़ोदा, ब्लॉक बहादुरगढ़ में मेन चारड़ा रोड से खरहर रोड (बुनोती तालाब के ऊपर) तक फिरनी का निर्माण। | 05.07.2024 15.07.2024 | 89.39 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प करनाल | कैथल में राजौंद में राजकीय आईटीआई में सीसीटीवी कैमरे का प्रावधान + 4 कार्य। | 05.07.2024 11.07.2024 | 62.10 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.i |
| 3 | पंचायती राज कैथल | हबरी, उप स्वास्थ्य केन्द्र (हबरी) का निर्माण। | 05.07.2024 11.07.2024 | 46.83 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज रोहतक | रास्ता 6 - एमकेकेकेवाई स्कीम के तहत गांव भैणी चन्द्रपाल में मुरबा नं. 7, किला नं. 11 से मुरबा नं. 77 किला नं. 20 तक खेत रास्ता का निर्माण + 18 कार्य। | 05.07.2024 15.07.2024 | 731.37 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1262254150 prexeeng.roh@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज महम, रोहतक | 22/02 गांव बेडवा (जैडपी) में पुस्तकालय का रखरखाव (जीपी)। | 05.07.2024 12.07.2024 | 2.03 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9215555586 sdoprmeham@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज कुरुक्षेत्र | सुनहेरी खालसा 12.20 - ब्लॉक थानेसर, जिला कुरुक्षेत्र में अम्बेडकर भवन को पूरा करना + 13 कार्य। | 08.07.2024 15.07.2024 | 103.65 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज बाढड़ा, चरखी दादरी | गांव हुई में कुए के निकट चौक में शैड का निर्माण कार्य + 4 कार्य। | 05.07.2024 12.07.2024 | 47.92 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416927275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 8 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, हिसार | 37400/आर मोडाखेड़ा माइनर और 10600/टी तेलांवाली सब माइनर और आउटलेट आरडी 6000/एल पर वाटरकोर्स की भूमिगत पाइप लाइन बिछाना/लाइनिंग का विस्तार + 5 कार्य। | 08.07.2024 15.07.2024 | 134.08 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662230030 xenawsdnhsr@gmail.com |
| 9 | लोनिवि भ व प सिरसा | हैड-5054 (डब्ल्यू.पी. 2024-25) (ग्रुप-3) (जीएसटी के बिना) के तहत रानियां निर्वाचन क्षेत्र में सिरसा जिले में 4 अदद रोड को चौड़ा करना/मजबूतीकरण, आईपीबी/पीसी के प्रावधान द्वारा विशेष मरम्मत हेतु डीएनआईटी अर्थात 1. एचएसएएमबी से हस्तांतरित बनी से सुरेवाला कि.मी. 0 से 5.36 (रोड आईडी : 2535) तक रोड को चौड़ा करना/मजबूतीकरण/आईपीबी, 2. जीवन नगर करीवाला रोड से ढाणी हरिपुरा कि.मी. 0 से 0.04 और 0.40 से 0.85 (रोड आईडी : 5950) तक रोड को चौड़ा करना और मजबूतीकरण/आईपीबी का प्रावधान, 3. जीवन नगर करीवाला से हरनी खुर्द कि.मी. 0 से 5.04 (रोड आईडी : 5927) तक रोड पर चौड़ा करना/ मजबूतीकरण/आईपीबी का प्रावधान, 4. जीवन नगर करीवाला से मिर्जापुर थेर कि.मी. 0 से 1.65 (रोड आईडी : 5951) पर मजबूतीकरण का प्रावधान। | 08.07.2024 18.07.2024 | 444.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01666-222959 pwd-eepd2-sirsa@hry.nic.in |
| 10 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में सेक्टर-1 और 4, हुडा से महाबीर कॉलोनी तक हिसार मेजर डिस्ट्रीब्यूटरी के साथ-साथ नये रोड का निर्माण (सी.एम. घोषणा सं. 13692) कि.मी. 1.850 कि.मी.। | बंद होने की तिथि 15.07.2024 | 156.75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466446125 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 11 | पंचायती राज कुरुक्षेत्र | नई बस्ती नलवी 867580.85 - गांव नई बस्ती नलवी ब्लॉक शाहाबाद में सैनी धर्मशाला सह हॉल का निर्माण स्कीम वीएएनजीवाई + 11 कार्य। | 09.08.2024 16.07.2024 | 72.11 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 12 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार नूह | स्टेशनरी मद-II की खरीद हेतु निविदा। | बंद होने की तिथि 17.07.2024 | 10000/- | https://etenders.hry.nic.in | 01267-282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 13 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार नूह | स्टेशनरी मदें-I की खरीद हेतु निविदा। | बंद होने की तिथि 17.07.2024 | 10000/- | https://etenders.hry.nic.in | 01267-282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 14 | लोनिवि भ व प हिसार | एनएच-52 (पुराना एनएच-65) कि.मी. 158.150 से 162.540 की फोर लेनिंग (हिसार जिले में बरवाला कस्बे में एनएच का आंतरिक भाग) (स्ट्रीट लाइट्स का प्रावधान केवल) (बकाया कार्य) + 1 कार्य। | 08.07.2024 15.07.2024 | 5.03 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 15 | स्वास्थ्य विभाग हरियाणा अम्बाला | अनुमोदन की तिथि से एक वर्ष और जो अगली निविदाओं के अन्तिम निर्णय तक बढ़ाई जा सकती है, हेतु अम्बाला जिले में स्थित हरियाणा सरकार स्वास्थ्य संस्थानों के लिए एंटी ट्यूबरक्यूलर औषधियों की खरीद हेतु ई-निविदा। | 13.07.2024 27.07.2024 | ईएमडी 50000/- | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2557473 dhs.csamb@hry.nic.in |
| 16 | पंचायती राज रोहतक | रास्ता 7 - गांव सिंघपुरा कलां, ब्लॉक रोहतक में डिग्गी से काहनौर डिस्ट्रीब्यूटरी तक आईपीबी रास्ता का निर्माण + 15 कार्य। | 08.07.2024 19.07.2024 | 784.27 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1262254150 prexeeng.roh@hry.nic.in |
| 17 | पंचायती राज अम्बाला | गांव नागला जाट्टान, ब्लॉक साहा में फिरनी से शमशान घाट तक आई/एल टाइल्स रास्ता का निर्माण। | 08.07.2024 15.07.2024 | 23.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 18 | पंचायती राज अम्बाला | गांव बदिंगा (जी.पी कुर्बानपुर) में कब्रिस्तान की चारदिवारी, शमशान घाट की चारदिवारी का निर्माण, गांव कुर्बानपुर में शमशान घाट की चारदिवारी का निर्माण, गांव भारी में शमशान घाट की चारदिवारी का निर्माण, गांव अमीपुर में शमशान घाट की चारदिवारी का निर्माण, गांव सखराओं, ब्लॉक अम्बाला-1 में कब्रिस्तान की चारदिवारी का निर्माण + 6 कार्य। | 08.07.2024 15.07.2024 | 141.51 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 19 | पंचायती राज सोनीपत | गांव संदल कलां निवादा, ब्लॉक सोनीपत में बाल्मिकी चौपाल का निर्माण + 9 कार्य। | बंद होने की तिथि 15.07.2024 | 70.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2025/380/27647/I/88/7 दि. 09.07.24

**खबर संक्षेप**

### जेडीयू में पूर्व आईएएस मनीष वर्मा शामिल



**पटना।** नीतीश कुमार की जेडीयू में पूर्व आईएएस अधिकारी मनीष वर्मा की एंट्री हो गई। जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, मंत्री विजय चौधरी, पार्टी प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा की मौजूदगी उन्होंने जेडीयू की सदस्यता ग्रहण की। जेडीयू में शामिल होने के बाद मनीष वर्मा ने कहा कि सीएम नीतीश कुमार बिहार को अंधकार से निकालकर प्रकाश में लाए हैं।

### संपत्ति बंटबारे के चलते पोता बना हत्यारा



**पटना।** दालान में सो रहे वृद्ध दादा की पोते ने गोली मारकर हत्या कर दी। यह घटना पटना के अगरिया टोला में घटी है। मरने वाले बुजुर्ग का नाम सरबी यादव है। पुलिस ने आरोपित पोता नीरज यादव को गिरफ्तार कर लिया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हत्या का कारण संपत्ति बंटवारे का विवाद बताया जा रहा है। 71 वर्षीय वृद्ध सरबी यादव की बदमाशों ने उनके सिर में चार गोली मार दी।

### आजम खान के हमसफर रिजॉर्ट पर चला बुलडोजर

**रामपुर।** रामपुर जिले में जेल में बंद समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान के हमसफर रिजॉर्ट पर बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया गया। प्रशासनिक टीम ने फोर्स के साथ तीन बुलडोजर की मदद से कार्रवाई की। सरकारी रिकॉर्ड में रिजॉर्ट आजम खान की पत्नी डॉ. तंजीन फातिमा और बेटे अब्दुल्ला के नाम है। जांच में खुलासा हुआ था कि रिजॉर्ट ग्राम समाज की जमीन पर बनाया गया था।



## बड़े राज्यों की तुलना में आधे से भी कम कीमत में नल कनेक्शन

# सबसे किफायती खर्च में पहुंचा योगी के यूपी में घर-घर नल से जल, यह दूसरे राज्यों के लिए बना मॉडल

योगी सरकार महज 59 हजार रुपए में हर परिवार तक नल से जल पहुंचा रही। जल जीवन मिशन में अन्य राज्यों के लिए 'यूपी मॉडल' मॉडल बन गया है। कई अन्य बड़े राज्यों की तुलना में आधे से भी कम कीमत में कनेक्शन मिला है।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

हर घर तक नल कनेक्शन पहुंचाने में यूपी की योगी सरकार अन्य बड़े राज्यों पर भारी पड़ी। यही नहीं, हर घर नल और नल से जल पहुंचाने में एक तरफ जहां यूपी सबसे पहले पायदान पर है, तो वहीं हर घर तक नल कनेक्शन पहुंचाने में यूपी का खर्च अन्य कई बड़ों राज्यों की अपेक्षा सबसे किफायती है। हर घर नल, नल से जल के वितरण में छाया डबल इंजन सरकार का यूपी मॉडल अन्य विशेष राज्यों की तुलना में सर्वश्रेष्ठ है। डबल इंजन सरकार की नीतियों की बदौलत प्रत्येक परिवार तक नल कनेक्शन पहुंचाने में लगभग 59 हजार रुपए लगे, जबकि अन्य राज्यों में कम कनेक्शन पर भी खर्च होने वाली राशि यूपी से बहुत अधिक रही।



### सोलर की वजह से मेंटेनेंस कास्ट कम आई

यूपी ने सबसे किफायती खर्च में आमजन तक नल कनेक्शन पहुंचाया। इसके पीछे एक तरफ योगी सरकार की पारदर्शी नीतियां कारगर रही हैं, तो दूसरी तरफ यहां की भौगोलिक स्थिति भी बड़ा कारण रही। वहीं, उत्तर प्रदेश में 80 फीसदी से अधिक सोलर बेस्ड योजनाएं होने से भी यह काफी कारगर रहीं। सोलर की वजह से मेंटेनेंस कास्ट कम आई।

**प्रत्येक परिवार तक नल कनेक्शन पहुंचाने में 59 हजार खर्च**

### भविष्य में भी सबसे सस्ता पानी सप्लाई का रोडमैप तैयार

उत्तर प्रदेश में निकट भविष्य में सबसे सस्ते पानी की आपूर्ति के लिए और तेजी से तैयार चल रही है। इसके पीछे सबसे बड़ा कारण है कि यहां लगभग 80 फीसदी योजनाएं सोलर पर निर्भर हैं। इससे बिजली का खर्च कमतर होता जाएगा। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल और जल पहुंचाने के लिए लगभग 32930 योजनाएं सोलर बेस्ड चल रहीं। शेष 40591 योजनाओं को बिजली से चलाया जा रहा। सोलर बेस्ड परियोजना से 2,23,66,237 परिवारों तक शुद्ध पेयजल का आपूर्ति हो रही है, जबकि बिजली से अभी 36,65,080 परिवारों को जल मुहैया कराया जा रहा है।

### इस वर्ष विंध्य-बुंदेलखंड में नहीं हुई पानी की किल्लत

विंध्य और बुंदेलखंड में पानी पहुंचाना योगी सरकार की प्राथमिकता में रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की संजीदगी का ही असर रहा कि विंध्य-बुंदेलखंड में लगभग 98 फीसदी इलाकों में नल कनेक्शन के साथ हर घर जल पहुंच गया। आजादी के बाद गुजरा वर्ष विंध्य-बुंदेलखंड के लिए 2024 ऐतिहासिक रहा। गर्मियों में पीने के पानी के लिए त्राहिमाम करने वाले विंध्य-बुंदेलखंड में इस गर्मी में कहीं भी पानी की किल्लत नहीं रही। पीने के पानी को लेकर न प्रदर्शन दिखा और न ही टैंकरों का जमावड़ा लगा। इसका कारण जल जीवन मिशन के तहत इस क्षेत्र के गांवों में पानी की समुचित जलापूर्ति हुई। चुनावी साल होने के बावजूद पानी कोई मुद्दा नहीं रहा।

## केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री डॉ. राजभूषण चौधरी ने किया ऐलान

# बिहार में भारत-नेपाल सीमा पर बाढ़ नियंत्रण के लिए कराया जाएगा हाई डैम का निर्माण

एजेंसी ▶▶ पटना

केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय में राज्य मंत्री डा. राज भूषण चौधरी ने कहा कि बिहार समेत अन्य प्रदेशों में बाढ़ की समस्याओं को दूर करने के लिए एक विशेष कार्य योजना तैयार की जा रही है। चौधरी ने भाजपा द्वारा आयोजित एक अभिनंदन समारोह के अवसर पर मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि बिहार में बाढ़ से बचाव और बाढ़ को नियंत्रित करने के लिए भारत-नेपाल सीमा पर एक हाई डैम का निमार्ण कराया जाएगा। इसके लिए इंजीनियरों का एक दल तकनीकी रूप से अध्ययन कर रहा है। उन्होंने बताया कि जल शक्ति मंत्रालय द्वारा देश मे ग्राउंड वाटर को बढ़ाने, बाढ़ कन्ट्रोल, नदियों को जोड़ने और नमामि गंगे जैसे महत्वपूर्ण योजनाओं पर तेजी से कार्य किए जा रहे हैं।

केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय में राज्य मंत्री डॉ. राजभूषण चौधरी ने बाढ़ को रोकने के लिए उपाय सुझाया है। उन्होंने कहा कि बिहार में भारत-नेपाल सीमा पर बाढ़ को रोकने के लिए हाई डैम का निर्माण होगा।

**खास बातें**

- इंजीनियरों का एक दल तकनीकी रूप से अध्ययन कर रहा है
- राज्यों के बीच जल विवाद को निपटाने के लिए भी मंत्रालय गंभीर



### गंडक की लहरों में फंसे 100 से ज्यादा परिवार, बागमती का सुरक्षा बांध टूटा, दहशत में ग्रामीण

**मुजफ्फरपुर।** नेपाल के जल अधिग्रहण क्षेत्र में हो रही लगातार बारिश से जिले से गुजरने वाली गंडक और बागमती नदी उफान पर है। इन नदियों का पानी साहेबगंज,औराई, कटरा व पारू प्रखंड के कई गांवों में प्रवेश कर गया है। साहेबगंज की बंगरा निजामत व वासदेवपुर सराय पंचायत के निचले इलाके में पानी फैल गया है। वासदेवपुर सराय के देवसर बांध पर रह रहे सौ के अधिक बिंद परिवार के लोग गंडक के पानी से चौतरफा घिर गए हैं। उधर, गायघाट के रामपट्टी में बागमती नदी का सुरक्षा बांध सोमवार को दो बजे के करीब 20 फीट में टूट गया। फिलहाल पानी चौर में भर रहा है लेकिन पानी बढ़ने पर गांव तक पहुंचने की आशंका से लोग सशंकित हैं। साथ ही पारू की चक्की सोहागपुर पंचायत से सारण जिले के परशुरामपुर गांव तक की सड़क पर दो फीट पानी चढ़ने से वाहनों की आवाजाही ठप हो गई है।

## सीएम हेमंत सोरेन कैबिनेट का फैसला

# विस्थापित लोगों का किया जाएगा सर्वे, विस्थापन आयोग गठित होगा



एजेंसी ▶▶ रांची

हेमंत सोरेन ने कैबिनेट की बैठक की। बैठक में सरकार ने विस्थापन आयोग गठन करने का निर्णय लिया है। यह जानकारी मुख्यमंत्री ने बैठक के बाद मीडियाकर्मियों को दी। उन्होंने कहा है कि राज्य में विस्थापितों के लिए अभी तक कोई नीति नहीं थी।

इसे देखते हुए आयोग बनाने का निर्णय लिया गया है। सभी विस्थापित लोगों का आर्थिक और सामाजिक सर्वेक्षण भी किया जाएगा। हेमंत ने कहा, राज्य में अब तक कितने लोग विस्थापित हुए। विशेषकर खनन से यहां के लोगों ने क्या खोया और क्या पाया इसका मसौदा भी तैयार किया जाएगा। सरकार जल्द ही इसे लेकर एक नीति बनाएगी।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के लोग, जिन्हें खेत-घर छोड़ना पड़ता है, इसके लिए सरकार एक नीति बनाएगी और उस नीति के साथ सरकार काम करेगी। जो हमने कहा है, उसे धरातल पर उतारना भी हमारी जिम्मेदारी है। यह पहले ही हो जाना चाहिए था, लेकिन लोग आश्वस्त रहें, हम इसे प्राथमिकता के आधार पर पूरा करेंगे।

## पेज एक का शेष

### युद्ध के मैदान...

को रूस की दो दिवसीय यात्रा के तहत मॉस्को पहुंचे थे। इसके बाद उनकी ऑस्ट्रिया के लिए रवानगी होगी। वहां 10 जुलाई को ऑस्ट्रिया के राष्ट्रपति और चांसलर के साथ पीएम मोदी की द्विपक्षीय बैठक होगी।

**चार दशक से आतंकवाद के भुक्तभोगी:** वार्ता बैठक में भारत-रूस के शीर्ष नेताओं के बीच आतंकवाद के मामले पर भी चर्चा की गई। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं सभी प्रकार के आतंकवाद की निंदा करता हूं। भारत लगभग चार दशक से आतंकवाद की चुनौती का सामना कर रहा है। ये कितना भयानक होता है। उसका हम बीते 40 सालों से सामना कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने रूस में हालिए हुए आतंकी हमले का जिक्र करते हुए कहा कि जब दागिस्तान (रूस) में आतंकी घटनाएं हुईं। उनका दर्द कितना गहरा होगा, मैं उसकी कल्पना कर सकता हूं। रूस के राष्ट्रपति से पीएम ने कहा कि आने वाले वर्षों में हमारे संबंध और अधिक मजबूत होंगे।

### पीएम को मिला ...

अच्छे स्वास्थ्य और सफलता की कामना करता हूं। भारत के मैत्रीपूर्ण लोगों के लिए शांति और समृद्धि की कामना करता हूं। यहां बता दें कि इस सम्मान की घोषणा रूस द्वारा वर्ष 2019 में की गई थी। वहीं, पीएम मोदी की बात करें तो उन्हें अब तक दुनिया के 16 देश अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मानों से सम्मानित कर चुके हैं।

### छह एमओयू ...

इंडिया और रूसी फैडरेशन के बीच डाटा, जानकारी आदान-प्रदान के लिए एमओयू हुआ। साथ ही भारत के प्रसार भारती और रूस टुडे टीवी चैनल के बीच प्रसारण सहयोग के लिए एमओयू हुआ।

### ऊर्जा क्षेत्र में ...

निर्यात कर रहा है। पीएम ने कहा कि बीते पांच साल में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। इसमें पहले कोरोना और उसके बाद अनेक संघर्षों की वजह से समस्याएं बनी हुई हैं। उन्होंने ऊर्जा क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित कहा कि जब दुनिया में खाद्य पदार्थों, ईंधन और उर्वरकों की कमी थी तो हमने अपने किसानों को इस मामले में समस्या नहीं आने दी। इसमें रूस के साथ संबंधों ने अहम भूमिका निभाई थी।

### ऑस्ट्रिया में ...

में चिंता जाहिर करते हुए भारत से कहा था कि यूक्रेन विवाद के मसले पर रूस के साथ कोई साझा बयान यूएन के दायरे में जारी किया जाना चाहिए। रूस के बाद प्रधानमंत्री ऑस्ट्रिया जाएंगे। यहां उनकी ऑस्ट्रिया के शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व के साथ बातचीत होगी।

### राष्ट्रपति पुतिन ने...

को मरते हुए देखना दिल छलनी करने वाली और एक भयानक दर्द देने वाली घटना होती है। युवा पीढ़ी के उज्वल भविष्य के लिए शांति अति आवश्यक है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन समस्या का शांतिपूर्ण समाधान निकालने के लिए की जा रही मदद की कोशिश के लिए प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद कहा। साथ ही उन्होंने भारतीय प्रधानमंत्री को ब्रिक्स सम्मेलन में शामिल होने का न्योता दिया। उधर, दोनों राष्ट्रप्रमुखों के बीच हुई इस वार्ता में आतंकवाद और द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े हुए अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

### मोदी-पुतिन ...

नेता को ऐसे दिन मॉस्को में दुनिया के सबसे खूनी अपराधी को गले लगाते देखना एक बड़ी निराशा है। यह शांति प्रयासों के लिए एक विनाशकारी झटका है। यहां बता दें कि यूक्रेन के राष्ट्रपति का यह बयान पिछले महीने इटली में हुए जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हुई एक मुलाकात के बाद सामने आया है। जिसमें पीएम मोदी ने दोहराया था कि भारत बातचीत और कूटनीति के माध्यम से यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान को प्रोत्साहित करना और इसका समर्थन करने के लिए अपने साधनों के भीतर सब कुछ करना जारी रखेगा।

### भारत-यूएई के ...

जैसे मुद्दे भी इस वार्ता में शामिल हुए। भारत और यूएई के बीच इस वार्ता तंत्र की शुरुआत 2006 में हुई थी। इसके बाद से इसके 11 राउंड हो चुके थे। इस वर्ष बारहवां राउंड हुआ।

### सुप्रीम कोर्ट ने ...

से इनकार करने वाले फैसले की समीक्षा की मांग वाली याचिका पर सुनवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट में पांच न्यायाधीशों की पीठ ने समलैंगिक मामलों से जुड़ी 21 याचिकाओं पर सुनवाई की।

**विधायी मामलों में हस्तक्षेप नहीं कर सकते:** वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी और एनके कौल ने अदालत में इस मामले पर जोर डालते हुए अनुरोध किया था कि मुख्य न्यायाधीश को खुले मंच पर याचिकाओं की समीक्षा करनी चाहिए। इसके जवाब में मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि इस मामले में संविधान पीठ द्वारा समीक्षा की जाएगी और इसे चेंबर में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है। पीठ ने कहा कि समलैंगिकों के पास वैधानिक प्रावधानों के तहत विवाह करने का हक है। अदालत ने यह भी कहा कि इस तरह की अनुमति सिर्फ कानून के जरिए ही दी जा सकती है और कोर्ट द्वारा विधायी मामलों में हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता।

### सहमति से सेक्स...

वर्ष कर दिया गया था, जिसके बाद पोक्सो अधिनियम लागू हुआ और उसके बाद भारतीय दंड संहिता में संशोधन किया गया।

**अक्सर पुरुष साथी के खिलाफ चलाया जाता है मुकदमा :** सहमति से सेक्स संबंध बनाने वाली लड़कियों से जुड़े पोक्सो मामलों में जब मुकदमे की कार्यवाही शुरू होती है तो कई समस्याएं आती हैं जिन्हें न्यायपालिका के कई सदस्यों द्वारा चिन्हित भी किया गया है। क्योंकि, युवा लड़कियों द्वारा सहमति से बनाए गए रोमांटिक और यौन संबंधों के कारण अक्सर पुरुष साथी के खिलाफ मुकदमा चलाया जाता है। कई बार, जब तक मुकदमा शुरू होता है, तब तक दंपती शादीशुदा हो चुके होते हैं और उनके बच्चे भी हो चुके होते हैं, जिससे आगे और भी समस्याएं खड़ी हो जाती हैं। क्योंकि अगर उस को सजा दी जाती है तो इसका मतलब होगा कि महिला और बच्चे को खुद की देखभाल करने के लिए छोड़ दिया जाएगा। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने दिसंबर 2022 में कहा था कि अधिनियम के तहत सहमति की वर्तमान आयु ऐसे मामलों से निपटने वाले न्यायाधीशों के लिए कठिन प्रश्न खड़ी करती है, और इस मुद्दे को लेकर बढ़ती चिंता पर विधायिका को विचार करने की आवश्यकता है।

**मप्र सरकार ने 16 वर्ष करने का आग्रह किया था:** मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने पिछले वर्ष केंद्र सरकार से यौन संबंध के लिए सहमति की आयु को घटाकर 16 वर्ष करने का आग्रह किया था, ताकि सहमति से यौन संबंध बनाने वाले किशोरों के साथ हो रहे अन्याय का निवारण किया जा सके। हालांकि, पिछले वर्ष सितंबर में न्यायमूर्ति रितु राज अवस्थी की अध्यक्षता में 22वें विधि आयोग ने यह विचार व्यक्त किया था कि सहमति की मौजूदा आयु 18 वर्ष से छेड़छाड़ नहीं की जानी चाहिए।

# महोबा में भीषण सड़क हादसा, बाइकों की भिड़ंत में 4 जिंदा जले, 4 घायल

एजेंसी ▶▶ महोबा

यूपी के महोबा में तेज रफ्तार का कहर उस समय देखने को मिला जब तेज गति से बाइकें आपस में आमने सामने भिड़ गईं। बाइकों की रफ्तार इतनी तेज थी कि भिड़त के बाद बाइकों में आग लग गई। हादसे में मासूम सहित चार की जिंदा जलकर मौत हो गई जबकि महिलाओं सहित चार के गंभीर रूप से घायल होने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर जानकारी हासिल की।

कानपुर सागर राजमार्ग में श्रीनगर कस्बा के पास चितैयां के पास बाइकों की आमने सामने भिड़त हो गई। बाइकों की भिड़त इतनी जोरदार थी कि बाइकों के पेट्रोल टैंक फटने से बाइकें आग का गोला बन गई और देखते ही देखते धूं-धूंकर जलने लगी। आग की चपेट



में आने से बाइक सवार चार की जिंदा जलकर मौत हो गई। कुलपहाड़ कोतवाली के गांव मप्र के छतरपुर जिले के लवकुशनगर थाना के पीरा गांव निवासी दीपचंद्र का 22 वर्षीय पुत्र ललतेश अपने मामा कमलेश की बेटी की शादी में शामिल होने के लिए मप्र के छतरपुर जिले के मलहरा गांव जा रहा था। बाइक में उसकी बहन 20 वर्षीय केसर के साथ भांजा 6 वर्षीय देवेंद्र पुत्र प्रेमनारायण और 5 वर्षीय राज पुत्र अरविंद्र निवासीगण मुढारी कुलपहाड़ भी सवार थे।

## सीबीआई ने गया व नालंदा से पकड़ा

# पेपर लीक मामले में बिहार से दो और आरोपी गिरफ्तार



एजेंसी ▶▶ झारखंड

नीट यूजी पेपर लीक मामले में सीबीआई का एक्शन लगातार जारी है। मंगलवार को सीबीआई ने इस मामले में बिहार से दो और लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में पहला व्यक्ति सन्नी खुद एक अभ्यर्थी है। जबकि दूसरा रंजीत नाम का शख्स किसी अन्य परीक्षार्थी का पिता है। इन दोनों की गिरफ्तारी नालंदा और गया जिला से की गई है।

### झारखंड में मुख्य आरोपियों की तलाश कर रही सीबीआई

नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई संजीव मुखिया और रॉकी के साथ-साथ झारखंड में अन्य अभियुक्तों की खोज कर रही है। सीबीआई रॉकी और संजीव मुखिया की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है। बहुत से लोगों से पूछताछ की गई है, लेकिन रॉकी और संजीव मुखिया के ठिकाने का अबतक पता नहीं चल पाया है।

## उत्तर प्रदेश में रजिस्ट्रेशन फीस की शत प्रतिशत माफ, वाहन कंपनियों को बड़ी राहत

# यूपी में हाईब्रिड कारों पर योगी सरकार ने रोड टैक्स किया माफ, अब तीन लाख रुपए तक सस्ती मिलेंगी

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

इलेक्ट्रिक वाहनों के बाद यूपी सरकार ने हाईब्रिड वाहनों का रोड टैक्स शुल्क माफ कर दिया है। मारुति, होंडा सिटी सहित हाईब्रिड कार व अन्य वाहन कंपनियों को बड़ी राहत मिली है। ये कार खरीदने पर कम से कम डेढ़ से दो लाख रुपए की बचत होगी।

योगी आदित्यनाथ सरकार ने पांच जुलाई को एक सर्कुलर जारी कर प्रदेश में हाइब्रिड कारों और प्लग इन हाइब्रिड कारों पर रजिस्ट्रेशन फीस को शत प्रतिशत माफ कर दिया है, जो कि तत्काल प्रभाव से लागू भी हो गया है। परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह ने बताया कि प्रदेश में 10 लाख रुपए से कम कीमत वाले चार पहिया पर आठ प्रतिशत और 10 लाख रुपए और उससे ज्यादा कीमत वाली गाड़ियों पर 10 प्रतिशत रोड टैक्स लेती है।

यूपी सरकार ने पांच जुलाई को एक सर्कुलर जारी कर प्रदेश में हाइब्रिड कारों और प्लग इन हाइब्रिड कारों पर रजिस्ट्रेशन फीस को शत प्रतिशत माफ कर दिया है जो कि तत्काल प्रभाव से लागू भी हो गया है। योगी सरकार के इस फैसले से मारुति होंडा सिटी सहित हाईब्रिड कार व अन्य वाहन कंपनियों को बड़ी राहत मिली है।

**खास बातें**

- 10 लाख से कम कीमत वाले चार पहिया पर 8% व 10 लाख और उससे ज्यादा कीमत वाली गाड़ियों पर 10% रोड टैक्स लेती हैं।

### खरीदारों को होगा फायदा



इस कदम का सीधा फायदा हाइब्रिड निर्माता कंपनियों व कार खरीदारों को होगा। हाइब्रिड कारों में ग्रैंड विटारा और इनविक्टो है, हालांकि टोयोटा किर्लोस्कर के पास हाइराइडर और इनोवा हाईक्रास है, होंडा कार्स अपनी सिटी सेडान का हाइब्रिड वर्जन बेचती है।



# 'कल्कि 2898 एडी' देख हिल गया दिमाग...

**मुंबई।** 'कल्कि 2898 एडी'ने बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रखी है। फिल्म लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है। दर्शकों के बीच फिल्म को लेकर गजब का उत्साह बना हुआ है। 27 जून को सिनेमाघरों में फिल्म ने दस्तक दी थी। रिलीज के 12 दिन बाद भी फिल्म का क्रेज उसी तरह से बना हुआ है। बॉलीवुड से लेकर साउथ तक के अभिनेताओं ने कल्कि की तारीफ की है। अब दक्षिण के सुपरस्टार महेश बाबू ने फिल्म की जमकर प्रशंसा की है। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'कल्कि 2898 एडी ने मेरा दिमाग हिला दिया, वाह!' उन्होंने फिल्म के कास्ट और क्रू की भी तारीफ की।

लाइफ Style

# रसिका

## प्रोग्रेसिव की बातें होती हैं, अमल नहीं

'मिर्जापुर सीजन 3' में बीना त्रिपाठी के किरदार में नजर आ रहीं रसिका दुग्गल ने कई फिल्मों और वेब सीरीज में काम किया है। उन्होंने अपनी पर्सनल लाइफ और प्रोफेशनल लाइफ से बारे में खुलकर बात की है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रसिका ने कहा कि आज ओटीटी ही नहीं फिल्मों में भी औरतों की सेक्सुअलिटी पर खुल कर बातें हो रही हैं। एक समय तो ये बहुत बड़ा टैबू माना जाता था। रसिका इस बदलाव को कैसे देखती हैं? सवाल पर वे कहती हैं, 'ये तो स्वाभाविक ही होना चाहिए। इस विषय पर कोई बड़ी चर्चा भी नहीं होनी चाहिए, मगर चूंकि हम ऐसी सोसायटी में रहते हैं, जहां पर ये स्थापित किया गया है कि औरत अगर अपनी सेक्सुअलिटी पर बात करती है, तो वो बेशर्म है। मैंने देखा है कि जब भी हम बदलाव की बात करते हैं, तो ये एक चक्र की तरह बन जाता है। हम ऊपरी तौर पर इस पर बात करते हैं, मगर अंदरूनी रूप में हमारे अंदर जो रूढ़िवादिता होती है, उसके कारण हम उस पर अमल नहीं कर पाते, तो कई बार मुझे डर लगता है कि जितनी प्रोग्रेसिव बातें हो रही हैं, क्या हम उतने प्रोग्रेसिव हुए हैं? प्रोग्रेसिव होने के नाम पर हमारे जो पारंपरिक विचार या जो सदियों से बैठी हुई पिछड़ी सोच है, उसके बारे में तो हम बात ही नहीं कर रहे हैं, उन्हें अभिव्यक्त नहीं कर रहे, तो कहीं अंदर ही अंदर वे बढ़ते तो नहीं जा रहे?' मनोरंजन जगत में डेढ़ दशक से भी ज्यादा समय बिता चुकी रसिका दुग्गल ने 'हामिद', 'मंटो', 'किस्सा', 'क्षय' जैसी कई ऐसी फिल्मों में अहम रोल किए।



हॉलीवुड मसाला



## 22 नवंबर को रिलीज होगी


# ग्लेडिएटर-2

**लॉस एंजिलिस।** रिडले स्कॉट की 'ग्लेडिएटर 2' फिल्म 2024 के अंत में मजबूत कलाकारों के साथ बॉक्स ऑफिस पर कदम रखेगी। हाल ही में, 'विकेड' की रिलीज की तारीख को फिर से तय करने से यूनिवर्सल की मूवी म्यूजिकल का मुकाबला 'ग्लेडिएटर 2' से हो गया है, जो 'बार्बी' बनाम 'ओपेनहाइमर' की तरह ही है। 'विकेड 'को पहले 'मोआना 2' के साथ कॉम्पिटिशन करने के लिए तैयार किया गया था। सीक्वल फिल्म 22 नवंबर को सिनेमाघरों में आएगी। पॉल मेस्कल मुख्य किरदार लुसियस की भूमिका में होंगे, जो लुसिला कोनी नीलसन का बेटा है।




# टोबी मॉडल लिली ची को कर रहे हैं डेट...

**लॉस एंजिलिस।** 'स्पाइडर-मैन' फेम एक्टर टोबी मागुरिए के अफेयर को लेकर हाल ही में खूब चर्चा रही है। दरअसल एक्टर को लेकर ये खबरें मीडिया में जमकर सुर्खियां बटोर रही थीं कि एक्टर उस मॉडल के साथ अफेयर में हैं जिनकी उम्र एक्टर की बेटी से बस 3 साल अधिक है। हालांकि, अब इन खबरों को लेकर एक्टर टोबे की एक्स वाइफ जेनिफर मेयर ने भी अपना रिएक्शन दिया है। दरअसल, 'स्पाइडर-मैन' एक्टर को लेकर इन खबरों को हवा तब मिली जब ये वीकेंड पर 20 साल की मॉडल लिली ची के साथ दिखे। अब 'द इंडिपेंडेंट' की एक नई रिपोर्ट में बताया गया है कि जेनिफर ने इंस्टाग्राम के जरिए एक यूजर को जवाब दिया और कहा, ' टोबी एक अच्छे शख्स हैं और वो एक अच्छे दोस्त के नाते कार तक उनकी मदद कर रहे थे।'



# यश ने दी थी शादी न करने की सलाह

**मुंबई।** 'त्रिदेव' एक्ट्रेस सोनम का कहना है कि यश चोपड़ा ने उन्हें जल्दी शादी करने से मना किया था। यश चोपड़ा ने कहा था कि सोनम शादी करके गलती कर रही हैं पर एक्ट्रेस ने एक नहीं सुनी। सोनम खान ने 17 सालकी उम्र में फिल्में छोड़ दीं और फिर 18 की उम्र में शादी कर ली थी। 'त्रिदेव' फिल्म की एक्ट्रेस सोनम खान इस वक्त अपने एक इंटरव्यू के कारण चर्चा में हैं, जिसमें उन्होंने फिल्मी करियर से जुड़े कई खुलासे किए हैं। 'ओए ओए गर्ल' के नाम से मशहूर हुईं सोनम खान ने साल 1994 में फिल्मों को अलविदा कह दिया था और शादी कर ली थी। सोनम खान ने खुलासा किया है कि फिल्ममेकर सोनम खान ने उन्हें शादी न करने की सलाह दी थी। साथ ही कहा था कि वह बड़ी गलती कर रही हैं। उन्होंने साल 1988 में यश चोपड़ा की फिल्म 'विजय' से एक्टिंग डेब्यू किया था।



# हिट फिल्में देने के बाद भी नहीं मिला काम

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता विवेक ओबेरॉय को आखिरी बार रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी वेब सीरीज 'इंडियन फोर्स' में देखा गया था। विवेक अब तक इंडस्ट्री को कई हिट फिल्में दे चुके हैं। उन्होंने 'मस्ती' फ्रेंचाइजी, 'साथिया', 'शूटआउट एट लोखंडवाला' और 'ओमकारा' जैसी हिट फिल्मों में काम किया है। हाल ही में विवेक ओबेरॉय ने बताया कि कैसे उन्होंने अभिनेता बनने से पहले व्यावसायिक यात्रा शुरू की और अभी भी उसी आय पर निर्भर हैं। जब मैंने बॉलीवुड में संघर्ष करना शुरू किया, जब एक सफल अभिनेता होने के बाद भी मुझे कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, मैं अपने कौशल को साबित करने के बाद भी चुनौतियों का सामना कर रहा था, जब मुझे कोई फिल्म नहीं मिल रही थी तो एक अलग तरह का दबाव था। तब ये व्यवसाय ही मेरी आय का स्रोत था।

टीवी मसाला

# 'अनुपमा' : लालच में अंधा हुआ वनराज शाह

**नई दिल्ली।** अनुपमा सीरियल के अपकमिंग एपिसोड में आप देखेंगे कि वनराज शाह अपने लोभ के चलते बा और बापूजी के दिल की बात नहीं समझ पाएगा। बापूजी उसे बताएंगे कि क्यों वो घर छोड़कर यहां इस वृद्धाश्रम में चले आए हैं। बापूजी लेकिन बच्चों की खुशी को ध्यान में रखते हुए यह भी कह देंगे कि हमारी उम्र हो चली है और तुम्हारा पूरा जीवन बाकी है। तो ऐसे में वो घर बेच देना ही सही फैलला होगा। अपनी कुंद सोच और बच्चों की बातों में आकर वनराज शाह उस प्रॉपर्टी को बेचने के फैसले पर अड़ा रहेगा। लेकिन अनुपमा और अनुज कपाड़िया उसके रास्ते का रोड़ा बनकर खड़े हो जाएंगे। घर लौटने पर जब किंजल और काव्या वनराज शाह से पूछेंगे कि वो बा-बापूजी को साथ क्यों नहीं लाया तो वह कोई जवाब नहीं देगा। किंजल कहेगी कि यह घर बा-बापूजी के बिना नहीं चल पाएगा तो वनराज शाह कहेगा कि मैं जाऊंगा उनसे मिलने। उनसे प्रॉपर्टी के कागजों पर साइन लेकर आऊंगा। उसकी बातें सुनकर किंजल सन्न रह जाएगी। वनराज शाह जहां चेहरे पर मायूसी लिए अभी भी प्रॉपर्टी के बारे में सोच रहा है वहीं अनुपमा साफ कहेगी कि कुछ भी हो जाए वो इन कागजों पर साइन नहीं करेगी।



# 'मैं किसी को हेट नहीं करती और ना मेरी किसी से दुश्मनी है'...

**नई दिल्ली।** अरमान मलिक ने इस वीकेंड का वार में विशाल पांडे को थप्पड़ मार दिया था। यह सब तब हुआ जब पायल मलिक वीकेंड का वार में आईं और उन्होंने सभी को बताया कि विशाल ने लवकेश कटारिया से कृतिका को लेकर कहा कि वह उन्हें पसंद करते हैं। इसके बाद अरमान, विशाल से लड़ते हैं और फिर वह विशाल पर हाथ उठा देते हैं। अब पायल से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि अभी क्लीयर नहीं हुआ कि उन्होंने हाथ उठाया। मुझे अभी नहीं पता। अगर हाथ उठाया होगा तो जो चीज सही है वो होगा। मुझे पता है उन्होंने हाथ नहीं उठाया होगा। इसके बाद उनसे पूछा गया कि लोग कह रहे हैं कि मेकर्स मलिक परिवार को बहुत सपोर्ट कर रहे हैं तो इस पर पायल ने कहा कि मेकर्स वहां हमें क्यों सपोर्ट करेंगे। वहां जो भी होता है सब कंटेस्टेंट्स की वजह से ही होता है। कृतिका की इमेज लोगों ने इतनी खराब कर दी है चाहे उसने कुछ किया है कि नहीं।



# कभी दिवालिया हो गए थे 'खिचड़ी' के हिमांशु

*मुंबई। टेलीविजन निर्माता जेडी मजीठिया उर्फ जमनादास मजीठिया ने कई चर्चित शो का निर्माण किया है। इनमें से एक है खिचड़ी। इस शो में वह खुद भी हिमांशु के रोल में नजर आए। जेडी मजीठिया ने इंडस्ट्री में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। एक दौर ऐसा भी देखा कि वे कर्ज के बोझ तले दब गए। वे पूरी तरह कंगाल हो चुके थे। प्रोड्यूसर ने बताया कि अकाउंटेंट की गलत गणना की वजह से उनका प्रोडक्शन हाउस दिवालिया हुआ था। हाल ही में एक बातचीत के दौरान जेडी मजीठिया ने अपने पेशेवर जीवन के सबसे बुरे दौर के बारे में चर्चा की। उन्होंने बताया कि वर्ष 2013 में ऐसा हुआ था, जब उन्होंने खुद को एक ऐसी मुसीबत से जूझते हुए पाया जीवन का सबसे बड़ा अध्याय बन गई। मालूम हो कि जेडी मजीठिया अपना प्रोडक्शन हाउस हैट्स ऑफ प्रोडक्शंस चलाते हैं। जेडी मजीठिया ने कहा, 'शो के मामले में मेरी सबसे बड़ी विफलता के कई व्यक्तिगत उदाहरण होंगे। लेकिन 2013 में एक बार कंपनी घाटे में चली गई। हमारे पांच शो चल रहे थे। हमारे अकाउंट्स में एक शख्स था, जिसने हमें गुमराह किया।*



*शायद मैं उस समय इतना परिपक्व नहीं था कि इसे ठीक से समझ पाता। मैं कड़ी मेहनत करता और सभी को समय पर भुगतान करता, लेकिन उस आदमी ने हमारे हिसाब-किताब में कुछ गड़बड़ कर दिया और हम दिवालिया हो गए। हमें कुछ समझ नहीं आया'। उन्होंने आगे कहा, 'वहां से हमने धीरे-धीरे खुद को फिर से खड़ा किया। यह मेरा सबसे बड़ा अध्याय है। हमारा सारा पैसा खत्म हो गया था, हम घाटे में थे और हम पर लोगों का कर्ज भी था। लेकिन हमने सभी का पैसा चुकाया और आज हम अपने पैरों पर खड़े हैं। हमने जितना आर्थिक नुकसान सहा, उससे कहीं ज्यादा आज कमाया है, लेकिन हमारा नाम कभी खराब नहीं हुआ। हमारी साख बरकरार रही और यह दौर छह महीने से ज्यादा नहीं चला'। मजीठिया ने बताया कि जब संकट आया था, तब उन्होंने 75,000 रुपये के बजट के साथ 'माई सागर' नाम से अपना शो लॉन्च किया था। उन्होंने आगे बताया कि पैसे तो खत्म हो गए, लेकिन हमने वहीं से फिर से शुरुआत की।*

# 'मिक्सचर' में होगी अहाना-अनुष्का की जोड़ी

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री अनुष्का रंजन अपनी आगामी वेब सीरीज 'मिक्सचर' को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। निर्देशक हनीश कालिया लेकर आ रहे हैं धमाकेदार एक्शन और थ्रिलर से भरपूर वेब सीरीज 'मिक्सचर'। सीरीज 'मिक्सचर' में पहली बार अहाना कुमरा और अनुष्का रंजन साथ नजर आएंगी। यह सीरीज क्राइम और सस्पेंस की दुनिया की सच्चाई दिखाएगी। एक्शन-सस्पेंस और थ्रिलर से भरपूर वेब सीरीज 'मिक्सचर' इस साल रिलीज हो सकती है। प्रसिद्ध अभिनेत्री अनुष्का रंजन 'मिक्सचर' नाम की आगामी वेब सीरीज में नजर आएंगी। यह एक एक्शन-थ्रिलर पर आधारित वेब सीरीज होगी। निर्देशक हनीश कालिया की इस वेब सीरीज में आपको भरपूर सस्पेंस और क्राइम देखने को मिलेगा। यह सीरीज दर्शकों के लिए एक नया अनुभव होगी। पिनाका एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित और हनीश कालिया द्वारा निर्देशित, यह सीरीज एक तरह से दर्शकों को अपराध और रहस्य की दुनिया की गहराई में ले जाएगी। इस सीरीज में अनुष्का के साथ अभिनेत्री अहाना कुमरा भी नजर आएंगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार आगामी वेब सीरीज 'मिक्सचर' गोवा की सुंदर पृष्ठभूमि और मुंबई की हलचल भरी सड़कों पर आधारित है।



## दर्द और डर से भरी थी 'ठाकुर' की कहानी

# पहली नजर के प्यार के लिए जिंदगी भर तरसे संजीव कुमार

*नई दिल्ली। संजीव कुमार हिंदी सिनेमा के वो नाम है, जो बच्चे-बच्चे की जुबान पर रहता था। आंखों से अदाकारी के लिए पहचाने जाने वाले संजीव कुमार ने बचपन से ही अभिनेता बनने का सपना देखना शुरू कर दिया था। जब उन्होंने अभिनय की दुनिया में कदम रखा तो सभी उनकी अदाकारी के मुरीद हो गए। संजीव कुमार अपने किरदार को इतनी संजीदगी से निभाते थे कि हर कोई बड़ी ही आसानी से उस किरदार जुड़ जाता था। आज ही के दिन संजीव कुमार ने जन्म लिया था। आइए उनकी बर्थ एनिवर्सरी पर जानते उनके जीवन से जुड़े कुछ पहलुओं को।*

### बचपन से अभिनेता बनने चाहते थे

संजीव कुमार का जन्म 9 जुलाई 1938 को सूरत के एक गुजराती परिवार में हुआ था। संजीव कुमार के बचपन का नाम हरीभाई जरीवाला था। बचपन से ही उनका रुझान फिल्मों की ओर था और यही प्यास उन्हें मुंबई खींच लाई। संजीव जब सात साल के थे तब उनका परिवार मुंबई आ गया। मुंबई आने के बाद संजीव के सिर पर अभिनेता बनने का भूत सवार हो गया। उन्होंने थिएटर भी किया। अपने सपने का पीछा करते हुए संजीव ने साल 1960 में फिल्म 'हम हिंदुस्तानी'से फिल्मी दुनिया में कदम रखा और अपनी शानदार अदाकारी के दम पर फिल्म जगत के ध्रुव तारा बन गए। वो हर किरदार में खुद को इस कदर ढाल लेते थे कि पता ही नहीं चलता था कि वो अभिनय कर रहे हैं।



### इश्क को तरसते रहे

अपनी अदाकारी और सादगी से लाखों करोड़ों लोगों का दिल जीतने वाले संजीव कुमार जिंदगी भर मनचाहे प्यार के लिए तरसते रहे। संजीव कुमार असल जिंदगी में किसी पर अपना दिल हार बेठे थे। वह कोई और नहीं 'ड्रीम गर्ल' हेमा मालिनी थी। फिल्म 'सीता और गीता' की शूटिंग के दौरान संजीव कुमार पहली ही नजर में हेमा मालिनी पर अपना दिल हार बैठे थे, लेकिन उनका प्यार मुकम्मल ना हो सका। संजीव कुमार हेमा मालिनी का हाथ मांगने उनके घर भी गए थे। कहा जाता है कि हेमा मालिनी की मां ने उनका रिश्ता ये कहकर ठुकरा दिया कि वह उनकी बिरादरी के नहीं हैं। इससे संजीव कुमार इस कदर टूट गए कि जिंदगी भर शादी ना करने की कसम खा ली। यहां तक कि उन पर जान छिड़कने वाली सुलक्षणा के प्यार को भी ठुकरा दिया।

### मौत के डर के साए में जीते रहे

संजीव कुमार के जीवन की सबसे हैरान कर देने वाली बात थी कि वह अपनी मौत को लेकर हमेशा परेशान रहते थे। वह हमेशा कहते थे कि उनकी उम्र ज्यादा नहीं होगी, इसके पीछे वह अपने परिवार में हुई मौतों का हवाला देते थे। आखिरकार हुआ भी कुछ ऐसा ही अपनी जिंदगी के 50 साल पूरे होने से पहले ही उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। 47 साल की उम्र में संजीव की हार्ट अटैक से मौत हो गई।



# मुख्यमंत्री ने दिखाई संवेदनशीलता, काफिला रुकवाकर पीड़िता की सुनी समस्या

**कैंसर की बीमारी से जूझ रहे पीड़िता के पति का हर संभव इलाज कराने के दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को अमरवाड़ा विधानसभा उपचुनाव के दौरे पर थे। इस दौरान एक पीड़ित महिला ने मुख्यमंत्री का काफिला रुकवाया। मुख्यमंत्री ने संवेदनशीलता दिखाते हुए वाहन से उतरकर पीड़ित महिला की समस्या सुनी और कैंसर से पीड़ित पति का इलाज करवाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। दरअसल, ग्राम सुरवारी तहसील गोटेगांव जिला नरसिंहपुर निवासी आरती बाई के पति दशरथ सिंह सुरवारी को जीभ का कैंसर है। महिला ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बताया कि वो पिछले 6 माह से पति का इलाज करवा रही हैं। अब उसकी आर्थिक स्थिति



खराब हो गई है, घर में खाने को भी नहीं बचा है। पति का इलाज कराना संभव नहीं हो पा रहा है। पीड़ित महिला की समस्या सुनने के बाद मुख्यमंत्री ने महिला को हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया। साथ ही पीड़ित महिला के पति का इलाज कराने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उपचुनाव प्रचार के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों और युवाओं से आत्मीय मुलाकात की। इस दौरान बुजुर्ग महिला ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को अमरवाड़ा विधानसभा उपचुनाव में जीत का आशीर्वाद दिया।

## मुख्यमंत्री ने सूरत में सीधी जिले के 5 लोगों की मृत्यु पर दुःख व्यक्त किया

**मृतकों के परिजन को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता के दिए निर्देश**

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुजरात के सूरत शहर के औद्योगिक क्षेत्र में बहुमंजिला इमारत ढह जाने की दुर्घटना में मध्यप्रदेश के सीधी जिले के पांच लोगों की मृत्यु पर दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने ट्वीट किया है कि दुःख की इस घड़ी में मप्र सरकार मृतकों के परिजन के साथ खड़ी है।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मृतकों के परिजन को राज्य सरकार की ओर से 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने और घायलों के समुचित इलाज की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने बाबा महाकाल से दिवंगतों की पुण्य-आत्मा को शांति प्रदान करने और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की है।

उन्होंने शोकाकुल परिजन के प्रति गहरी संवेदना भी व्यक्त की है। गुजरात के सूरत में रविवार को 6 मंजिला जर्जर इमारत गिरने से सीधी जिले के हीरामणि केवट, लालजी केवट, शिवपूजन केवट, प्रवेश केवट और अभिलाष केवट की मृत्यु हुई है। मृतकों में दो परिवारों के 4 भाई शामिल हैं।

### खबर संक्षेप

**बच्चों की मौत के मामले में गंभीर नहीं सरकार, टीम ने किया दौरा**

भोपाल। इंदौर के युग पुरुष आश्रम में बच्चों की मौत और तबीयत बिगड़ने के मामले में पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने कांग्रेस के 4 सदस्यीय दल का गठन किया था। सोमवार को कांग्रेस विधायक हीरालाल सहित सहित टीम के अन्य सदस्य चाचा नेहरू अस्पताल पहुंचे और बच्चो से मुलाकात की। साथ ही घटनाक्रम को लेकर प्रबंधन से बातचीत की। इस दौरान विधायक हीरालाल अलावा बोले की सरकार मामले को लेकर गंभीर नहीं है अभी तक आश्रम प्रबंधन के खिलाफ एफआईआर तक नहीं हुई है। आश्रम में भी पहुंचकर मेडिकल चेकअप रिकार्ड मांगा गया लेकिन कोई रिकार्ड नहीं दिखाया गया। लिहाजा सरकार का संरक्षण स्पष्ट दिख रहा है।

**मैजिक बस संस्था का गुरुग्राम में बीईओ, बीआरसी, एबीआरसी संग ओरियंटेशन**

गुरुग्राम। मैजिक बस इडियां फाउंडेशन द्वारा आज गुरुग्राम ब्लॉक में मीटिंग हुई । इस मीटिंग में शिक्षा विभाग से बीईओ सुदेश, बीआरसी दिप्ती बोकन जी और उनके साथ में एबीआरसीएस शामिल रहे। इस ओरियंटेशन में संस्था की तरफ से पुरे एक साल के जीवन कौशल प्रोग्राम की रिपोर्ट साझां की गई। इसी के साथ -साथ टीचर्स ने जीवन कौशल प्रोग्राम के दौरान अपने एक साल के अनुभव साझां किये गये। टीचर्स के द्वारा उनके जीवन कौशल प्रोग्राम के दौरान के अनुभव काफी अच्छे रहे । जिससे बीईओ, बीआरसी ने उनके अनुभव की काफी सराहना की इसी के साथ में उन्होंने कहा कि मैजिक बस संस्था काफी अच्छा काम कर रही है। जिससे बच्चों और टीचर्स के अनुभव काफी अच्छे रहे। हम चाहते है कि ये प्रोग्राम आगे भी चले और इस प्रोग्राम के दौरान हमारे विभाग से जैसा भी सहयोग चाहिये। हम समय समय पर देते रहेंगे, बीआरसी मैम ने सभी एबीआसी और सीआरसी को कहा कि आप भी समय, समय पर स्कूलों में विजिट किजिये रहें और जीवन कौशल प्रोग्राम में शामिल रहे।आज इस ओरियंटेशन में मैजिक बस संस्था से सिनियर प्रोग्राम मैनेजर दीपक विजयवर्गीय, लॉकित, नेहा, सरिता कविता, शुभ्रा, शुभम, शिवम और अरुद शामिल रहें।

## छिंदवाड़ा के अमरवाड़ा उपचुनाव के प्रचार के अंतिम दिन बोले सीएम

# कांग्रेस ने आदिवासियों को आगे नहीं आने दिया, भाजपा उन्हें सम्मान दे रही:डॉ.यादव

**अमरवाड़ा के हर खेत को पानी, हर हाथ को काम देने का कार्य करेगी भाजपा सरकार**

**कांग्रेस नेता हेलीकॉप्टर से घूमते हैं, सरकार गरीबों की जान बचाने हेलीकाप्टर चला रही**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि अमरवाड़ा क्षेत्र में पीने के पानी के साथ सबसे बड़ी समस्या सिंचाई के लिए पानी की है। इस क्षेत्र में नदियों को जोड़कर, बड़े बांध बनाकर हर खेत तक सिंचाई के लिए पानी पहुंचाया जाएगा। इस क्षेत्र में पीजी कॉलेज भी खोला जाएगा। आदिवासी क्षेत्र के बच्चों को प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार की नौकरी के लिए निः शुल्क कोचिंग दी जाएगी। इस क्षेत्र के लोगों को रोजगार के साधन भी भाजपा सरकार उपलब्ध करा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छिंदवाड़ा जिले के अमरवाड़ा विधानसभा उपचुनाव में चुनाव प्रचार के अंतिम दिन सोमवार को बटकाखापा और अमरवाड़ा में जनसभाओं को संबोधित किया।

### वीरता की गाथाएं छात्रों को पढ़ाई जाएंगी



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार गरीब कल्याण के कार्य कर रही है। तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी जी ने 3 करोड़ पीएम आवास बनाने को मंजूरी प्रदान की है। अमरवाड़ा क्षेत्र में जिन गरीबों के पास पक्के मकान नहीं हैं, उन सभी को पीएम आवास के तहत पक्के मकान बनाकर दिए जाएंगे। अंग्रेजों को धूल चटाने वाले आदिवासी जननायक भगवान बिरसा मुंडा की वीरता को कांग्रेस ने कभी जनता के सामने नहीं आने दिया। हमारे प्रदेश के क्रांतिवीर जननायक टंट्या मामा के वीरता को भी जनता के सामने नहीं आने दिया।

### कांग्रेस नेताओं ने ली भाजपा की सदस्यता

अमरवाड़ा में जनसभा के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव के समक्ष अमरवाड़ा यादव महासभा के अध्यक्ष एवं कांग्रेस नेता संजय यादव ने अपने सैकड़ों समर्थकों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। यादव के साथ धनमान उइके, कन्हैया उइके सहित अन्य शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने भाजपा में शामिल होने वाले नेताओं को पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आप एक राजनीतिक दल में नहीं बल्कि परिवार में शामिल हुए हैं। आज से आप सभी भाजपा परिवार के सदस्य हैं।

### शाह ने निजी स्वार्थ के लिए क्षेत्र की जनता के साथ किया विश्वासघातः पटवारी

**अमरवाड़ा में कांग्रेस नेताओं ने ली जनसभा**

भोपाल। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने अमरवाड़ा में चुनाव प्रचार के अंतिम दिन कहा कि भाजपा सरकार का घर-घर जल का नारा भी झूठा निकला और मोदी जी ने जिन टोंटियों की बात की थी वहां टोंटियां तो है मगर न ही नल है न जल है, केवल करप्शन है। अमरवाड़ा में चुनाव तो 5 साल के लिए हुआ था परंतु कांग्रेस ने जिस कमलेश शाह को बार-बार टिकट दिया, उसने कांग्रेस का भरोसा तोड़ा, कांग्रेस के कार्यकतार्ओं का विश्वास तोड़ा क्षेत्र की जनता के साथ भी विश्वास घात किया। कमलेश शाह की पत्नी ने हर्रई नगर परिषद अध्यक्ष रहते 25 करोड़ का घोटाला किया, जिसकी लोकायुक्त में एफआईआर दर्ज है और जिस भाजपा सरकार ने एफआईआर दर्ज की, उसी से बचने कमलेश शाह भाजपा में चले गये और उसी भाजपा ने उन्हें उम्मीदवार बनाया है।



**उमंग सिंघार बोले-भाजपा को अपने प्रत्याशी पर ही भरोसा नहीं**

मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने आमसभा को संबोधित करते हुये कहा कि भाजपा को अपने प्रत्याशी पर ही भरोसा नहीं है, इसलिये उसे घर में बिठाकर रखा है। अमरवाड़ा की जनता के मतों का सम्मान केवल धीरन शाह ही बनायें रखेंगे। भाजपा राज में लंबे समय से बैकलॉक पदों पर भर्ती नही की गई है। युवा, किसान महिलाएं सभी परेशान है।

## सीएम डॉ. यादव समेत अनेक मंत्री रहे मौजूद

# राज्यपाल पटेल ने नव नियुक्त मंत्री रामनिवास रावत को दिलाई शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने सोमवार को राजभवन में मध्यप्रदेश शासन के मंत्री के रूप में रामनिवास रावत को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, राजेन्द्र शुक्ल, पंचायत और ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, विमुक्त घुमन्तु और अर्द्धघुमन्तु कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर, कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल, पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल, सांसद वीडी शर्मा और महापौर भोपाल मालती राय भी उपस्थित थीं। शपथ विधि समारोह का संचालन मुख्य सचिव वीरा राणा ने किया।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना, राज्यपाल के प्रमुख सचिव मुकेश चंद गुप्ता, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव संजय शुक्ल सहित अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी व जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# राजेश चेतन 'बीपीएमएस' के पुनः अध्यक्ष निर्वाचित

नई दिल्ली। सामाजिक-सांस्कृतिक सरोकार निभाने में भिवानी का नाम देश-दुनिया में बुलंद करने वाली दिल्ली की सबसे सक्रिय व अपनत्व की जड़ों को सींचने वाली प्रगतिशील सामाजिक संस्था भिवानी परिवार मैत्री संघ (बीपीएमएस) के त्रि-वार्षिक चुनाव सफलतापूर्वक सम्पन्न हुए। चुनाव अधिकारी के रूप में जितेंद्र गुप्ता , के.एल.गर्ग तथा अभय जैन को नामांकित किया गया था। निर्धारित अवधि तक प्रत्याशियों से नामांकन स्वीकार किए गए। नामांकन पत्रों की जांच करके प्रत्याशियों की सूची प्रदर्शित की गई। चूंकि सभी पदों के लिये एक-एक ही प्रत्याशी का नामांकन था, सो चुनाव अधिकारी ने उस पद के लिए उसी प्रत्याशी को निर्वाचित घोषित किया। भिवानी परिवार मैत्री संघ के वर्ष 2024-27 के लिए राजेश चेतन को प्रधान, दिनेश गुप्ता को महासचिव, पवन मोडा को



कोषाध्यक्ष, हंसराज रल्हन और विनय सिंघल को उप प्रधान, मनीष गोयल को संगठन मंत्री, प्रमोद शर्मा को प्रचार मंत्री, मीनाक्षी गर्ग को सचिव, संजय गुप्ता और दीपक गुप्ता को संयुक्त सचिव, संजय जैन और संजय जैन (प्रशांत विहार) को कार्यकारिणी सदस्य निर्वाचित घोषित किया गया। नव निर्वाचित टीम को शीघ्र ही पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी

# गढ़ा हुआ धन निकालने का लालच देकर लाखों हड़पे, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

छत्तीसगढ़ के बेमेतरा में एक ठग ने 11 लाख रुपये से ज्यादा की ठगी की है। पीड़ित को गड़ा धन निकालने के नाम पर सालभर से रुपये ऐंठता रहा। नांदघाट थाना क्षेत्र के भोपसरा गांव में गड़ा हुआ धन निकालने के नाम पर 11 लाख 19 हजार 500 रुपए की ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी साधु की वेशभूषा में पीड़ित के घर पहुंचा था। मामले को लेकर पीड़ित गंगाराम साहू (52) ने शिकायत दर्ज कराई थी। आरोपी का नाम विजय कुमार गिरी पिता बचछराज गिरी उम्र 32 निवासी चौगलिया बाजार, दुर्गा चौक (राघवपुरी) सीतापुर, जिला चित्रकूट (यूपी) है। आरोपी दिसंबर 2022 को पहली बार पीड़ित के गांव में साधु की वेशभूषा में आया था। घर में भोजन कर रात्रि विश्राम करने की बात कही। रात में आरोपी ने पीड़ति को उसके घर में गड़ा हुआ



धन होने की बात कही। पूजा पाठ कराने के नाम पर 80 हजार रुपये लेकर चला गया। ठीक एक माह बाद आरोपी वापस आया व घर में पूजा शुरू कर दी। इसके बाद एक कमरे में 3-4 फीट खुदाई कर पीतल के गुंडी में सोने जैसे बिस्किट व सिक्के निकालकर दिया। इससे एक बड़ा और हंडा होने की बात कहकर सभी सामान को उसी गड्ढे में बांधकर दबा दिया।इसके बाद से आरोपी ने पीड़ित को ठगना शुरू दिया। बीते एक साल से अलग-अलग किश्त में रुपये लेते जा रहा था। एक बार तो पीड़ित ने मध्य प्रदेश के अमरकंटक में आरोपी को 3.50 लाख रुपये दिए थे। आगे की पूजा कार्यक्रम कराने का धोखा दे रहा था। इसी बीच पीड़ित ने पहले से दबे गड़े धन को निकाला तो पता चला कि सभी आभूषण नकली हैं। ठगी की शिकार होने के बाद पीड़ित ने छह जून 2024 को नांदघाट थाना में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत बाद पुलिस ने 420 के तहत एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। पुलिस की टीम को आरोपी के चित्रकूट में रहने के बारे में जानकारी मिली। बेमेतरा से पुलिस की टीम यूपी गई थी।

# सीयूईटी परीक्षा की केन्द्रीकृत प्रणाली पर हो पुनर्विचार - देवेंद्र सिंह

नई दिल्ली। संस्कृति उत्थान न्यास ने परीक्षा प्रणाली में उठायी व्यापक सुधारों की माँग सीयूईटी - यूजी परीक्षा की उत्तर कुंजियों में इस बार आई विसंगतियां अत्यंत गंभीर है जो प्रतियोगी परीक्षाओं के संरचनात्मक दोषों को रेखांकित करता है एवं इस पर शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास ने सदैव जोर देकर सुधारों की मांग की है एवं अपनी ओर से विकल्प प्रस्तावित किये हैं । यह बात शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के प्रतियोगी परीक्षाओं के राष्ट्रीय संयोजक देवेन्द्र सिंह ने कही। उन्होंने कहा सर्वप्रथम यह विचार करना आवश्यक है कि केन्द्रीय विश्वविद्यालयों को छोड़कर देश के सभी राज्य एवं निजी विश्वविद्यालयों को सीयूईटी - यूजी एवं पीजी परीक्षा में शामिल करने की आवश्यकता है या नहीं। राज्यों की अपनी परिस्थितियाँ हैं, वहाँ के छात्रों की अलग अपेक्षाएं हैं एवं राज्य विश्वविध्यालय एवं निजी विश्विद्यालयों में पाठ्यक्रम,विभिन्न कोर्स की उपलब्धता, संसाधनों की उपलब्धता भी अलग अलग है। देश की विविधता, विशाल जनसँख्या, अंतर विश्विद्यालय विभिन्नता आदि को दृष्टिगत करते हुए पूरे देश के विश्विद्यालय सिस्टम हेतु एक ही परीक्षा का विकल्प विवेकसम्मत नहीं होगा।श्री देवेंद्र ने कहा जहाँ तक त्रुटिपूर्ण उत्तर कुंजियों का प्रश्न है इस पर परीक्षा लेने वाली संस्थाओं को गंभीर आत्ममंथन करना चाहिए कि क्यों वह संसाधनों के होते हुए 100-50 प्रश्नों के ठीक ठीक उत्तर नहीं दे पाती। यह भी सोचना चाहिए कि किस प्रकार विद्वान एवं समर्पित प्राध्यापकों को प्रश्न निर्माण के कार्य में सम्मिलित किया जाए।

## मारपीट करने वाले आरोपियों का पुलिस ने निकाला जुलूस

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में पुलिस ने मारपीट करने वाले 2 बदमाशों का जुलूस निकाला। दोनों बदमाशों को हथकड़ी लगाकर पुलिस ने नंगे पांव शहर में घुमाया। इससे पहले पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। वहां से करीब आधा किमी जेल रोड तक पैदल ले गए। आरोप है कि दोनों ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर बाजार में एक युवक को लात-घूंसों और रॉड से पीटा था। इस घटना का वीडियो भी वायरल हुआ।आरोपियों से नकदी और लाठी-रॉड बरामदः इसके बाद सिटी कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। तीसरे का अभी तक पता नहीं चल सका है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के पास से 400 रुपए, वारदात में प्रयुक्त लाठी और रॉड बरामद कर ली है।

## संकुल स्तर पर स्व-सहायता समूहों की ओर से किया जाएगा नर्सरी निर्माण कार्य

# ग्राम पंचायतों में भुगतान प्रणाली सुचारू एवं पारदर्शी बनाने तैयार होगा पोर्टल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में ग्राम पंचायतों में भुगतान प्रणाली को सुचारू एवं पारदर्शी बनाने के लिए ऑनलाइन पोर्टल तैयार कर जल्दी ही लांच करने की तैयारी चल रही है। इससे ग्राम पंचायतों को स्वावलंबी बनाने की दिशा में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को काफी सुविधा हो जाएगी। इसमें भी सबसे अधिक महत्वपूर्ण वित्तीय प्रबंधन है। विभाग ने भुगतान प्रणाली को सुचारू एवं पारदर्शी बनाने के लिए ऑनलाइन पोर्टल जल्द से जल्द तैयार कराने का निर्णय लिया है। इससे विभाग को उपलब्ध राशि, देनदारी की गणना तथा लक्षित लाभार्थियों तक उचित लाभ आसानी से मिल सकेगा।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने मंत्रालय में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा के दौरान कई निर्देश दिए। इस मौके पर बैठक में अपर मुख्य सचिव मलय श्रीवास्तव, संचालक पंचायत राज संचालनालय मनोज पुष्प, मनरेगा आयुक्त कृष्ण चैतन्य, मिशन संचालक स्वच्छ भारत मिशन श्रीमती तनवी सुंद्रियाल, संचालक प्रधानमंत्री आवास योजना केदार सिंह सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

**प्रशिक्षण कार्यक्रम का एक मानक कैलेंडर तैयार**



मंत्री पटेल ने कहा कि राज्य शासन ग्रामीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। पंचायती राज सिस्टम के सुचारु संचालन के लिए दिए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम का एक मानक कैलेंडर तैयार किया जाए। स्थानीय विशेषताओं एवं छुट्टियों को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम का निर्धारण किया जाना चाहिए। प्रशिक्षण की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के तहत नियुक्त पदाधिकारियों की पोस्टिंग परफॉर्मेंस के आधार पर की जाए। मंत्री पटेल ने स्व-सहायता समूह और मनरेगा योजना के अभी सरण के तहत संकुल स्तर पर नर्सरी निर्माण कार्य कराए जाने के भी निर्देश दिए। बैठक में शहरी क्षेत्रों से लगी पंचायतों में मध्यान्ह भोजन बेहतर तरीक़े से पहुंचाया जा सके इस पर भी चर्चा की गई। साथ ही एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लगाए जाने वाले पौधों का सर्वाइवल रेट सुनिश्चित करने के लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### जिला पंचायत कार्यालयों की महत्वपूर्ण नस्तियां अब जिला पंचायत अध्यक्ष के पास पहुंचेंगी

भोपाल । पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल विभाग के प्रशासनिक ढांचे को अधिक कुशल एवं जनोन्मुख बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। इसी क्रम में मंत्री पटेल ने जिला पंचायत अध्यक्षों की ओर से लगातार की जा रही अधिकारों के विस्तार की मांग पर जिला पंचायत कार्यालयों की महत्वपूर्ण नस्तियों पर जिला पंचायत अध्यक्ष की भागीदारी का निर्णय लिया है। उनकी ओर से दिए गए निर्देशों के अनुपालन में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने सभी जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को आदेश जारी किए हैं। आदेश अनुसार जिला पंचायतों की सामान्य सभा व सामान्य प्रशासन समिति की कार्य सूची संबंधी, समिति का एजेंडा एवं पारित संकल्पों के पालन संबंधी नस्तियां जिला पंचायत अध्यक्ष के माध्यम से कार्रवाई के लिए उच्च स्तर पर प्रेषित की जाएगी। जिला पंचायत (कार्य) नियम 1998 नियम-5 अनुसार वित्तीय शक्तियों तथा भाग-3 तहत आने वाले मामलों के प्रस्ताव जिला पंचायत अध्यक्ष के माध्यम से प्रस्तुत होंगे। इसके अतिरिक्त वह समस्त नस्तियां, जो पंचायत जनप्रतिनिधियों के दायित्वों के निर्वहन के लिए आवश्यक हैं, जिला पंचायत अध्यक्ष के माध्यम से ही प्रस्तुत होंगी।

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा पुलिस आवास निगम पंचकूला | उच्च सुरक्षा जेल, जिला-रोहतक में आवासीय भाग का निर्माण। | 03.07.2024 24.07.2024 | 21.25 करोड़ | www.hphc.org.in | 9463200487 dcpanchkula@yahoo.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/27621/I/88/7 दि. 09.07.24

**ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के फेरों में वृद्धि**

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए रेलवे द्वारा चलाई जा रही निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियों के फेरों में वृद्धि / संचालन अवधि में बढ़ोत्तरी करने का निर्णय लिया गया हैं, जिसका विवरण निम्नानुसार है:–

| रेलगाड़ी सं. एवं नाम | पूर्व अविसूचित तिथि | आवृत्ति | चलने के दिन | विस्तार की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 09321 डॉ. अम्बेडकर नगर – श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा सुपरफास्ट विशेष | 10.07.2024 | सप्ताह में 3 दिन | सोम, बुध, शनि | 31.07.2024 तक |
| 09322 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा – डॉ. अम्बेडकर नगर सुपरफास्ट विशेष | 11.07.2024 | सप्ताह में 3 दिन | मंगल, गुरू, रवि | 01.08.2024 तक |

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों की समय–सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

YouTube पर हमें फॉलो करें

आज़ादी का अमृत महोत्सव

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें : www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
2094/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## चिंतन

# रूस को भारत का युद्ध छोड़ शांति का संदेश

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने दो दिवसीय रूस दौरे पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ शिखर वार्ता के दौरान मंझे हुए कूटनीतिज्ञ राजनेता की तरह बात की है। पीएम मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन से बहुत सहजता से कहा कि बम, बंदूकों और गोलियों के बीच शांति वार्ता सफल नहीं होती और किसी संघर्ष का कोई समाधान युद्धक्षेत्र में संभव नहीं है। पीएम ने यह बात यूक्रेन से युद्ध के संदर्भ में कही है। रूस को भारत का संदेश साफ है कि युद्ध बंद कीजिए, वार्ता से मसले सुलझाइए। अब अगर रूस युद्ध समाप्त करने की दिशा में आगे बढ़ते हैं तो यह भारत की बड़ी कूटनीतिक सफलता होगी। कुछेक दिन पहले रूसी राष्ट्रपति ने युद्ध खत्म करने की सशर्त इच्छा जताई थी। अमेरिका व यूरोप की अपेक्षा रही है कि भारत रूस से बात कर युद्ध खत्म करने के लिए पुतिन को राजी करे। इस अपेक्षा के अनुरूप ही भारत रूस व यूक्रेन से पहले भी अपील कर चुका है कि यह युद्ध का दौर नहीं है, वार्ता से ही मसले सुलझाए जा सकते हैं। हालांकि रूस व यूक्रेन वार्ता टेबल पर नहीं आए, युद्ध तीसरे वर्ष में है। इसका बड़ा कारण है कि अमेरिका व नाटो से जुड़े यूरोपीय देशों ने कभी भी यूक्रेन को युद्ध खत्म करने के लिए नहीं मनाया। अमेरिका व नाटो देश यूक्रेन की मदद कर रहे हैं और यूक्रेन के कंधे से रूस को साधने की चेष्टा कर रहे हैं। अमेरिकी जिद के बरक्स रूस ने पश्चिम के बिना सर्वाइव का साधन खोज लिया है। इस प्रयास में रूस के लिए चीन व भारत बड़ा मददगार साबित हुए हैं। अभी एक दिन पहले ही चीन ने रूस व यूक्रेन संग युद्ध खत्म कराने के लिए वार्ता पर जोर देते हुए सहमति से मध्यस्थता की पेशकश की है। हालांकि इस पर रूस व यूक्रेन की कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। अमेरिकी व्हाइट हाउस ने भारत से अपील की है कि रूस के साथ वार्ता में युद्ध के मुद्दे पर चर्चा हो और राष्ट्रों की संप्रभुता का सम्मान हो। अमेरिका की मंशा साफ है कि रूस यूक्रेन से जंग खत्म कर चले जाएं और यूक्रेन की पूर्व स्थिति रहे। रूस ने जंग के बाद यूक्रेन के कुछेक भूभाग पर कब्जा जमा लिया है। पीएम मोदी के इस रूस दौरे पर जहां चीन की नजर है, वहीं अमेरिका व यूरोप की भी निगाहें हैं। चीनी सरकारी मीडिया ग्लोबल टाइम्स ने मोदी के रूस दौरे को तटस्थ व संतुलित विदेश नीति के तौर पर उद्धृत किया है, तो अमेरिका मीडिया ने भी इसे भारत की स्वतंत्र विदेश नीति के रूप में देखा है। अमेरिकी थिंकटैंक की भाषा में थोड़ी तल्खी है, लेकिन पश्चिम खेमे के दबाव से इतर अपनी स्वतंत्र विदेश नीति के लिए भारत की सराहना भी है। पीमए की रूस यात्रा ऐसे समय हुई है, जब चीन पर रूस की निर्भरता बढ़ी है। अभी भारत को लेकर चीन की भाषा भी मर्यादित है। इस दौरे पर राष्ट्रपति पुतिन ने पीएम मोदी को अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोस्टल से सम्मानित कर भारत से रूस की गहरी दोस्ती का परिचय दिया और चीन, अमेरिका व यूरोप को संदेश दिया। ऊर्जा, असैन्य परमाणु, डिफेंस, अस्त्र-शस्त्र आदि क्षेत्र में भारत व रूस के बीच सहयोग और मजबूत होंगे। भारत ने रूस के सामने ग्लोबल आतंकवाद के खतरों का मुद्दा भी उठाया। रूसी सेना में भारतीय जवानों के लड़ने का लड़ने का मुद्दा भी उठा, अब रूस भारतीय की भर्ती अपनी सेना में नहीं करेगा। भारतीय समुदाय के साथ भी पीएम ने जोशीले संवाद किया। पीएम ने रूस को सुख-दुख का साथी बता कर भारत के लिए रूस की अहमियत को रेखांकित कर दिया है। भारत-रूस विश्व में नई भूमिका निभाने को तैयार है।



बजट उम्मीद
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# बजट के ऐतिहासिक होने की आस

23 जुलाई को वित्तमंत्री सीतारमण के द्वारा पेश होने वाला वर्ष 2024-25 का पूर्ण बजट आर्थिक सुधारों, आर्थिक कल्याण और तेज विकास के आधारों के आगे बढ़ाने वाला एक ऐतिहासिक बजट होगा। यह एक ऐसा बजट भी होगा, जिसमें वित्तमंत्री 2024-25 के तहत राजकोषीय घाटे का लक्ष्य 5.1 फीसदी और 2025-26 में 4.5 फीसदी तक लाने का लक्ष्य आगे बढ़ाते हुए दिखाई देंगी। साथ ही वर्ष 2024-25 का पूर्ण बजट भारत को 2027 तक दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था तथा वर्ष 2047 तक भारत को दुनिया का विकसित देश बनने के सपने को साकार करने की डगर पर आगे बढ़ाने वाला बजट भी होगा।

इन दिनों पूरे देश की निगाहें 23 जुलाई को वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा पेश किए जाने वाले वर्ष 2024-25 के पूर्ण बजट की ओर लगी हुई। उम्मीद की जा रही है कि यह बजट विकास और सुधारों से सजा हुआ ऐतिहासिक बजट होगा। इस बजट को तैयार करने के मद्देनजर वित्तमंत्री सीतारमण ने 19 जून से 5 जुलाई तक उद्योग-कारोबार, श्रम, कृषि, एमएसएमई, टैक्सेशन, शिक्षा, स्वास्थ्य, उपभोक्ता, आधारभूत ढांचा, वित्त क्षेत्र सहित बजट से संबंधित विभिन्न पक्षों के साथ बजट पूर्व व्यापक परामर्श बैठकें आयोजित की हैं।

गौरतलब है कि गत 27 जून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लोक सभा और राज्य सभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के तीसरे कार्यकाल में वर्ष 2024-25 का बजट ऐतिहासिक होगा और इसमें आर्थिक तथा सामाजिक मोर्चे पर बड़े ऐलान किए जाएंगे। इस बजट से सरकार सुधारों की प्रक्रिया को और तेज करेगी। यह बजट नई गठबंधन सरकार की नीतियों और भविष्य के दृष्टिकोण के लिहाज से बहुत ही प्रभावी दस्तावेज होगा। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि देश में विभिन्न सुधारों से भारतीय बैंकिंग विश्व के सबसे मजबूत बैंकिंग क्षेत्रों में शुमार हो गई है। टैक्स संग्रहण ऊंचाई पर है। गरीब, युवा, महिलाएं और किसानों के कल्याण के लिए उठाए गए कदमों से इन वर्गों का उत्थान हुआ है। मुर्मू ने कहा कि पिछले दस वर्षों में सरकार के मंत्र रिफॉर्म, परफॉर्म एंड ट्रांसफॉर्म ने भारत को विश्व की सबसे तेज बढ़ती अर्थव्यवस्था बनाया है और भारत ने 2021 से 2024 के बीच 8 प्रतिशत सालाना की दर से वृद्धि की है। उन्होंने कहा कि नए बजट के माध्यम से अटके पड़े सुधारों, वित्तीय व श्रम सुधारों को आगे बढ़ाया जाएगा, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने, उद्योग जगत की लाजिस्टिक्स लागत घटाने, वैश्विक बाजार में भारतीय खाद्यान्नों की मांग बढ़ाने, किसानों की आय बढ़ाने तथा रोजगार सृजित करने वाले मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर पर फोकस करने के बड़े कदम आगे बढ़ाए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि इसी वर्ष एक फरवरी को वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा पेश किया गया वर्ष 2024-25 का अंतरिम बजट एक लेखानुदान की तरह था तथा इसमें कोई लोक लुभावन योजना नहीं थी। ऐसे में इस अंतरिम बजट ने 23 जुलाई को प्रस्तुत किए जाने वाले वर्ष 2024-25 के पूर्ण बजट के लिए अच्छे आर्थिक और वित्तीय आधारों की विरासत सौंपी है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि पूर्ण बजट 2024-25 की तैयारी को अंतिम रूप देते समय वित्तमंत्री सीतारमण के पास अच्छे व ऐतिहासिक बजट प्रस्तुत करने के कई मजबूत आधार हैं। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा वित्त मंत्रालय को 2.11 लाख करोड़ रुपये का भारी भरकम लाभांश सौंपा गया है, वह भी नए बजट का मजबूत आधार होगा। इस लाभांश से सरकार को राजकोषीय सहायता मिलेगी और व्यय अपेक्षाओं का प्रबंधन होगा। आयकर परिदृश्य पर सकारात्मक बदलाव होने का अनुकूल परिदृश्य मौजूद है। पिछले 10 वर्षों में आयकरदाताओं की संख्या और



आयकर की प्राप्ति में छलांगें लगाकर वृद्धि हुई है। आयकर रिटर्न रिकॉर्ड 8 करोड़ के स्तर को पार कर चुका हैं। जहां पिछले 10 वर्षों में आयकर रिटर्न भरने वाले दोगुने से भी अधिक हुए हैं, वहीं, आय की असमानता में भी कमी आई है। वित्तमंत्री की मुठ्ठियों में देश में कर सुधारों से आयकरदाताओं और आयकर संग्रहण के साथ-साथ जीएसटी में लक्ष्य से भी अधिक वृद्धि की बड़ी अनुकूलताएं है। इसके अलावा पिछले वर्षों में वित्तमंत्री सीतारमण वित्तीय अनुशासन का पालन करते हुए अब तक राजकोषीय घाटे को बजट लक्ष्य के मुताबिक उपयुक्त रूप से नियंत्रित रखते हुए सफलतापूर्वक आगे बढ़ी हैं।

निःसंदेह नया बजट 2024-25 गरीब, युवा, महिलाएं और किसानों के कल्याण के नए उपायों के साथ विकास योजनाओं पर केंद्रित होते हुए दिखाई दे सकता है। नए बजट में वित्तमंत्री वृद्धि और रोजगार पर फोकस करते हुए दिखाई दे सकती हैं। किसान सम्मान निधि सालाना 6000 रुपये से बढ़ाकर 8000 रुपये की जा सकती है। कृषि, ग्रामीण विकास, सिंचाई वेयरहाउसिंग को प्रोत्साहन नए बजट में बढ़ाएं जा सकते हैं। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) को प्रोत्साहनमूलक राहत दी जा सकती है। जहां विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने और रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी करने के लिए सरकार नए बजट से पीएलआई योजना का दायरा बढ़ाते हुए इसे नए क्षेत्रों तक विस्तृत कर सकती हैं और श्रम साध्य क्षेत्रों में नई नौकरियों के सृजन के पथ पर आगे बढ़ सकती हैं, वहीं रियल एस्टेट सेक्टर और आवास सेक्टर को भी प्रोत्साहनमूलक राहत दे सकती हैं। नए बजट में देश में डिजिटल क्रांति को बढ़ाने से संबंधित मोबाइल सेवा प्रदाताओं सहित विभिन्न उत्पादों, बुनियादी ढांचा क्षेत्र के लिए अधिक पूंजीगत व्यय के प्रावधान भी दिखाई दे सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि इन दिनों वेतनभोगी (सेलरिड) वर्ग के लाखों छोटे आयकरदाता और मध्यम वर्ग के लोग यह कहते हुए दिखाई दे रहे हैं कि पिछले विभिन्न बजटों में उन्हें टैक्स संबंधी कोई उपयुक्त राहत नहीं मिली है। साथ ही अब महंगाई वृद्धि और उनके बढ़ते जरूरी खर्चों के कारण उन्हें कुछ आयकर राहत की अपेक्षा है। वित्तमंत्री नए बजट में खपत को बढ़ावा देने के लिए 50 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा के उपाय भी कर सकती हैं, जिसमें कर राहत के उपाय भी शामिल हैं। ऐसे में नए बजट में आयकर के पुराने तथा नए स्लैब दोनों के तहत छोटे आयकरदाताओं को राहत के प्रावधानों का ऐलान किया जा सकता है। निःसंदेह वेतनभोगी वर्ग के द्वारा नए बजट में राहत की अपेक्षा इसलिए भी न्यायसंगत है, क्योंकि वेतनभोगी वर्ग के द्वारा दिया गया कुल आयकर पेशेवरों और कारोबारी करदाताओं के वर्ग द्वारा चुकाए गए कुल आयकर से काफी अधिक होता है। वेतनभोगी करदाताओं के कर की कटौती अर्जित आय पर की जाती है। इसे टीडीएस के रूप में जाना जाता है। टीडीएस के कारण वेतनभोगी ईमानदारी से आयकर चुकाते हैं और आमदनी को कम बताने की गुंजाइश नगण्य होती है। ऐसे में टीडीएस की वर्तमान 50,000 रुपये की सीमा बढ़ाकर 75,000 रुपये की जा सकता है।

हम उम्मीद करें कि 23 जुलाई को वित्तमंत्री सीतारमण के द्वारा पेश होने वाला वर्ष 2024-25 का पूर्ण बजट आर्थिक सुधारों, आर्थिक कल्याण और तेज विकास के आधारों के आगे बढ़ाने वाला एक ऐतिहासिक बजट होगा। यह एक ऐसा बजट भी होगा, जिसमें वित्तमंत्री 2024-25 के तहत राजकोषीय घाटे का लक्ष्य 5.1 फीसदी और 2025-26 में 4.5 फीसदी तक लाने का लक्ष्य आगे बढ़ाते हुए दिखाई देंगी। साथ ही वर्ष 2024-25 का पूर्ण बजट भारत को 2027 तक दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था तथा वर्ष 2047 तक भारत को दुनिया का विकसित देश बनने के सपने को साकार करने की डगर पर आगे बढ़ाने वाला बजट भी होगा।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## भविष्य

शिशिर शुक्ला



# अंतरिक्ष में डाटा की सुरक्षा

हाल ही में यूरोप की कंपनी एसेंड ने 21 लाख डॉलर खर्च करके एक अध्ययन किया और यह निष्कर्ष निकाला है कि भविष्य में बढ़ते हुए डाटा को सुरक्षित रखने के लिए अंतरिक्ष में डिजिटल गोदाम खोलने पर विचार करना पड़ेगा। इस योजना के पीछे कारण यह बताया गया है कि भविष्य में कृत्रिम बुद्धिमत्ता हमारे जीवन के प्रत्येक पहलू पर इस कदर हावी हो जाएगी कि अथाह मात्रा में उत्पन्न होने वाले अपने उपयोगी डाटा को सुरक्षित रख पाना हमारे लिए किसी चुनौती से कम नहीं होगा। तकरीबन 16 महीने तक इस मुद्दे पर हुए अध्ययन के बाद नतीजा यह निकला है कि इस चुनौती से निपटने के लिए पृथ्वी से 1400 किलोमीटर दूर अंतरिक्ष में डाटा सेंटर स्थापित किए जाएंगे। यूरोपीय कंपनी एसेंड के अनुसार अंतरिक्ष में वर्ष 2036 तक ऐसे 13 डाटा सेंटर खोले जाएंगे जिनकी क्षमता लगभग 10 मेगावाट होगी। प्रत्येक डाटा केंद्र की सतह का क्षेत्रफल 6300 वर्ग मीटर होगा। इतना ही नहीं, वर्ष 2050 तक ऐसे 1300 डाटा सेंटर स्थापित किए जाने की योजना बनाई जा रही है। एक अन्य विशेष बात यह है कि ये डाटा सेंटर सौर ऊर्जा से संचालित होंगे। देखा जाए तो आज हमारे जीवन में डिजिटलीकरण ने पूर्णतया अपना दखल स्थापित कर लिया है। सुबह जागने से लेकर रात में सोने तक हम पूर्णरूपेण डिजिटल तकनीकी की गिरफ्त में जकड़े हुए हैं। कारण यह है कि डिजिटलीकरण ने हमारे जीवन में क्रांतिकारी बदलाव करते हुए अनेक सुविधाओं का समावेश भी किया है। इन सुविधाओं में सबसे महत्वपूर्ण बिंदु जिसका जिक्र करना उचित होगा, वो है समय की बचत। निस्संदेह डिजिटलीकरण ने प्रत्येक क्षेत्र में हमारे लिए समय की बचत करने में एक अभूतपूर्व योगदान दिया है, किंतु डिजिटल तकनीकी के कुछ पार्श्व प्रभाव भी उभरकर सामने आए हैं, जो कहीं न कहीं हमारे जीवन पर ही असर डाल रहे हैं अथवा भविष्य में गंभीर असर डालने वाले हैं। आंकड़े बताते हैं कि दुनिया भर में प्रतिदिन लगभग 402.74 मिलियन टेराबाइट डाटा पैदा हो रहा है। इसके साथ ही यह भी निश्चित है कि समय के साथ प्रतिदिन पैदा होने वाले इस डाटा की मात्रा में निरंतर बढ़ोतरी होती जाएगी। स्वाभाविक सी बात है कि जब अपने पास कीमती सामान ज्यादा हो तो उसकी सुरक्षा को लेकर मन में सवाल उठेगा ही। डाटा के उत्पन्न होने से लेकर डाटा की सुरक्षा तक प्रत्येक कार्य में ऊर्जा का खर्च होना ही है। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के अनुसार पृथ्वी के डाटा सेंटरों पर वर्ष 2026 तक प्रति घंटा एक हजार टेरावॉट बिजली की खपत होगी। इतनी बड़ी मात्रा में ऊर्जा की खपत होने से हम शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को किसी भी दशा में हासिल नहीं कर पाएंगे। यूरोपीय कमीशन के सहयोग से किए गए इस शोध का मुख्य लक्ष्य भी भविष्य में पृथ्वी को अनावश्यक ऊर्जा खपत से बचाते हुए कार्बन उत्सर्जन को न्यूनतम करने की अवधारणा पर ही आधारित है। चूंकि अंतरिक्ष में सूर्य ही एकमात्र ऊर्जा का स्रोत होगा, लिहाजा अंतरिक्ष में डाटा सुरक्षा के लिए हम सौर ऊर्जा पर ही निर्भर होंगे। डेनमार्क के डाटा सेंटर इंडस्ट्री एसोसिएशन के अनुसार भविष्य में दुनिया के सामने डाटा सुनामी का दौर आने वाला है। पृथ्वी पर एक बड़ी मात्रा में डाटा उत्पादित होगा और उस डाटा की सुरक्षा के लिए एक बड़ी मात्रा में बिजली और पानी की आवश्यकता होगी। नतीजा यह होगा कि बिजली एवं पानी जो धीरे धीरे संकट के दायरे में आने के कगार पर हैं और अधिक तीव्र गति से इस ओर बढ़ जाएंगे। ऐसी दशा में बहुमूल्य डाटा की सुरक्षा कर पाना नितांत मुश्किल होगा। अगर भारत की बात की जाए तो भारत में प्रतिदिन 1.145 ट्रिलियन मेगाबाइट डाटा उत्पन्न हो रहा है। इस हिसाब से वर्ष 2028 तक भारत को 3.6 गीगावाट क्षमता वाले डाटा सेंटर की जरूरत होगी। भारत में मुंबई, दिल्ली, हैदराबाद और चेन्नई, ये चारों डाटा सेंटर के मुख्य हब हैं। भारत के लगभग 90 फीसदी डाटा सेंटर इन्हीं चार महानगरों में हैं। समस्या का अंदाजा हम इसी से लगा सकते हैं कि हम अपने मोबाइल फोन में प्रतिदिन 1.5 गीगाबाइट अथवा 2 गीगाबाइट डाटा प्रदान करने वाले प्लान का रिचार्ज करते हैं। इस हिसाब से हम लगभग 60 गीगाबाइट डाटा प्रतिमाह खर्च करते हैं। अगर औसतन बात की जाए, तो एक भारतीय प्रतिमाह 19 गीगाबाइट डाटा का उपभोग कर रहा है। यहां पर एक अन्य बात का उल्लेख करना उचित होगा कि जनसंख्या वृद्धि की द्रुत दर भी किसी से छिपी नहीं है। जाहिर सी बात है कि जनसंख्या अगर इसी दर से बढ़ती रही तो डाटा उपभोग की मात्रा भी उतनी ही तेज गति से बढ़ेगी। पृथ्वी पर डाटा के बढ़ते बोझ को कम करने के लिए भविष्य में दुनिया के सभी देशों को अंतरिक्ष में डिजिटल गोदाम बनाने के विकल्पों पर विचार करना ही पड़ेगा और साथ ही ऊर्जा के स्वच्छतम विकल्प सौर ऊर्जा पर केंद्रित रहते हुए चुनौतियों से निपटने का प्रयास करना होगा।

(लेखक स्वामी शुकदेवानंद महाविद्यालय में भौतिकी के विभागाध्यक्ष हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## मंदिर जैसे उपासना स्थल क्यों बनाए जाते हैं?



संकलित
दर्शन

जब ईश्वर का वास हृदय में माना गया है, तो मंदिर जैसे उपासना स्थल क्यों बनाए जाते हैं? मंदिरों की स्थापना के पीछे उद्देश्य था कि पूजा, अर्चना और यज्ञ आदि द्वारा पवित्र तन्मात्रओं यानी पंचभूतों के सूक्ष्म रूप की सृष्टि की जाए। किसी साधु हृदय व्यक्ति को पूजा का कार्यभार सौंपा जाए। स्थान का मन पर अदृश्य प्रभाव पड़ता है। चिकित्सालय में व्यक्ति को हर तरफ रोग और रोगी ही दिखते हैं। स्वस्थ व्यक्ति भी वहां अशक्त महसूस करने लगता है। हमारे शरीर से प्रतिदिन शुभ या अशुभ अदृश्य सूक्ष्म शक्ति-राशि का उत्सर्जन होता रहता है। मंदिर जाने वाला व्यक्ति काम, क्रोध और आलस्य बाहर छोड़कर ईश्वर के प्रति भक्तिभाव से जाता है। यह सामूहिक भक्ति या उपासना शुभ तन्मात्रओं व तरंगों का सृजन करती है। अतः यहां आगमन दुर्बल मन वाले मनुष्यों में ऊर्जा का संचार करता है। सज्जनों से ही प्रार्थना स्थलों की पवित्रता बनी रहती है। यदि मंदिर में असाधु व्यक्तियों का आवागमन बढ़ जाए तो स्थान अपनी पवित्रता खोने लगता है। पवित्र श्रवण मास में शिवलिंग पर दुग्ध, बेलपत्र, फल-फूल आदि चढ़ाकर पुण्य अर्जित करने की होड़ लगी रहती है। यदि ईश्वर है और वह हमारी प्रार्थना से प्रसन्न होता है तो वह एक बेलपत्र, अंजुली भर दूध या एक पुष्प से भी प्रसन्न हो जाएगा। सावन के महीने से इतर भी ये दृश्य आमतौर पर मंदिरों में आम होते हैं। यदि यह व्यवस्था सुचारु न हो तो अव्यवस्था स्वाभाविक है। इसी कारण कई मंदिरों में व्यक्तिगत रूप से भोग-अर्पण की मनाही है।

## सत्कर्मों में सदैव आस्था रखें



संकलित
प्रेरणा

एक नदी के तट पर एक शिव मंदिर था, एक पंडितजी और एक चोर प्रतिदिन अपनी-अपनी आस्था के अनुरूप मंदिर आया करते थे। जहां पंडितजी फल फूल, दूध चंदन आदि से प्रतिदिन शिवजी की पूजा करते। वहीं वह चोर रोज भगवान को खरी-खोटी सुनाता और अपने भाग्य को कोसता रहता। एक दिन पंडितजी और चोर एक साथ मंदिर से बाहर निकले। निकलते ही चोर को स्वर्णमुद्राओं से भरी एक थैली मिल गई। जबकि ठीक उसी समय पंडितजी के पैर में एक कील घुस गई। चोर स्वर्ण मुद्राओं से भरे थैले को पाकर अत्यंत प्रसन्न था। जबकि पंडितजी पीड़ा से परेशन थे, लेकिन पंडितजी को कील की पीड़ा से अधिक इस बात का कष्ट था कि मेरे पूजा पाठ करने के बाद भी बदले में भगवान ने मुझे कष्ट दिया। जबकि इस चोर के कुकर्मों के बदले में उसे स्वर्णमुद्राओं के रूप में पुरस्कार मिला। तब मंदिर से आवाज आई- हे पंडित! आज तुम्हारे साथ एक बड़ी दुर्घटना होने वाली थी। लेकिन तुम्हारे सत्कर्मों के कारण तुम केवल कील लगने की पीड़ा पाकर ही मुक्त हो गए। जबकि इस चोर के भाग्य में आज अपार धन संपत्ति प्राप्ति का योग था। लेकिन अपने कुकर्मों के कारण उसे केवल कुछ मुद्राएँ ही मिली हैं। अच्छे कर्म से ही मनुष्य का भविष्य एवं भाग्य बनता बिगड़ता है। इसलिए सदैव सत्कर्मों में आस्था बनाए रखना चाहिए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### सब्जियों के दामों में बढ़ोतरी क्यों

बारिश न हो तो सूखे के कारण सब्जियों के दाम में वृद्धि हो जाती है और अगर बारिश हो जाए तो भी सब्जियों के खराब होने के कारण दाम बढ़ जाते हैं। लेकिन इसका क्या हल निकाला जाए, यह शायद कोई नहीं सोचता है। देश में उगाई जाने वाली खाद्य वस्तुओं की बढ़ती कीमतों को देखकर तो यह लगने लगा है कि यह कहीं दूर विदेशों से आई हैं। देश के कुछ राज्यों में आजकल टमाटर के दाम आसमान छू रहे हैं। यह किसी एक सब्जी की आसमान छूती कीमत की बात नहीं है। कभी प्याज तो कभी अन्य सब्जियों के मूल्य आसमान छू जाते हैं। कृषि प्रधान देश में सब्जियों की कीमतों में बढ़ोतरी और फिर भी किसानों की दयनीय दशा सचमुच शर्मनाक है। सब्जियों की कीमतों को नियंत्रित किया जाना चाहिए। *– प्रकाश जैन, दुर्ग*

## ट्रेंड

### शिक्षा सामूहिक जिम्मेदारी



एनईपी का संपूर्ण कार्यान्वयन, प्रौद्योगिकी का बड़े पैमाने पर सीखने के परिणामों में सुधार भारत को एक ज्ञान महाशक्ति में बदलने और समान और समावेशी पहुंच को सक्षम करने के लिए केंद्रीय है। जड़युक्त, भविष्यवादी, बहुभाषी और 21वीं सदी की शिक्षा एक सामूहिक जिम्मेदारी है।

-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री

### समाधान का रास्ता



जैसे ही मैंने मध्य एशिया की अपनी यात्रा समाप्त की, मैं पूरे क्षेत्र में मिली एकजुटता की भावना से प्रोत्साहित होकर निकला। बिखरी हुई दुनिया में, यह खुशी की बात है कि मध्य एशिया अलग रास्ता चुन रहा है- सहयोग और सामान्य समाधान का रास्ता।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

### मन से आत्मा की ओर मुड़ें



परमात्मा संपूर्ण ब्रह्मांड में व्याप्त और मार्गदर्शन करने वाली मार्गदर्शक चेतना है। अहं-मन भौतिक स्तर पर उस आंतरिक प्रकाश का एक सीमित प्रतिबिंब है। जब तक हम मन से आत्मा की ओर नहीं मुड़ते, हम नहीं जान पाएंगे कि हम कौन हैं या अस्तित्व का अर्थ क्या है।

-डॉ डेविड फ्रॉली, अमेरिकी हिंदू लेखक

### आश्चर्यजनक प्रतिभा



पृथ्वी पर क्या चल रहा है? पिछले दो सप्ताह के भीतर दूसरी बार, भारतीय मूल की एक युवा महिला ने मंच पर धूम मचाई है। प्रतिभा जो बिल्कुल आश्चर्यजनक है। संगीत की स्वदेशी अमेरिकी शैलियों में अर्जित कौशल के साथ। रॉक एंड गॉस्पेल।

-आनंद महिंद्रा, उद्योगपति

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# नाटो में सबसे कम योगदान देने वाला देश बना कनाडा



अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन की मेजबानी में आयोजित हो रहे नाटो शिखर सम्मेलन की पूर्व संध्या पर एक प्रमुख अमेरिकी मीडिया संगठन ने कहा कि कनाडा 32 सदस्यीय इस सैन्य गठबंधन में सबसे कम योगदान देने वाले देशों में से एक बन गया है। प्रमुख अमेरिकी मीडिया संगठन 'पॉलिटिको' ने कहा, 'पिछले कई वर्षों में ओटावा 32 सदस्यीय गठबंधन में सबसे कम योगदान देने वाले देशों में से एक बन गया है। वह घरेलू सैन्य खर्च के लक्ष्यों को पूरा करने में नाकाम रहा है, नए उपकरण खरीदने के लिए वित्त पोषण देने में नाकाम रहा है और उसके पास इस संबंध में कोई योजना भी नहीं है।' कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो इस साल के उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए वाशिंगटन पहुंच गए हैं जिसकी औपचारिक शुरुआत आज होगी। ट्रुडो के कार्यालय ने बताया कि यहां बैठकों के दौरान वह पूरे यूरोप में नाटो के सामूहिक रक्षा प्रयासों में कनाडा के योगदानों पर प्रकाश डालेंगे। 'पॉलिटिको' ने कहा कि नाटो के 12 संस्थापक सदस्यों में से एक कनाडा ने रक्षा पर दो प्रतिशत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) खर्च करने के संकल्प पर 2014 में हस्ताक्षर किए थे।

## ऑफ बीट

# पृथ्वी के गर्म होने पर तूफानों में कैसे बदलाव आएंगे



जब एक जुलाई को तूफान बेरिल ने ग्रेनेडाइन द्वीप समूह पर हमला किया, तो इसकी 150 मील प्रति घंटे की रफ्तार वाली हवाओं और भयानक तूफान ने इसे उष्णकटिबंधीय अटलांटिक में आएं श्रेणी 5 का तूफान (सैफिर-सिम्पसन तूफान पवन पैमाने पर सबसे विनाशकारी ग्रेड) बना दिया। 2024 में सक्रिय तूफान के मौसम की भविष्यवाणी काफी पहले ही कर दी गई थी। हालाँकि, जिस गति से बेरिल तीव्र हुआ, उसने वैज्ञानिकों को आश्चर्यचकित कर दिया। यह तूफान केवल 24 घंटों में 70 मील प्रति घंटे की औसत हवाओं के साथ उष्णकटिबंधीय-तूफान की ताकत से 130 मील प्रति घंटे की हवाओं के साथ प्रमुख-तूफान की स्थिति में पहुंच गया। अल्बानी यूनिवर्सिटी, स्टेट यूनिवर्सिटी आफ न्यूयार्क में वायुमंडलीय विज्ञान के एसोसिएट प्रोफेसर ब्रायन टैंग कहते हैं, 'बेरिल जून की बजाय तूफान के मौसम में आने वाला विशिष्ट तूफान है, और इसकी तीव्रता और ताकत असामान्य रूप से गर्म पानी के कारण होती है।' जैसे-जैसे रिकॉर्ड जीवाश्म ईंधन उत्सर्जन के कारण दुनिया तेजी से गर्म हो रही है, शोध से पता चलता है कि अभी और भी अप्रिय आश्चर्य आने वाले हैं।

# खालिस्तान समर्थक समूह सिख फॉर जस्टिस संगठन भारत में 5 साल के लिए और बैन, गृहमंत्रालय ने जारी की अधिसूचना

एसएफजे अखंडता सुरक्षा के लिए हानिकारक

**भारत विरोधी और गैरकानूनी गतिविधियों के लिए प्रतिबंध को केंद्र सरकार ने पांच साल के लिए बढ़ा दिया, सरकार ने इस संबंध में आदेश भी जारी कर दिया है**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका स्थित वकील गुरपतवंत सिंह पन्नून द्वारा स्थापित खालिस्तान समर्थक समूह सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) पर उसकी लगातार भारत विरोधी गतिविधियों के लिए प्रतिबंध को केंद्र ने पांच साल के लिए बढ़ा दिया है।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मंगलवार को जारी एक अधिसूचना में कहा कि एसएफजे को उसकी राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के लिए पांच साल पहले गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत प्रतिबंधित संगठन घोषित किया गया था। अधिसूचना में कहा गया है कि केंद्र सरकार की राय है कि एसएफजे उन गतिविधियों में शामिल है जो देश की अखंडता और सुरक्षा के लिए हानिकारक हैं और पंजाब और अन्य जगहों पर राष्ट्र-विरोधी और विध्वंसक गतिविधियों में शामिल है, जिसका उद्देश्य संप्रभुता और क्षेत्रीयता को बाधित करना है।

इसमें कहा गया है कि एसएफजे आतंकवादी संगठनों और कार्यकर्ताओं के साथ निकट संपर्क में है, और भारत के क्षेत्र से बाहर एक संप्रभु खालिस्तान बनाने के लिए पंजाब और अन्य जगहों पर उग्रवाद और उग्रवाद के हिंसक रूप का समर्थन कर रहा है। खालिस्तान समर्थक अलगाववादी समूह भारतीय क्षेत्र के एक हिस्से को अलग करने की गतिविधियों को प्रोत्साहित और



सहायता कर रहा है और भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को बाधित करने के इरादे से गतिविधियों और अभिव्यक्ति में शामिल होकर भारत और अन्य जगहों पर इस उद्देश्य के लिए लड़ने वाले अलगाववादी समूहों का समर्थन कर रहा है। गृह मंत्रालय ने कहा कि सरकार को लगता है कि अगर एसएफजे की गैरकानूनी गतिविधियों पर तुरंत अंकुश और नियंत्रण नहीं किया गया, तो इसकी विध्वंसक गतिविधियों में वृद्धि होने की संभावना है, जिसमें कानून द्वारा स्थापित सरकार को अस्थिर करके भारत के क्षेत्र से खालिस्तान राष्ट्र बनाने के प्रयास भी शामिल हैं। गृहमंत्रालय की अधिसूचना में इस बात का खास जिक्र किया गया है कि एसएफजे पंजाब को भारत से अलग करने और खालिस्तान के गठन की वकालत करता रहता है, यह देश की क्षेत्रीय अखंडता और सुरक्षा के लिए हानिकारक राष्ट्रविरोधी और अलगाववादी भावनाओं का प्रचार करता रहता है और अलगाववादी आंदोलनों को बढ़ाता है, और उग्रवाद का समर्थन करता है और हिंसा भड़काता है।

अब, इसलिए, गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 (1967 का 37) की धारा 3 की उपधारा (1) और (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केंद्र सरकार इसके द्वारा घोषणा का विस्तार करती है सिख्स फॉर जस्टिस एक गैरकानूनी संघ है और निर्देश देता है कि यह अधिसूचना, उक्त अधिनियम की धारा 4 के तहत किए जाने वाले किसी भी आदेश के अधीन, 10 जुलाई, 2024 से 5 साल की अतिरिक्त अवधि के लिए प्रभावी होगी।

उल्लेखनीय है कि खालिस्तान समर्थक समूह सिख फॉर जस्टिस की स्थापना अमेरिका स्थित पन्नून ने की थी, जिसे सरकार ने भी आतंकवादी घोषित किया था। इसने करीब तीन साल पहले अलग खालिस्तान के लिए जनमत संग्रह का अभियान भी चलाया था। पन्नून, जिसके पास अमेरिका और कनाडा की दोहरी नागरिकता है, भारत में आतंकवादी आरोपों में वांछित है।

## खबर संक्षेप

### मरीन लाइंस समेत 7 स्टेशनों के नाम बदलेंगे



**मुंबई।** महाराष्ट्र विधान परिषद ने मुंबई लोकल ट्रेन नेटवर्क पर 7 स्टेशनों के नामों को बदलने का प्रस्ताव पारित कर दिया है। सीएम एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना, भाजपा और उपमुख्यमंत्री अजित पवार की अगुवाई वाली एनसीपी की महायुति सरकार अब केंद्र सरकार की स्वीकृति के लिए नए नामों को उसके पास भेजेगी। मरीन लाइंस का नाम मुंबादेवी होगा।

### 14 दवाओं के लाइसेंस रद्द होने के बाद बिक्री रोकी



**देहरादून।** योग गुरु बाबा रामदेव की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। उनकी आयुर्वेदिक प्रोडक्ट बनाने वाली कंपनी पतंजलि ने सुप्रीम कोर्ट को जानकारी दी कि उसने उन 14 उत्पादों की बिक्री पर रोक लगा दी है, जिनके विनिर्माण लाइसेंस को उत्तराखंड की सरकार ने निलंबित कर दिया था। अब बाबा रामदेव ने सफाई देते हुए कहा कि इनकी ब्रिक्री को रोक दिया गया है।

### अब बंगाल में लड़की की पिटाई का वीडियो वायरल



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में एक और लड़की की पिटाई का वीडियो वायरल हो रहा है। भाजपा के प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने इसे साझा कर ममता सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने उनकी पार्टी टीएमसी का मतलब ' तालिबानी मुझे चाहिए' बताया है। वीडियो पर टीमसी ने कहा कि यह वीडियो 2011 का है और दो आरोपी जेल में है। वह पुरुष भी हो सकता है।

## एसआईटी की जांच में हादसे के पीछे किसी बड़ी साजिश की भी व्यक्त की आशंका

# एसडीएम, सीओ, तहसीलदार समेत छह अधिकारी 'नपे', सभी निलंबित

सत्संग के दौरान भगदड़ में हो गई थी 121 लोगों की मौत

हरिभूमि न्यूज, लखनऊ।

हाथरस कांड में यूपी सरकार ने बड़ी कार्रवाई कर दी है। एसआईटी की जांच रिपोर्ट के आधार पर घटना के 7 दिन बाद एसडीएम और सीओ समेत पुलिस-प्रशासन के 6 अधिकारियों को निलंबित कर दिया। अभी दर्जन भर अधिकारियों पर कार्रवाई की तलवार लटकी है। एसआईटी की रिपोर्ट में घटना के लिए मुख्य रूप से आयोजकों को कसूरवार माना गया है। साथ ही हादसे के पीछे किसी बड़ी साजिश की भी आशंका व्यक्त की गई है।

गांव फुलरई में 2 जुलाई को साकार विश्व हरि उर्फ भोले बाबा का सत्संग का आयोजन किया गया था। इस दौरान भगदड़ से 121 लोगों की मौत हो गई थी। इस मामले में राज्य सरकार की ओर से एडीजी आगरा जोन अनुपमा कुलश्रेष्ठ और अलीगढ़ मंडल की कमिश्नर चैत्रा वी की संयुक्त एसआईटी गठित की गई थी। एसआईटी ने सोमवार को जांच रिपोर्ट शासन को सौंप दी। इसमें कहा गया है कि आयोजकों की लापरवाही से हादसा हुआ। एसडीएम ने मौके पर जाए बिना कार्यक्रम की अनुमति दे दी, साथ ही अन्य जिम्मेदार अधिकारियों ने भी घोर लापरवाही बरती।

### एसआईटी रिपोर्ट की जांच रिपोर्ट



#### सीएम योगी ने सख्त कार्रवाई की

उधर जांच रिपोर्ट मिलते ही सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा कड़ा एक्शन लिया गया। इस मामले में तहसील सिकंदराराऊ के एसडीएम रविंदर कुमार, सीओ आनंद कुमार, इंसपेक्टर आशीष कुमार, कचरा चौकी प्रभारी मनवीर सिंह और पोरा चौकी प्रभारी बृजेश पांडेय को निलंबित कर दिया गया है। उधर शासन के सूत्रों का दावा है कि यह पहली कार्रवाई है। अभी दर्जन भर अधिकारियों पर भी जल्द कार्रवाई की जद में है। शासन की तल्ख रुख के चलते हाथरस प्रशासन में खलबली का आलम हैं।

#### भोले बाबा तक भी पहुंच सकती है जांच की आंच

एसआईटी की जांच रिपोर्ट में चौंकाने वाली बात तो यह है कि भोले बाबा को हादसे के मामले में फिलहाल दोषी नहीं पाया गया है। लेकिन रिपोर्ट में यह भी साफ कहा गया है कि यह अभी प्रथम दृष्टया जांच रिपोर्ट है। आगे इस मामले में गभीरता से जांच कराई जाने की जरूरत है। इससे साफ तौर पर संकेत मिल रहे हैं कि भविष्य में साकार विश्व हरि उर्फ भोले बाबा तक जांच की आंच पहुंच सकती है। हालांकि उधर सूत्रों का दावा है कि हाथरस कांड को लेकर चल रही जांच में भोले बाबा के कई साल पुराने वीडियो का भी विश्लेषण किया जा रहा है। भोले बाबा के सत्संग के बयानों को बारीकी से टटोला जा रहा है। जैसे ही बयानों में कुछ संदग्धि मिलेगा, वहीं से एक्शन की शुरूआत हो सकती है।

### सुप्रीम कोर्ट में मामले की सुनवाई

#### याचिका सूचीबद्ध करने के निर्देश दिए



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने हाथरस भगदड़ मामले की जांच की मांग करने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई की तारीख दे दी है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने बताया कि उन्होंने सोमवार को याचिका को सूचीबद्ध करने के निर्देश दिए। उत्तर प्रदेश के हाथरस में दो जुलाई को भोले बाबा के सत्संग में भगड़द मच गई, जिसमें 121 लोगों की मौत हो गई। भगदड़ की जांच के लिए शीर्ष अदालत के सेवानिवृत्त जज की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय समिति की नियुक्ति की मांग की गई है। याचिका में उत्तर प्रदेश सरकार को दो जुलाई को घटना पर एक रिपोर्ट तैयार करने और अधिकारियों के खिलाफ लापरवाही के लिए कार्रवाई शुरू करने की मांग की गई है। 2.5 लाख से भी अधिक श्रद्धालु दो जुलाई को हाथरस जिले का फुलरई गांव में भोले बाबा के सत्संग में शामिल हुए थे।

### हादसे की न्यायिक जांच जारी

सरकार ने हाथरस हादसे की जांच के लिए हाईकोर्ट के रिटायर जज बृजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोग गठित किया है। इसमें पूर्व आईएएस हेमंत राव और पूर्व आईपीएस भावेश कुमार सिंह भी सदस्य के तौर पर शामिल हैं। न्यायिक आयोग ने बीते दिनों हाथरस जाकर घटनास्थल का दौरा भी किया था। साथ ही करीब 34 लोगों के बयान भी दर्ज किए हैं। आयोग को दो माह के अंदर जांच रिपोर्ट शासन को सौंपनी हैं।

#### मायावती को छोड़ किसी ने नहीं घेरा बाबा को

इस मामले में देश के प्रमुख राजनीतिक दलों की चुप्पी भी रहस्य बनी हुई है। कांग्रेस, सपा, भाजपा, रालोद हादसे के पीछे भोले बाबा पर कार्रवाई की मांग से बचते नजर आए है। लेकिन बसपा की मुखिया मायावती ने शासन प्रशासन के साथ ही भोले बाबा को हादसे का कथित तौर पर दोषी बताया है। साथ ही आयोजकों, परशासन के अफसरों और भोले बाबा पर भी कार्रवाई की मांग की है।

## वर्ली हिट एंड रन केस में सुनवाई

# मुंबई पुलिस ने कसा शिकंजा मुख्य आरोपी मिहिर गिरफ्तार



एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई पुलिस ने वर्ली हिट एंड रन मामले के मुख्य आरोपी मिहिर शाह को गिरफ्तार कर लिया है। मिहिर शाह घटना के बाद से फरार था।

इस मामले में आरोपी के पिता राजेश को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। मुंबई पुलिस ने मंगलवार को स्थानीय अदालत को बताया कि मुख्य आरोपी मिहिर शाह (24 वर्ष) घटना के समय कथित तौर पर कार चला रहा था। आरोपी ने महिला को डेढ़ किलोमीटर घसीटने के बाद ड्राइवर को गाड़ी चलाने के लिए दे दिया था।ड्राइवर राजऋषि राजेंद्रसिंह बीदावत ने बीएमडब्ल्यू कार को रिवर्स किया और दूसरी बार महिला को कुचल दिया।

### सीसीटीवी फुटेज भी कोर्ट में पेश किया

मिहिर शिव सेना (शिंदे गुट) के पालघर इकाई के नेता राजेश शाह का बेटा है। मुंबई पुलिस ने बताया कि घटना के बाद राजेश ने अपने बेटे को मौके से भागने के लिए कहा था। उन्होंने ड्राइवर को जिम्मेदारी लेने की हिदायत भी दी थी। पुलिस ने अदालत में एक सीसीटीवी फुटेज भी पेश किया था जिसमें पीड़िता कावेरी को कार से 1.5 किमी तक घसीटते हुए दिखाया गया था। फुटेज में दिख रहा है कि मिहिर और ड्राइवर ने महिला को बोनट से खींचकर सड़क पर गिरा दिया और फिर बीएमडब्ल्यू को रिवर्स करते हुए उसे फिर से

### कावेरी की हो चुकी मौत

रविवार को मुंबई के वर्ली इलाके में हिट-एंड-रन घटना में कावेरी नखवा की मौत हो गई। उनके पति प्रदीप नखवा के अनुसार यह हादसा सुबह करीब 4 बजे हुआ जब वे मछली खरीदकर घर लौट रहे थे। उन्होंने कहा था कि तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे कावेरी सीजे हाउस से सी लिंक रोड तक घसीटती चली गई जिससे उसकी मौत हो गई। नखवा ने आरोप लगाया था कि मिहिर को एक राजनीतिक नेता के बेटे के रूप में उनके संबंधों के कारण गिरफ्तार नहीं किया जा रहा है।

# विधानसभा चुनाव से पहले ब्राह्मण वर्ग से प्रदेश अध्यक्ष बनाकर जातीय समीकरण किए पुख्ता, नड्डा ने दी स्वीकृति

विधायक मोहन लाल बड़ौली हरियाणा भाजपा के अध्यक्ष नियुक्त

पिछले महीने ही सोनीपत सीट से लोकसभा चुनाव हारे हैं बड़ौली

मनोहर लाल और नायब सैनी से नजदीकी के चलते कई बड़े नेताओं को किनारे करने में सफल रहे मोहन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने लंबे इंतजार के बाद आखिरकार हरियाणा में प्रदेश अध्यक्ष पद पर विधायक मोहन लाल बड़ौली की नियुक्ति कर दी। मंगलवार को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की मंजूरी के बाद बड़ौली के नाम की घोषणा की गई। लोकसभा चुनाव में मोहन लाल ने भाजपा के टिकट पर सोनीपत सीट से चुनाव लड़ा था और उन्हें कांग्रेस उम्मीदवार से हार का सामना करना पड़ा था।

बड़ौली को अध्यक्ष बनाकर भाजपा ने ब्राह्मण कार्ड खेला है। 3 महीने बाद हरियाणा में विधानसभा चुनाव होंगे। फिलहाल मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश भाजपा अध्यक्ष का पद संभाले हुए थे। सोनीपत इलाके की राई विधानसभा सीट से विधायक बड़ौली के सामने आगामी चुनाव में पार्टी को जीत दिलाने की बड़ी चुनौती है।

कई मायनों में बड़ौली की ताजपोशी चौंकाने वाली रही। अध्यक्ष बनने की दौड़ में पार्टी के कई बड़े नेता शामिल थे पर उनको दरकिनार करते हुए भाजपा हाईकमान ने मोहन लाल बड़ौली पर दांव लगाया बावजूद इसके कि वे पिछले महीने ही लोकसभा चुनाव हारे हैं। बताया जा रहा है कि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से नजदीकी के चलते बड़ौली अध्यक्ष बनने में सफल रहे। बड़ौली अभी तक हरियाणा भाजपा के संगठन में प्रदेश महामंत्री की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। पिछले दिनों राज्य के दौरे पर आये केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अगले विधानसभा चुनावों में मुख्यमंत्री नायब सैनी को ही मुख्यमंत्री चेहरा बनाने की बात कही थी। सैनी ओबीसी वर्ग से आते हैं। मोदी मंत्रिमंडल के गठन के दौरान हरियाणा के पांच विजयी सांसदों में से तीन सांसदों मनोहर लाल, राव इंद्रजीत सिंह और कृष्ण पाल गुर्जर को मंत्री बनाया गया था। अब ब्राह्मण वर्ग से प्रदेश अध्यक्ष बनाकर भाजपा ने विधानसभा चुनाव से पहले जातीय समीकरणों को और मजबूत किया है।

भाजपा 2019 के विधानसभा चुनावों में भाजपा अपने बूते पर बहुमत हासिल नहीं कर पाई थी। जेजेपी से गठबंधन टूटने के बाद हरियाणा में भाजपा सरकार निर्दलीय विधायकों के सहारे चल रही है। अब मुख्यमंत्री सैनी और प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली के सामने लगातार तीसरी बार पार्टी को सत्ता में लाने की चुनौती है।

## बेंगलुरू में चलती बस में आग



**बेंगलुरू।** मंगलवार को हर दिन की तरह बेंगलुरू में बेंगलुरु मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन की पैसेंजर्स से भरी बस डिपो से चली ही थी कि बस ड्राइवर को कुछ जलने की बदबू आई। जब उसने अपने पीछे मुड़कर सवारियों से भरी बस में पीछे देखा तो वो हैरान हो गया। आग की लपटें और धुंआ दिख रहा था। ड्राइवर ने बिना कुछ रिसपांस किए बस को तुरंत रोका और सभी यात्रियों को बस नीचे उतरने के लिए कहा।

## ढाई करोड़ से ज्यादा रिफंड अब भी बकाया, उपभोक्ताओं को 23 करोड़ वापस किए गए

# सीसीपीए 'कोविड' के कारण रद्द उड़ानों की बुकिंग राशि वापस कराने में जुटा

*उपभोक्ता शिकायतों के निर्बाध समाधान के लिए राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्प लाइन ने एजेंसी के*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (1915-टोल फ्री नंबर) के माध्यम से केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) के संज्ञान में आया है कि कोविड लॉकडाउन के कारण रद्द किए गए हवाई टिकटों का रिफंड वापस न किए जाने के संबंध में कई शिकायतें दर्ज की गई थीं, जिसमें उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया था कि ट्रैवल एजेंसियों ने उन्हें सूचित किया है कि एयरलाइनों से उन्हें रिफंड नहीं मिला है।

उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने कहा है कि यह सीसीपीए के संज्ञान में आया कि सर्वोच्च न्यायालय ने प्रवासी कानूनी प्रकोष्ठ बनाम भारत संघ (2020 का डब्ल्यूपी (सी) डी.न.10966) के अपने फैसले में निर्देश दिया था कि यदि लॉकडाउन अवधि के दौरान यात्रा के लिए किसी ट्रैवल एजेंट के माध्यम से टिकट बुक किए गए हैं, तो ऐसे सभी मामलों में एयरलाइनों द्वारा तुरंत पूरी धनवापसी की जाएगी। इस तरह के रिफंड पर, एजेंट, यात्रियों को तुरंत राशि वापस करेंगे। उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने जानकारी दी है कि उपरोक्त स्थिति को देखते हुए सीसीपीए ने कोविड लॉकडाउन के कारण रद्द किए गए एयरलाइन टिकटों का रिफंड वापस न करने के संबंध में 'यात्रा' ऑनलाइन ट्रैवल प्लेटफार्म के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेते हुए कार्रवाई शुरू की। कोविड से प्रभावित हुई बुकिंग के रिफंड की देरी के संबंध में इस ट्रैवल कंपनी को 9 मार्च 2021 को कारण बताओ नोटिस भेजा गया था। सीसीपीए ने कंपनी की कई सुनवाई की और उपभोक्ताओं को की गई धनवापसी की प्रगति की बारीकी से निगरानी की। मंत्रालय के अनुसार 8 जुलाई, 2021 से 25 जून, 2024 तक सीसीपीए ने इन मुद्दों को हल करने के लिए कई सुनवाई की। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप, 'यात्रा' ऑनलाइन लिमिटेड ने लंबित रिफंड बुकिंग की कुल संख्या को कम करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। वर्ष 2021 में, 36,276 लंबित बुकिंग थीं जिनकी राशि 26,25,82,484 थी। 21 जून, 2024 तक यह संख्या काफी कम होकर 4,837 बुकिंग रह गई है, जिसकी रिफंड राशि 2,52,87,098 है। 'यात्रा' ने उपभोक्ताओं को लगभग 87 प्रतिशत राशि वापस कर दी है और उपभोक्ताओं को लगभग 13 प्रतिशत राशि वापस करने का प्रयास किया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि एयरलाइनों द्वारा तुरंत और कुशलता से सभी लंबित रिफंड दिया जा सके।

वर्ष 2021 में, 9,60,14,463 रुपए के रिफंड के लिए एयरलाइनों से संबंधित कुल 5,771 बुकिंग लंबित थीं। वर्ष 2024 तक, 'यात्रा' ऑनलाइन प्लेटफार्म ने 31,79,069 की बकाया राशि वापस कर दी और एयरलाइनों की लंबित बुकिंग 98 रह गई हैं। सीसीपीए ने 27 जून के आदेश के माध्यम से 'यात्रा' की 22 शेष एयरलाइनों को उपभोक्ताओं को शीघ्रता से 31,79,069 का रिफंड वापस करने का निर्देश दिया।

## मंदिर में की पूजा-अर्चना

# रायबरेली स्थित एम्स में राहुल ने मरीजों का हालचाल जाना

एजेंसी ▶▶ रायबरेली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली के दौरे पर हैं। मंगलवार को वह करीब 10 बजे रायबरेली पहुंचे और सबसे पहले चुरुआ के हनुमान मंदिर में दर्शन-पूजन किया और फिर भुएमऊ गेस्ट हाउस के लिए रवाना हो गए।

यहां उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और लोगों से मिले। दोपहर को वह रायबरेली के एम्स अस्पताल पहुंचे और यहां पर भर्ती मरीजों से उनका हालचाल लिया। राहुल की भारतीय किसान यूनियन



के नेताओं से भी वार्ता हुई। राहुल को किसान नेताओं ने सड़क मार्ग से वापस आते समय रोक लिया था। राहुल ने किसानों को निराश नहीं किया और समस्याओं को सुना। इसके साथ ही राहुल ने शहीद कर्नल के पारिवार से भी मुलाकात की थी और उन्हें सांत्वना दी और सहयोग करने की बात कही थी।

### वाहन टायर विनिर्माता संघ एटीएमए ने की मांग

# बजट में 'कबाड़' टायर के आयात पर अंकुश लगाने के उपाय करे सरकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वाहन टायर विनिर्माता संघ (एटीएमए) ने मंगलवार को कहा कि भारत में कबाड़ टायर के आयात पर अंकुश लगाने की जरूरत है। निकाय ने कहा कि देश कबाड़ टायर का 'डंपिंग ग्राउंड' बनता जा रहा है। एटीएमए ने वित्त मंत्रालय को अपनी बजट-पूर्व अनुशंसाओं में कहा कि वित्त वर्ष 2020-21 के बाद से भारत में बेकार/कबाड़ टायर का आयात पांच गुना से अधिक बढ़ गया है।

- कबाड़ टायर का डंपिंग ग्राउंड बनता जा रहा भारत

इसमें कहा गया, कबाड़ टायर का ऐसा अंधाधुंध आयात न केवल पर्यावरण व सुरक्षा के लिहाज से चिंताजनक है, बल्कि यह विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (ईपीआर) विनियमन के उद्देश्य को भी कमजोर

**खास बातें**

- वर्ष 2020-21 के बाद से कबाड़ टायर का आयात पांच गुना बढ़ा
- अंधाधुंध आयात पर्यावरण व सुरक्षा के लिहाज से चिंताजनक



### एमएसएमई के भुगतान नियम में दे सकती है ढील सरकार

सरकार बड़ी कंपनियों को अन्य स्रोतों की ओर देखने से रोकने के लिए वस्तुओं व सेवाओं की खरीद के 45 दिन के भीतर एमएसएमई को भुगतान करने की आवश्यकता में ढील दे सकती है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। इसकी घोषणा बजट में की जा सकती है।

### टायर विनिर्माण सालाना 20 करोड़ से अधिक

यह नियम जुलाई, 2022 से लागू है। एटीएमए के चेयरमैन अर्नब बनर्जी ने चिंता जाहिर करते हुए कहा, 'भारत में बेकार/कबाड़ टायर के आयात पर नीतिगत उपायों के जरिये अंकुश लगाने की आवश्यकता है ....।' उन्होंने कहा कि भारत दुनिया में अग्रणी टायर विनिर्माताओं में से एक के रूप में उभरा है, जहां घरेलू स्तर पर टायर का विनिर्माण सालाना 20 करोड़ से अधिक पर पहुंच गया है।

### टायर पर मूल सीमा शुल्क 10-15 फीसदी

इसमें दावा किया गया, 'मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के तहत टायर पर मूल सीमा शुल्क 10-15 प्रतिशत है, जबकि देश में टायर का आयात और भी कम शुल्क (तरजीही शुल्क) पर किया जाता है। इसके प्रमुख कच्चे माल, यानी प्राकृतिक रबड़ पर मूल सीमा शुल्क बहुत अधिक (25 प्रतिशत या 30 रुपये प्रति किलोग्राम, जो भी कम हो) है।'

### 40 फीसदी प्राकृतिक रबर की जरूरत आयात से पूरी

देश में पर्याप्त घरेलू एंड ऑफ लाइफ टायर (ईएलटी) क्षमता उपलब्ध है। एटीएमए ने अपनी बजटीय अनुशंसा में देश में घरेलू मांग-आपूर्ति के अंतर को पाटने के लिए प्राकृतिक रबड़ (एनआर) के शुल्क मुक्त आयात की भी मांग की है। इसमें कहा गया, घरेलू स्तर पर निर्मित प्राकृतिक रबड़ की अनुपलब्धता के कारण टायर उद्योग की करीब 40 प्रतिशत प्राकृतिक रबड़ की आवश्यकता आयात से पूरी होती है।

### प्राकृतिक रबर पर शुल्क अधिक

भारत में प्राकृतिक रबड़ के आयात पर शुल्क की उच्चतम दर उद्योग की प्रतिस्पर्धी क्षमता को प्रभावित करती है। एटीएमए ने टायर के प्रमुख कच्चे माल, प्राकृतिक रबड़ पर उलट शुल्क ढांचे के मुद्दे को प्राथमिकता के आधार पर हल करने की आवश्यकता को भी रेखांकित किया।

## नैटहेल्थ का बजट में स्वास्थ्य पर सार्वजनिक व्यय जीडीपी के 2.5% तक करने का सुझाव

**नई दिल्ली (भाषा)।** स्वास्थ्य सेवा उद्योग निकाय नैटहेल्थ ने सरकार से सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यय को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 2.5 प्रतिशत तक बढ़ाने का आग्रह किया है। इसके अलावा निकाय ने स्वास्थ्य सेवा के लिए माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की एक समान पांच प्रतिशत की दर लागू करने का भी सुझाव दिया है। नैटहेल्थ ने अपनी बजट-पूर्व अनुशंसाओं में, "उन परिवर्तनकारी उपायों को लागू करने का आह्वान किया, जो स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने तथा मांग व आपूर्ति-पक्ष दोनों चुनौतियों का समाधान करने के लिए रणनीतिक निवेश पर ध्यान केंद्रित करते हैं।" वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को लोकसभा में वित्त वर्ष 2024-25 का पूर्ण बजट पेश कर सकती हैं। नैटहेल्थ के अध्यक्ष एवं मैक्स हेल्थकेयर इंस्टिट्यूट के चेयरमैन व प्रबंध निदेशक अभय सोई ने कहा कि भारत ने वैश्विक स्वास्थ्य सेवा महाशक्ति बनने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की है। इसने सकल घरेलू उत्पाद और रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

## वित्तीय समावेश सूचकांक बढ़कर 64.2 : आरबीआई

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक का वित्तीय समावेश सूचकांक इस साल मार्च में बढ़कर 64.2 हो गया। देश भर में वित्तीय समावेश की स्थिति को मापने वाले सूचकांक के सभी मानदंडों में वृद्धि देखी गयी है। सूचकांक वित्तीय समावेश से संबंधित सभी पहलुओं को शामिल करता है। इसके तहत शून्य से 100 के बीच मूल्य दिया जाता है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना संख्या : SrDEE-TRD-BSB-2024-25-T08 दि. 08.07.2024**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई-निविदा आमंत्रित करते हैं :

**क्र. सं. : 01, कार्य का नाम :** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के एच.यू.एन. मार्ग (फेज–II) के वाराणसी–प्रयागराज रामबाग खण्ड में क्षमता उन्नयन हेतु 2x25 केवी ट्रैक्शन सिस्टम के लिए ओएचई में संशोधन कार्य, **टेंडर रिफरेंश नं. :** SrDEE-TRD-BSB-2024-25-T08, **कार्य का अनुमानित लागत रुपया में :** ₹ 32,50,15,430.51, **धरोहर राशि रुपया में :** ₹ 17,75,100/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपया में :** शून्य, **निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय :** 30.07.2024 up to 14:45 Hrs., **कार्य पूरा करने की अवधि :** 18 माह।

- खुली ई-निविदा दिनांक 30.07.2024 को 14:45 बजे तक जमा कर सकेंगे।
- पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

**मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी**
**पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी**
**मुजाधि/विद्युत-76**

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

**कोर्ट विद्यमान**
**कामगार नुकसान भरपाई आयुक्त, प्रथम कामगार न्यायालय, नागपूर**

**केस नं.Misc. W.C.A.(A) No. : A- 64/2024**
**पेशी तारीख 12/08/2024**
**अर्जदार : शबनम मो. शहिद खान व इतर**
**-विरूध्द-**
**गैरअर्जदार : एच.डी.एफ.सी. इरगो जनरल इंशुरंस को. लि.**

**जाहीर सूचना**

आम जनता को सुचित किया जाता है की, मृतक **शाहिद खान** इनकी दुर्घटना में मृत्यु हुई है। गैरअर्जदार इन्होने नुकसान भरपाई की रक्कम रूपये **20,72,710/- (बीस लाख बहात्तर हजार सातशे दहा केवल)** मा. विद्यमान न्यायालय में जमा किये है। उपरोक्त रक्कम मिलने के लिए मृतक के आश्रीत **१. शबनम मो. शहिद खान (पत्नी), २. मो. रिजवान खान मो. शहिद खान (लडका), ३. मो. अयान मो. शहिद खान (लडका), ४. अलताफ मो. शहिद खान (लडका), रहनेवाले- आदर्श कॉलनी, फरिदाबाद, जि. फरिदाबाद, हरियाणा- १२१००१** इन्होने रक्कम मिलने वास्ते दावा दाखल किया है। इनके अलावा उत्तराधिकारी यदी कोई हो तो, सूचना जाहीर होने के पश्चात ३० दिन के अंदर या दिनांक १२/०८/२०२४ को लिखीत कागदपत्रो के साथ न्यायालय मे अपना दावा पेश करे। अन्यथा उपरोक्त रक्कम का भुगतान उपस्थित उक्त आश्रीत को किया जायेगा इसकी सूचना प्राप्त करे।

यह सुचना मा. कोर्ट के आदेश नुसार आज दि. ०६/०७/२०२४ को कोर्ट के शिक्के के साथ दि जाती है।

शिक्का
**मा. कोर्ट के आदेश नुसार न्यायालय लिपीक, कामगार न्यायालय, नागपूर.**

Prasanna Publicity 09326927622

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**शुद्धिपत्र**

**संदर्भ: i) निविदा सूचना क्रमांक** 03/2024-25 **दिनांक:** 10.04.2024
**ii) निविदा संख्या** 15235293 05.09.2024 **को देय है।**

**01.** उपरोक्त निविदा के संदर्भ में **नियत तिथि 08.07.2024 से बढ़ाकर 05.09.2024** कर दी गई है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित हैं।

शुद्धिपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया गया है।

2083/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## भारत ने 2023-24 में 4.7 करोड़ नौकरियां जोड़ीं

**मुंबई।** भारत ने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान लगभग 4.7 करोड़ नौकरियां जोड़ी हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। इसके साथ ही अर्थव्यवस्था के 27 क्षेत्रों में कुल नियोजित लोगों की संख्या बढ़कर 64.33 करोड़ हो गई है। मार्च, 2023 के अंत में इन 27 क्षेत्रों में कार्यरत लोगों की संख्या 59.67 करोड़ थी। आरबीआई ने अपनी वेबसाइट पर 'उद्योग स्तर पर उत्पादकता मापन - भारत केएलईएमएस आंकड़े' शीर्षक के तहत ये आंकड़े प्रकाशित किए हैं। यहां केएलईएमएस का आशय पूंजी (के), श्रम (एल), ऊर्जा (ई) सामग्री (एम) और सेवा (एस) से है। आंकड़ों में संपूर्ण भारतीय अर्थव्यवस्था के 27 उद्योगों को शामिल किया गया है।इस तरह कृषि, व्यापार और वित्तीय सेवाओं सहित 27 क्षेत्रों में कार्यरत लोगों की संख्या 2023-24 में छह प्रतिशत बढ़ी, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष में इसमें 3.2 प्रतिशत वृद्धि हुई थी। केएलईएमएस आंकड़ों के मुताबिक, पिछले पांच वर्षों में कुल रोजगार 2019-20 के 53.44 करोड़ से बढ़कर 64.33 करोड़ हो गया। रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2022-23 में 'कृषि, शिकार, वानिकी और मछली' क्षेत्र ने 25.3 करोड़ व्यक्तियों को रोजगार दिया था। यह आंकड़ा 2021-22 में 24.82 करोड़ था। इसके अलावा उल्लेखीय रोजगार देने वाले क्षेत्रों में निर्माण, व्यापार तथा परिवहन और भंडारण शामिल थे।

## सोना 100 रुपये टूटा, चांदी में 180 रुपये की तेजी

**नई दिल्ली।** कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोना 100 रुपये की गिरावट के साथ 73,310 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 73,410 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 180 रुपये बढ़कर 94,450 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले सत्र में यह 93,270 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। वैश्विक बाजारों में कॉमेक्स में हाजिर सोना 2,362 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद भाव से 11 डॉलर कमजोर है, हालांकि, चांदी 31.03 डॉलर प्रति औंस पर बोली गई। पिछले सत्र में, यह 30.93 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुई थी।

**सूचना**

**सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।**

## खादी का कारोबार पहली बार 1.5 लाख करोड़ रुपए के पार

**कारोबारी वित्त वर्ष में 10 लाख रोजगार हुए सृजित**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) का सालाना कारोबार वित्त वर्ष 2023-24 में पहली बार 1.50 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है। इस दौरान 10 लाख से अधिक रोजगार भी सृजित हुए हैं। केवीआईसी के चेयरमैन मनोज कुमार ने मंगलवार को कहा कि पिछले वित्त वर्ष के बारे में जारी अस्थायी आंकड़ों के मुताबिक, बीते 10 वर्षों में उत्पादन 315 प्रतिशत जबकि खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री में 400 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

- उत्पादों की बिक्री में 400 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई

कुमार ने कहा कि वित्त वर्ष 2013-14 के बाद के 10 वर्षों में खादी एवं ग्रामोद्योग गतिविधियों में नए रोजगार का सृजन भी 81 प्रतिशत बढ़ गया। कुमार ने कहा, 'वित्त वर्ष 2023-24 में पहली बार 10 लाख से अधिक नए रोजगार पैदा हुए और हमारा कारोबार भी 1.5 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। वित्त वर्ष 2022-23 में केवीआईसी की बिक्री 1.34 लाख करोड़ रुपये रही थी।' वित्त वर्ष 2013-14 में खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग की बिक्री 31,154.2 करोड़ रुपये थी जो वर्ष 2023-24 में 1,55,673.12 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। केवीआईसी चेयरमैन ने कहा, 'वित्त वर्ष 2023-24 में हमारी कोशिशों से ग्रामीण क्षेत्रों में 10.17 लाख नए रोजगार पैदा हुए जिसने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने का काम किया।'



### ग्रामीण कारीगरों के उत्पादों की मांग बढ़ी

कुमार ने कहा कि ग्रामीण कारीगरों के बनाए उत्पादों की मांग बाजार में तेजी से बढ़ रही है और इसका असर उत्पादन, बिक्री एवं रोजगार आंकड़ों पर भी नजर आ रहा है।

## गेमिंग उद्योग में 20 फीसदी का उछाल

**नई दिल्ली।** भारतीय गेमिंग उद्योग चालू वित्त वर्ष 2024-25 तक 20 प्रतिशत बढ़कर 23,100 करोड़ रुपये पर पहुंचने के लिए तैयार है। ग्रांट थॉर्नटन भारत और ई-गेमिंग फेडरेशन की रिपोर्ट में मंगलवार को यह अनुमान जताया गया। रिपोर्ट में उद्योग के अनुमानों का हवाला देते हुए कहा गया कि भारत में ऑनलाइन गेमर्स की संख्या चीन से आगे निकलकर 44.2 करोड़ पर पहुंच गई है। इसमें गेमिंग उद्योग के लिए एक व्यापक आचार संहिता (सीओसी) की वकालत की गई, जो जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए नैतिक व्यवहार के स्पष्ट मानक निर्धारित करती हो। रिपोर्ट में कहा गया कि भारत में गतिशील गेमिंग परिदृश्य एक जीवंत युवा जनसांख्यिकी के कारण है और यह अभूतपूर्व वृद्धि के लिए तैयार है। इसमें कहा गया है, "उद्योग को वित्त वर्ष 2024-25 तक 20 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद है, जिसके साथ यह 23,100 करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा।

## मोटोरोला ने लॉन्च किया razr 50 ultra

**नई दिल्ली।** इस फ़ोन के सबसे बड़े और सबसे इंटेलीजेंट बाहरी डिस्प्ले ने भारत में फोल्डेबल स्मार्टफोन बाजार में खलबली मचा दी है, बाहरी डिस्प्ले से सीधे Google के जेमिनी - एक व्यक्तिगत AI सहायक - तक पहुंच प्रदान करने वाला एकमात्र फ्लिप फोन - प्री-रिजर्व 10 जुलाई 2024 से शुरू होगा। मोबाइल तकनीक और नवाचार में वैश्विक अग्रणी, मोटोरोला ने आज फोल्डेबल स्मार्टफोन तकनीक में एक बार फिर से बदलाव करते हुए अपने razr फ्रेंचाइजी के सबसे उन्नत स्मार्टफोन, मोटोरोला razr 50 अल्ट्रा को लॉन्च किया है। यह फ्लिप फोन मोटोरोला की विकास और उत्कृष्टता की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसमें विभिन्न उद्योग अग्रणी विशेषताएँ जैसे कि किसी भी फ्लिप फोन की सबसे बड़ी, सबसे इंटेलीजेंट बाहरी डिस्प्ले शामिल हैं।कल्पना कीजिए एक ऐसी दुनिया की जहाँ आपका स्मार्टफोन केवल एक डिवाइस नहीं, बल्कि एक व्यक्तिगत सहायक, क्रिएटिव स्टूडियो और उत्पादकता का पावरहाउस हो।

**पहचान के लिए अपील**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक पुरूष जिसका **नामः अज्ञात, पुत्रः** अज्ञात, **पताः** अज्ञात, जो कि दिनांकः 18.06.2024, प्रातः 6.00 बजे, को प्लेटफार्म नं0 09, मन्दिर के पास सब्जी मंडी की साइड, पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली, के क्षेत्र में मृत पाया गया। इस सन्दर्भ में **DD No.: 08A, दिनांक 18.06.2024, पुलिस थाना पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली** में रिपोर्ट दर्ज है।

नीचे मृत पुरूष की पहचान दी गई है :
**लिंगः** पुरूष, **उम्रः** 55–60 वर्ष, **कदः** 5'5", **रंगः** सांवला **पहनावाः** लाल रंग की कमीज़ और काले रंग की पैंट पहने हुए है।
अगर किसी को इस मृत पुरूष के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करें।

**थाना अध्यक्ष**
**पुलिस थाना पुरानी दिल्ली**
**रेलवे स्टेशन, दिल्ली**

**DP/8855/Rly/2024** **फोनः 011-23961522, 9560382723**

**हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग**
**बेज नं. 67-70, सेक्टर-2, पंचकूला-134151**
**(www.hssc.gov.in)**

**सार्वजनिक सूचना**

**ग्रुप-डी पदों, विज्ञा. सं. 01/2023 हेतु करेक्शन पोर्टल ऑफ (सीईटी)-2023, हरियाणा के सम्बन्ध में उम्मीदवारों विस्तार सूचना**

यह सम्बद्ध उम्मीदवारों की जानकारी हेतु है कि आयोग सूचना दिनांक 06.07.2024 के तहत, लिंक https://groupdcorrection.hryssc.com का उपयोग करते हुए करेक्शन पोर्टल पर सीईटी-ग्रुप डी की उनकी श्रेणियों में करेक्शन के सम्बन्ध में उम्मीदवारों से शिकायतें आमंत्रित की गई थी। इसके अतिरिक्त, शिकायतें जमा करवाने हेतु अन्तिम तिथि 08.07.2024 (अप. 11:59 बजे) थी।

अब, आयोग ने एक अन्तिम अवसर के तौर पर उनकी श्रेणी से सम्बन्धित ऑनलाइन शिकायतें जमा करवाने हेतु तिथि 10.07.2024 (अप. 11:59 बजे) तक बढ़ाने का निर्णय लिया है।

सभी उम्मीदवारों को उनकी श्रेणी सम्बन्धित शिकायत, यदि कोई हो, 10.07.2024 (अप. 11:59 बजे तक) जमा करवाने का परामर्श दिया जाता है, जिसके पश्चात आगे कोई अवसर किसी भी कीमत पर प्रदान नहीं किया जाएगा।

**स्थान : पंचकूला** **हस्ता/- सचिव**
**दिनांक : 08 जुलाई 2024** **हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग**
संवाद-1159/13/636/2025/27636/88/7 दि. 09.07.24 **पंचकूला**

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान रहेंगे। परिवार के स्वास्थ का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा।

**वृष** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**मिथुन** — व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सुधार होगा। आत्मसंयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी।

**सिंह** — रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है।

**कन्या** — धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार में भागदौड़ बढ़ सकती है। कार्यक्षेत्र में कुछ कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

**तुला** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। धन की स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक** — धन की स्थिति में सुधार आएगा। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**धनु** — वाणी में मधुरता रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखें। कुछ पुराने मित्रों से भेंट हो सकती है। आलस्य की अधिकता रहेगी। दिनचर्या अव्यवस्थित हो सकती है।

**मकर** — लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखें। परिश्रम की अधिकता रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कुंभ** — कारोबार में सुधार होगा। लाभ में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। सेहत का ध्यान रखें।

**मीन** — आय में वृद्धि होगी। माता से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। दिनचर्या अव्यवस्थित रहेगी। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। बातचीत में सन्तुलित रहें।

## पीएम मोदी आम बजट से पहले कल करेंगे अर्थशास्त्रियों से मुलाकात

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बृहस्पतिवार को प्रतिष्ठित अर्थशास्त्रियों से मुलाकात करेंगे और आगामी बजट के लिए उनके विचार तथा सुझाव सुनेंगे। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी दी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को लोकसभा में वित्त वर्ष 2024-25 का पूर्ण बजट पेश कर सकती हैं। अर्थशास्त्रियों तथा क्षेत्रीय विशेषज्ञों के अलावा प्रधानमंत्री की बैठक में नीति आयोग के वाइस चेयरमैन सुमन बेरी और अन्य सदस्य भी शामिल होंगे। यह मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला प्रमुख आर्थिक दस्तावेज होगा, जिसमें अन्य बातों के अलावा 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की रूपरेखा पेश किए जाने की उम्मीद है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पिछले महीने संसद की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए संकेत दिया था कि सरकार सुधारों की गति बढ़ाने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाएगी। वित्त वर्ष 2023-24 में अर्थव्यवस्था ने 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज की है सीतारमण ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर फरवरी में 2024-25 के लिए अंतरिम बजट पेश किया था।

## थर्ड पार्टी ऐप्स से अब नहीं कर पाएंगे भुगतान, आरबीआई ने बंद की सुविधा

**नई दिल्ली।** एक सप्ताह पहले यानी 1 जुलाई से ही क्रेडटि कार्ड से जुड़े नियमों में बदलाव हुआ है। अब रजिर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने इस हालिया बदलाव के तहत क्रेडिट कार्ड के बकाया बलि के भुगतान के तरीके में थोड़ा फेरबदल किया है। केंद्रीय बैंक के नए नयिम के अनुसार सभी थर्ड पार्टी ऐप्स जैसे फोन पे, अमेजन पे और पेटीएम के जरिए क्रेडिट कार्ड बिल का पेमेंट नहीं किया जा सकेगा। अगर आप भी अब तक इन थर्ड पार्टी ऐप के जरिए पेमेंट करते रहे हैं तो अब आपको भारत बिल पेमेंट सिस्टम (बीबीपीएस) का यूज करना होगा। इसे नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) की तरफ से मैनेज किया जाता है।

### क्या है बीबीपीएस प्लेटफॉर्म

भारत बिल पेमेंट सिस्टम (बीबीपीएस) को रिजर्व बैंक की तरफ से डेवलप कयिा गया है। इसका मकसद कारोबारियों और ग्राहकों के लिए पेमेंट कलेक्ट करने के प्रोसेस को आसान करना है। बीबीपीएस की वजह से कस्टमर बैंक शाखाओं और पेमेंट जमा करने वाली दुकानों के जरिए या फिर ऐप व वेबसाइट के माध्यम से डिजिटल तरीकों से आसानी से पेमेंट कर सकते हैं। इस सिस्टम से जल्दी पेमेंट होने का भरोसा मिलता है। यह कई तरह के पेमेंट मोड को स्वीकार करता है, जिससे यह और ज्यादा सुविधाजनक हो जाता है।

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**इ-निविदा (इ-प्रोक्युर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

**सं. NIT -44-24-25-W-II** **दिनांक: 09.07.2024**


निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/II, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ-निविदा आमंत्रण।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | NIT -44 | **कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता दवितिय के अंतर्गत सहायक मंडल अभियंता मेरठ के तहत MDNR स्टेशन पर लाइन नं. 1 व 4 पर बेलास्टलेस ट्रेक (BLT) का प्रावधान। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये):** IREPS पर NIT के अनुसार, **बयाना राशि (रुपये):** IREPS पर NIT के अनुसार | |
| 2 | निविदा खोलने की तिथि और समय | | 06.08.2024 15:00 Hrs. |
| 3 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। |

• ठेकेदारो को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी **www.ireps.gov.in** के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। **2091/24**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### शब्द पहेली - 5567



**बाएँ से दाएँ**
1.आदत से मजबूर-4
5.एक वाद्य यंत्र (अंग्रेजी-4)
8.हवा,समीर-3
9.रुष्ट,गुस्सा होना-2
11.सफेद,श्वेत-3
12.हमेशा,सदैव-4
14.मस्तूल, नाव पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
15.सिर्फ,महज-3
17.अनाज का कण-2
19.आधुनिक,नया-5
22.एक प्रकार का मसाला, अजमोदा-5
25.सदैव-2
26.ध्वजा-3
27.अधिकार-2
28.असमकक्ष-4
30.चिलमन,नकाब-3
31.वायु रोग-2
33.नल,टोंटी-3
35.आवश्यकता-4
36.शमशीर-4

**ऊपर से नीचे**
2.राजनीतिक पार्टी-2
3.नीच,अपराधी-4
4.बिजली कौंधना-5
5.बंदर,मर्कट-3
6.जूं का अंडा-2
7.दक्षता,होशियारी-4
10.उपकार,दया भार-4
13.कुचलना,दबाना-3
16.आमदनी-3
17.मूल्य,कीमत-2
18.वाद्य यंत्र-2
20.बहादुरी-3
21.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
22.नाज,नखरा-2
23.उत्तराधिकारी-3
24.आधुनिकता-4
25.झिझकना-5
26.हौसला, ताकत-4
28.शत्रुता,दुश्मनी-4
29.हूर,परी,अप्सरा (उर्दू-3)
32.पेड़,दरख्त-2
34.औषधि-2

**शब्द पहेली- 5566 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | सो | नि | या | गां | धी | ■ | म | हा | न | ता |
| खा | ना | ■ | प | ■ | र | क्ष | क | ■ | म | ल |
| ना | ■ | म | न | सि | ज | ■ | र | ग | ■ | मे |
| ब | ला | त | ■ | ■ | वा | दा | ■ | म | ह | ल |
| दो | ■ | दा | ■ | क | ला | ■ | आ | ■ | व | ■ |
| श | य | न | क | क्ष | ■ | दि | शा | ही | न | ता |
| ■ | म | ■ | प | ■ | ह | ल | ■ | न | ■ | क |
| का | ज | ल | ■ | शा | ग | ■ | ■ | त | ह | त |
| म | ■ | त | य | ■ | व | फा | दा | र | ■ | व |
| चो | र | ■ | की | ग | त | ■ | ग | ■ | का | र |
| र | म | जा | न | ■ | न | य | न | ज | ल | ■ |

### सूडोकू नवताल - 5578

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 8 | 5 | | |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| | | 2 | | | | | | 8 |
| | | | 4 | | | | | 9 |
| 6 | | | | 5 | | | | 1 |
| 2 | | | | | 3 | | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| | | 4 | 9 | 1 | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.


**सूडोकू नवताल - 5577 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 1 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 5 | 7 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 7 |

# भारतीय क्रिकेट टीम के कोच बने गौतम गंभीर

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

विश्व कप विजेता टीम के सलामी बल्लेबाज रहे गौतम गंभीर को मंगलवार को भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। वह राहुल द्रविड़ की जगह लेंगे जिन्होंने भारत की टी20 विश्व कप में खिताबी जीत के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने अपने 'एक्स' अकाउंट पर लिखा, 'मैं गौतम गंभीर का भारतीय क्रिकेट टीम के नए मुख्य कोच के रूप में स्वागत करते हुए बेहद प्रसन्न हूं। आधुनिक समय में क्रिकेट तेजी से विकसित हुआ है और गौतम ने इस बदलते परिदृश्य को करीब से देखा है। अपने पूरे करियर में विभिन्न भूमिकाओं में कड़ी मेहनत करने और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के बाद मुझे विश्वास है कि गौतम भारतीय क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए आदर्श व्यक्ति हैं।' उन्होंने लिखा, 'टीम इंडिया के लिए उनका स्पष्ट दृष्टिकोण उनके अपार अनुभव के साथ मिलकर उन्हें इस रोमांचक और सबसे अधिक मांग वाली कोचिंग भूमिका को संभालने के लिए पूरी तरह से तैयार करता है। इस नए सफर पर निकलने के लिए बीसीसीआई उनका पूरा समर्थन करता है।' एकदिवसीय विश्व कप 2011 जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे 42 साल के गंभीर की कप्तानी में 2012 और 2014 में कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल खिताब जीता। वह 2024 में आईपीएल खिताब जीतने वाली नाइट राइडर्स टीम के मेंटर थे।



**गंभीर राहुल द्रविड़ की जगह लेंगे**

**2027 तक रहेगा कार्यकाल**

### इंडिया मेरी पहचानः गंभीर

*खुद को हेड कोच बनाए जाने के बाद गौतम गंभीर ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा- 'इंडिया मेरी पहचान है और देश की सेवा करना मेरे लिए गर्व की बात है। टीम इंडिया में वापसी करके गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं, हालांकि कैप अलग होगी। लेकिन मेरा लक्ष्य वही होगा, जो हमेशा से रहा है...हर भारतीय को गौरवान्वित करना। मैन इन ब्लू के कंधों पर 140 करोड़ भारतीयों के सपने हैं और मैं उन्हें पूरा करने का हर संभव प्रयास करूंगा।'*

### गंभीर क्रिकेट को आगे ले जाएंगे : जय शाह

*बीसीसीआई सचिव जय शाह ने एक्स पोस्ट में लिखा- 'मॉडर्न-डे क्रिकेट का विकास तेजी से हुआ है और गंभीर ने इसे बड़े करीब से देखा हैं। गौतम ने अपने करियर में कई कठिनाइयों को पार किया है। उन्होंने अलग-अलग रोल निभाया है। मुझे भरोसा है कि वे भारतीय क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए आइडियल पर्सन है। उनका क्लियर विजन, एक्सपीरिएंस उन्हें भारतीय टीम की कोचिंग भूमिका को निभाने के लिए से सक्षम बनाता है।'*

### साल 2000 के बाद टीम इंडिया के 5वें भारतीय हेड कोच होंगे गंभीर

टीम इंडिया ने साल 2000 के बाद विदेशी हेड कोच अपॉइंट करने को प्राथमिकता देना शुरू कर दिया था। इस दौरान न्यूजीलैंड के जॉन राइट, ऑस्ट्रेलिया के ग्रेग चैपल, साउथ अफ्रीका के गैरी कर्स्टन और जिम्बाब्वे के डंकन फ्लेचर ने कोचिंग की जिम्मेदारी संभाली। फ्लेचर का कार्यकाल 2015 में खत्म हुआ, उनके बाद भारतीय हेड कोच बनाने का सिलसिला शुरू हुआ। तब से रवि शास्त्री 2 बार, वहीं अनिल कुंबले और राहुल द्रविड़ 1-1 बार कोच पद संभाल चुके हैं। 2007 में लालचंद राजपूत भी टीम के कोच बने थे। अब गंभीर ने कोचिंग पद संभाला, इस तरह 21वीं सदी में वह टीम इंडिया के 5वें भारतीय कोच बने। उनका कार्यकाल 2027 के वनडे वर्ल्ड कप तक रहेगा।

## खबर संक्षेप



### सूर्यकुमार पत्नी संग उडुपी मंदिर पहुंचे

**उडुपी।** भारतीय टीम के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव पत्नी दिविशा शेट्टी के साथ मंगलवार को उडुपी जिले के कापू मारिगुडी मंदिर गए और टी20 क्रिकेट विश्व कप जीतने पर विशेष पूजा की। सूर्यकुमार और दिविशा सोमवार को मेंगलुरु पहुंचे थे। उन्होंने हवाई अड्डे पर ही केक काटकर अपनी शादी की आठवीं सालगिरह मनाई थी। दिविशा मूल रूप से दक्षिण कन्नड़ के तटीय क्षेत्र की रहने वाली है। मंदिर के अधिकारियों के अनुसार दिविशा ने भारत के टी20 विश्व कप जीतने पर अपने पति के साथ कापू मारिगुडी मंदिर जाने का संकल्प लिया था। उन्होंने कहा कि सूर्यकुमार और दिविशा ने देवी कापू मरियम्मा को चमेली के फूलों की माला चढ़ाई और परिवार के लिए आशीर्वाद मांगा।

### पीसीबी ने दी कर्स्टन और गिलेस्पी को खुली छूट

**लाहौर।** टी20 विश्व कप में पाकिस्तान के खराब प्रदर्शन के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने मंगलवार को मुख्य कोच गैरी कर्स्टन और जेसन गिलेस्पी को टीम की किस्मत बदलने के लिए खुली छूट दे दी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। पाकिस्तान अमेरिका और वेस्टइंडीज में हुए विश्व कप के ग्रुप चरण में अमेरिका की नई नवेली टीम के अलावा भारत से हारकर सुपर आठ चरण में जगह बनाने में नाकाम रहा था। नकवी ने सीमित ओवरों के प्रारूप और टेस्ट टीम के कोच से मुलाकात की। इस दौरान कर्स्टन और गिलेस्पी ने राष्ट्रीय टीम के लिए अपनी योजनाएं साझा कीं।

### गुकेश के लिये रैपिड में बेहतर प्रदर्शन का मौका, गुजराती को वाइल्डकार्ड



**जगरेब (क्रोएशिया)।** विश्व चैम्पियनशिप चैलेंजर डी गुकेश के पास ग्रैंड शतरंज टूर के तहत खेले जा रहे सुपर युनाइटेड रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट में रैपिड वर्ग में अपना प्रदर्शन सुधारने का मौका है जबकि विदित गुजराती वाइल्ड कार्ड के जरिये उनसे जुड़ेंगे। गुकेश का सामना विश्व चैम्पियनशिप मुकाबले में 20 नवंबर को चीन के डिंग लिरेन से होगा। गुकेश का प्रदर्शन क्लासिकल प्रारूप में बेहतरीन रहा है लेकिन तेज रफ्तार वाले प्रारूप में वह लय नहीं बना सके हैं। टाई रहने पर ऐसे खेले जाएंगे मुकाबले विश्व चैम्पियनशिप में मुकाबला टाई रहने पर रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज के तेज समय नियंत्रण में मुकाबले खेले जायेंगे। रैपिड और 18 अंडर ब्लिट्ज शतरंज नियमों के तहत नौ दौर में खेले जाने वाले 175000 डॉलर ईनामी राशि के इस टूर्नामेंट में गुजराती को वाइल्ड कार्ड मिला है।

## क्रिकेट : तीसरा मैच आज भारतीय समयानुसार शाम 4.30 बजे से

# टी-20 सीरीज में बढ़त बनाने आज भिड़ेंगी भारतीय-जिम्बाब्वे की टीम

**पांच मैचों की सीरीज में दोनों ने जीते हैं 1-1 मैच**

एजेंसी ▶▶| हरारे

भारतीय क्रिकेट टीम और जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम के बीच टी-20 सीरीज का तीसरा मैच आज 10 जुलाई को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेला जाएगा। दोनों टीमों के बीच अभी सीरीज 1-1 से बराबरी पर है।

पहले मैच में जिम्बाब्वे को 13 रन से जीत मिली थी, वहीं दूसरे मुकाबले में शुभमन गिल की टीम ने शानदार वापसी करते हुए 100 रन से जीत दर्ज की थी। भारत और जिम्बाब्वे के बीच होने वाला यह मैच 10 जुलाई को हरारे स्पोर्ट्स क्लब स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच को भारतीय समयानुसार शाम 4:30 बजे से सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क और सोनी लीव ऐप पर लाइव देखा जा सकता है।

### जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत का पलड़ा रहा है भारी

भारत ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय में जिम्बाब्वे के खिलाफ कुल 10 मैच खेले हैं, जिसमें से उसे 7 जीत मिली है, जबकि 3 में उसे हार का सामना करना पड़ा है। इनमें से 9 मैच हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेले गए हैं। भारत ने जिम्बाब्वे की धरती पर 6 मैच में जीत दर्ज की है और 3 में हार झेली है। दिलचस्प रूप से भारत ने जिम्बाब्वे के खिलाफ कोई टी-20 सीरीज नहीं गंवाई है।



### इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर होंगी नजरें

रजा ने पिछले 10 टी-20 मुकाबलों में 127.63 की स्ट्राइक रेट से 194 रन बनाए हैं। अभिषेक ने इस सीरीज के 2 मुकाबलों में 196.07 की स्ट्राइक रेट और 50 की औसत से 100 रन बनाए हैं। गायकवाड़ के बल्ले से 2 मैच में 150 की स्ट्राइक रेट से 84 रन निकले हैं। मुजारबानी ने पिछले 10 मुकाबलों में 13 विकेट झटके है, वहीं बिश्नोई के नाम पिचले 2 मैच में 3 की इकॉनमी से 6 विकेट है।



### ऐसी हो सकती है भारतीय टीम

सीरीज के बाकी मैचों के लिए शिवम दुबे, संजू सैमसन और यशस्वी जायसवाल भारतीय टीम के साथ जुड़ चुके हैं। हालांकि, जायसवाल को टीम में जगह मिलना मुश्किल है क्योंकि अभिषेक शर्मा ने पिछले मैच में ही शतक जड़ा था। दुबे और सैमसन, साई सुदर्शन और ध्रुव जुरेल की जगह टीम में शामिल हो सकते हैं।

### इस संयोजन के साथ उतर सकती है जिम्बाब्वे

दूसरे टी-20 में जिम्बाब्वे की गेंदबाजी बेहद खराब रही थी। खिलाड़ियों ने 20 ओवर में 234 रन बनवा दिए थे। ऐसे में तीसरे टी-20 में जिम्बाब्वे अपने गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेगी। बल्लेबाजी में भी टीम का प्रदर्शन निराशाजनक ही रहा है। टीम को उनसे भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

## विम्बलडन

# टेलर फ्रिट्ज ने ज्वेरेव को हराया, जोकोविच भी जीते



एजेंसी ▶▶| लंदन

अमेरिका के 13वीं वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज ने दो सेट में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए दो बार के ग्रैंडस्लैम उपविजेता अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 4-6, 6-7, 6-4, 7-6, 6-3 से हराकर विम्बलडन पुरूष एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब उनका सामना 25वीं वरीयता प्राप्त इटली के लोरेंजो मुसेत्ती से होगा जो पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम में अंतिम आठ में पहुंचे हैं । फ्रिट्ज को विम्बलडन 2022 में रफेल नडाल ने हराया था।

### डि मिनौर भी पहुंचे क्वार्टर फाइनल में

दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी एलेक्स डि मिनौर ने भी क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया जहां उनका सामना सात बार के चैम्पियन नोवाक जोकोविच से होगा। जोकोविच ने होल्गर रूने को 6-3, 6-4, 6-2 से हराया। दर्शक रूने के नाम के नारे लगा रहे थे और जोकोविच की हूटिंग भी हुई लेकिन इससे वह विचलित नहीं हुए।

### महिला वर्ग का ऐसा रहा मुकाबला

महिला वर्ग में इटली की जैसमीन पाओलिनी ने जियोवान्नि एम पेरिकार्ड को 4-6, 6-3, 6-3, 6-2 से हराया। एलेना रिबाकिना को अगले दौर में जगह मिल गई जब उनकी प्रतिद्वंद्वी अन्ना कालिंस्काया ने कलाई की चोट के कारण कोर्ट छोड़ दिया। अब उनका सामना एलिना स्वितोलिना से होगा जिन्होंने वांग शिन्यु को 6-2, 6-1 से हराया। वहीं बारबरा क्रेइसिकोवा ने डेनियेले कोलिंगस को 7-5, 6-3 से और येलेना ओस्टापेंको ने यूलिया पुतिनत्सेवा को 6-2, 6-3 से मात दी।

## एंडरसन खेलेंगे अपना आखिरी मुकाबला

# इंग्लैंड बनाम वेस्टइंडीज का पहला टेस्ट आज से



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंग्लैंड क्रिकेट टीम और वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के बीच 3 मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज 10 जुलाई से होने जा रहा है। पहला टेस्ट ऐतिहासिक लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाएगा। यह इंग्लैंड के दिग्गज तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन का आखिरी टेस्ट मैच होगा। ऐसे में इंग्लैंड की टीम उन्हें जीत के साथ विदाई देना चाहेगी। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स होंगे और वेस्टइंडीज की कमान क्रेग ब्रेथवेट संभालेंगे। वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के बीच होने वाला यह मैच 10 जुलाई से लॉर्ड्स क्रिकेट स्टेडियम में शुरू होगा। इस मैच को भारतीय समयानुसार शाम 3:30 बजे से शुरू होगा।



तीन टेस्ट मैचों की सीरीज, इंग्लैंड की कप्तानी स्टोक्स और वेस्टइंडीज की कमान संभालेंगे क्रेग ब्रेथवेट

### बराबरी का रहा है दोनों के बीच मुकाबला

वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट साल 1928 में खेला गया था। दोनों टीमों के बीच 163 मुकाबले खेले गए हैं। इस दौरान वेस्टइंडीज को 59 मैच में जीत मिली है और इंग्लैंड ने 51 मुकाबले अपने नाम किए हैं। 53 मैच ड्रॉ रहे हैं। इंग्लैंड की सरजमीं पर दोनों टीमों के बीच 89 मुकाबले खेले गए हैं। इंग्लैंड की टीम को 36 में जीत मिली है। वेस्टइंडीज ने 31 मैच जीते हैं और 22 मुकाबले ड्रॉ रहे हैं।

## तेंबा बावुमा की कप्तानी में टेस्ट सीरीज खेलेगा द.अफ्रीका

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम ने वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ 7 अगस्त से शुरू हो रही 2 मैच की टेस्ट सीरीज के लिए 16 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू ब्रीट्जके को पहली बार टीम का हिस्सा बनाया गया है। रयान रिकेल्टन की भी टीम में वापसी हुई हैं। तेंबा बावुमा टीम के कप्तान होंगे और मार्को यानसन को इस सीरीज से आराम दिया गया है।

### ऐसी है दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम

वेस्टइंडीज की टीम अभी इंग्लैंड के खिलाफ 10 जुलाई से टेस्ट सीरीज खेलने वाली है। इसके बाद वह इस सीरीज के लिए अपनी टीम की घोषणा कर सकती है। ऐसी है दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीमः तेंबा बावुमा (कप्तान), डेविड बेडिंघम, मैथ्यू ब्रीट्जके, नांद्रे बर्गर, गेराल्ड कोएट्जी, टोनी डी जोरजी, केशव महाराज, एडेन मार्करम, वियान मुल्डर, लुंगी एनगिडी, डेन पैटरसन, डेन पीट, कगिसो रबाडा, ट्रिस्टन स्टब्स, रयान रिकेल्टन और काइल वेरिन।

# नीदरलैंड को हराकर लगातार दूसरी बार फाइनल में जगह बनाना चाहेगा इंग्लैंड

एजेंसी ▶▶| डोर्टमंड

इंग्लैंड बुधवार को यहां दूसरे सेमीफाइनल में जब नीदरलैंड से भिड़ेगा तो उसकी नजरें लगातार दूसरे यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो 2024) के फाइनल में जगह बनाने पर टिकी होंगी।

पहला सेमीफाइनल मंगलवार को स्पेन और फ्रांस के बीच खेला जाएगा। फाइनल रविवार को होना है। क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड और नीदरलैंड दोनों ने एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जीत दर्ज की थी। इंग्लैंड ने निर्धारित और अतिरिक्त समय में मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहने के बाद स्विट्जरलैंड को पेनल्टी शूट आउट में हराया था जबकि नीदरलैंड ने तुर्की को 2-1 से हराकर बाहर का रास्ता



दिखाया था। नीदरलैंड के खिलाफ हालांकि इंग्लैंड की राह आसान नहीं होगी। टूर्नामेंट में इंग्लैंड के खिलाफ अब तक खेलने वाली टीमों में नीदरलैंड की रैंकिंग सबसे बेहतर है।

### इंग्लैंड टीम में गुही के स्थान को लेकर पशोपेश

इंग्लैंड ग्रुप चरण में सर्बिया, डेनमार्क और स्लोवेनिया के खिलाफ खेला था जबकि नॉकआउट मुकाबलों में उसकी भिड़ंत स्लोवाकिया और स्विट्जरलैंड के साथ हुई। इंग्लैंड अब तक बाएं छोर से कीरन ट्रिपर पर निर्भर रहा है जबकि स्विट्जरलैंड के खिलाफ मैच में ल्यूक शॉ फरवरी में चोटिल होने के बाद पहली बार अंतरराष्ट्रीय मैच में उतरे। इंग्लैंड के मैनेजर गैरेथ साउथगेट को फैसला करना होगा कि वह पिछले मैच में निलंबित मार्क गुही की जगह खेले एजरी कोन्सा को फिर मौका देते हैं या फिर गुही का निलंबन खत्म होने के बाद उनकी वापसी कराते हैं।

## तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला 1-1 से बराबर की

# भारत ने अफ्रीका को 10 विकेट से करारी शिकस्त दी

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

पूजा वस्त्राकर और राधा यादव की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से भारत ने तीसरे और अंतिम महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में दक्षिण अफ्रीका को 55 गेंद शेष रहते हुए 10 विकेट से करारी शिकस्त देकर तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर की। तेज गेंदबाज वस्त्राकर (13 रन पर चार विकेट) ने करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी करते हुए चार जबकि बाएं हाथ की स्पिनर राधा (छह रन पर तीन विकेट) ने तीन विकेट चटकाए जिससे दक्षिण अफ्रीका की टीम 17.1 ओवर में 84 रन पर ढेर हो गई। भारत ने 10.5 ओवर में बिना किसी



नुकसान के 88 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। स्मृति मंधाना 40 गेंद पर 54 रन और शेफाली वर्मा 25 गेंद पर 27 रन बनाकर नाबाद रही। दक्षिण अफ्रीका ने पहला मैच 12 रन से जीता था जबकि दूसरा मैच बारिश के कारण पूरा नहीं हो पाया था। भारत ने इससे पहले वनडे श्रृंखला में 3-0 से जीत दर्ज करने के अलावा एकमात्र टेस्ट मैच भी अपने नाम किया था। मंधाना ने अयोबांगा खाका पर दो चौके लगाकर शुरुआत की। इसके बाद दोनों भारतीय बल्लेबाजों ने सहजता से रन बटोरे। भारत में पावर प्ले में 40 रन बनाए। इसके बाद मंधाना दक्षिण अफ्रीका की गेंदबाजों पर पूरी तरह हावी हो गई। मंधाना ने नेदिन डि क्लर्क पर दो चौके और विजयी छक्का जड़कर अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने अपनी पारी में 8 चौके और दो छक्के लगाए। शेफाली ने अपनी पारी में तीन चौके लगाए। जब वह 24 रन पर थी तब उन्हें जीवनदान भी मिला। इससे पहले भारत की तरफ से वस्त्राकर और राधा के अलावा अरुंधति रेड्डी (14 रन पर एक विकेट), श्रेयंका पाटिल (19 रन पर एक विकेट) और दीप्ति शर्मा (20 रन पर एक विकेट) ने एक-एक विकेट चटकाया। दक्षिण अफ्रीका की ओर से सलामी बल्लेबाज तेजमिन ब्रिट्स (20) ही 20 रन के आंकड़े को छू पाई। भारत ने टॉस जीतकर अफ्रीका को बल्लेबाजी का न्योता दिया जिसके बाद टीम ने कप्तान लॉरा वोलवार्ट (09) और मारिजेन कैप (10) के विकेट गंवाकर पावर प्ले में 39 रन जोड़े।

## रूस यात्रा के दौरान भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए बोले पीएम

# तीसरे कार्यकाल में छाया '3' का अंक, तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा भारतः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

» रूस के कजान और येकातेरिनबर्ग में खुलेंगे भारत के दो नए वाणिज्य दूतावास।

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी दो दिवसीय आधिकारिक रूस यात्रा के दौरान मंगलवार को मास्को में भारतीय समुदाय को संबोधित किया। इसमें उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाई और खासतौर पर '3' के अंक का उल्लेख करते हुए कहा कि ये उनकी सरकार के तीसरे कार्यकाल में छाया हुआ है। इसकी झलक सरकार के लक्ष्यों में भी देखने को मिलती है। बतौर भारतीय प्रधानमंत्री तीसरे कार्यकाल में मैंने प्रण लिया है कि सरकार का कामकाज तीन गुनी रफ्तार से होगा, तीन करोड़ गरीब लोगों को घर बनाकर दिए जाएंगे और भारत की अर्थव्यवस्था को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाएंगे।

हमने न केवल देश की अर्थव्यवस्था को कोरोना महामारी से उबारा है। बल्कि इसे दुनिया की एक मजबूत अर्थव्यवस्था बना दिया है। जल्द ही भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। बीते दस साल में भारत के विकास का ट्रेलर था। आगामी दस वर्षों में हम और अधिक विकास देखेंगे। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बनकर उभरा है। स्टार्टअप की संख्या सैकड़ों से बढ़कर आज ये लाखों में पहुंच गई है। पीएम ने कहा, भारतीय युवाओं की ताकत और प्रतिभा को देखकर दुनिया हैरान और अचंभित है। सरकार का लक्ष्य तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का है। ये वो महिलाएं हैं जिनकी सालाना आय एक लाख रुपए तक होगी।



**चेन्नई, व्लादिवोस्तोक पूर्वी समुद्री गलियारे पर काम जारी**

*प्रधानमंत्री ने भारतीय समुदाय को रूस के साथ एक मजबूत और गहरी भागीदारी बनाने के लिए लगातार अति सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में भारतीय रूस में पढ़ने के लिए जाते हैं। रूस के कजान और येकातेरिनबर्ग में दो नए वाणिज्य दूतावास खोलने का निर्णय लिया गया है। इससे आना-जाना और व्यापार, कारोबार आसान होगा। चेन्नई, व्लादिवोस्तोक पूर्वी समुद्री गलियारे पर काम जारी है। दोनों देश गंगा-वोल्गा संवाद से एक दूसरे को पुर्नउद्घाटित कर रहे हैं।*

### विश्व बंधु के रूप में देता नया भरोसा

पीएम मोदी ने कहा कि 2015 में जब मैं यहां आया था तो मैंने कहा था कि 21वीं सदी भारत की होगी। तब मैं कह रहा था, आज दुनिया कह रही है। दुनिया के सभी विशेषज्ञों के बीच इस विषय पर अब कोई विवाद नहीं है। सब कहते हैं कि 21वीं सदी भारत की सदी है। आज विश्व बंधु के रूप में भारत दुनिया को नया भरोसा दे रहा है। भारत की विकास की बढ़ती क्षमता ने पूरी दुनिया को स्थिरता और समृद्धि की उम्मीद दी है। नए उभरते हुए बहुपक्षीय विश्व में भारत को एक मजबूत स्तंभ के रूप में देखा जा रहा है। जब भारत शांति, कूटनीति और संवाद की बात कहता है तो पूरी दुनिया सुनती है। जब भी दुनिया पर संकट आता है तो भारत सबसे पहले पहुंचने वाला देश बनता है। दुनिया की उम्मीदों को पूरा करने के लिए भारत कोई कसर नहीं छोड़ेगा। लंबे समय तक दुनिया ने एक प्रभावकारी व्यवस्था देखी है। आज की दुनिया को प्रभाव की नहीं मिलकर चलने की जरूरत है।

### संबंधों का आधार आपसी विश्वास, सम्मान

पीएम मोदी ने कहा कि भारत-रूस संबंधों का आधार आपसी विश्वास-सम्मान है। मैं दशकों से दोनों देशों के रिश्तों का कायल रहा हूं। रूस को लेकर हर भारतीय के मन में पहला शब्द आता कि भारत के हर सुख दुख का साथी, भारत का भरोसेमंद दोस्त। भले ही रूस में सर्दियों में तापमान माइनस में चला जाता हो लेकिन ये दोस्ती हमेशा प्लस में यानी गर्मजोशी भरी रहती है। ये रिश्ता आपसी विश्वास और सम्मान की मजबूत नींव पर बना है। हमारे रिश्तों की दृढ़ता अनेक बार परखी गई है और हर बार हमारी दोस्ती बहुत मजबूत होकर उभरी है। संबंधों को मजबूती देने में बीते बीस सालों में राष्ट्रपति पुतिन ने शानदार काम किया है। बीते दस सालों में मैं छठी बार रूस आया हूं। इस एक दशक में हम 17 बार मिले हैं। हमारे बीच हुई बैठकें विश्वास बढ़ाने वाली रही हैं। जब हमारे छात्र फंसे हुए थे तो राष्ट्रपति पुतिन ने उन्हें निकालने में मदद पहुंचाई।

### यूं बदल गया भारत

उन्होंने कहा कि 2014 की तुलना में आज भारत आत्मविश्वास से भरा हुआ है। ये ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। बीते दस वर्षों में ऐसे कई कार्य हुए हैं। जिनकी वजह से भारत पूरी तरह से दुनिया की नजर में बदल गया। हमने जी-20 जैसा आयोजन किया तो दुनिया बोली भारत बदल रहा है। पीएम ने कुछ मिसालें देते हुए कहा कि अगर दस साल में भारत अपने निर्यात को बढ़ाकर दोगुना कर देगा तो दुनिया कहेगी भारत बदल रहा है। अगर इस दौरान भारत 40 हजार किलोमीटर रेल लाइन का विद्युतीकरण कर देगा तो दुनिया उक्त कथन को दोहराएगी। पीएम ने कहा, सेमीकंडक्टर से बिजली से चलने वाले वाहनों और विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर तक भारत की गति दुनिया के विकास का अध्याय लिखेगी। उन्होंने कहा, ये उनके डीएनए में है कि वो सभी चुनौतियों को चुनौती देते हैं। भारत आने वाले सालों में वैश्विक विकास की दिशा में एक नया अध्याय लिखेगा।

## खबर संक्षेप

### अमेरिका में एक और भारतीय छात्र की मौत

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में एक भारतीय छात्र की डूबने से मौत हो गई है। मृतक छात्र की पहचान



आंध्र प्रदेश के जी साईं सूर्या अविनाश के रूप में हुई है। सूर्या अमेरिका में गलती से झरने में गिर गया और उसकी मौत हो गई। न्यूयॉर्क स्थित भारत के महावाणिज्य दूतावास ने एक पोस्ट में लिखा कि आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले के चिताल्या के निवासी अविनाश की शनिवार 7 जुलाई को न्यूयॉर्क के अल्बानी में बार्बरविले झरने में डूबने से मौत हो गई। हम ट्राइन यूनिवर्सिटी के छात्र साईं सूर्या अविनाश गड्डे की दुखद मौत से बहुत दुखी हैं।

### डीपफेक के शिकार हुए यूट्यूबर भुवन बाम

**मुंबई।** भुवन बाम यूट्यूब की दुनिया में एक बड़ा नाम है। उनका यूट्यूब पर 'बीबी की वाइन्स' के



नाम से एक चैनल है, जिसपर वह कॉमेडी वाले वीडियोज अपलोड करते हैं। भुवन के करोड़ो सब्सक्राइबर हैं। हालांकि, इन सब के बीच इंफ्लूएंसर डीपफेक वीडियो का शिकार हुए है, जिसे लेकर उन्होंने पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई है। भुवन ने लोगों से सतर्क रहने का आग्रह किया और कहा कि मैं अपने सभी प्रशंसकों को मेरे एक डीपफेक वीडियो के बारे में सचेत करना चाहता हूं, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो है।

## राष्ट्रपति और रक्षा मंत्री ने कठुआ आतंकी हमले पर दुख व्यक्त किया

# रक्षा सचिव ने कहा- बलिदान का बदला लिया जाएगा, बुरी ताकतों को हराएंगे

कठुआ में हुए आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों को पकड़ने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान जारी है। जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक ने मौके पर बैठक की है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जम्मू-कश्मीर के कठुआ में आतंकवादी हमले में पांच जवानों की मौत पर मंगलवार को 'गहरा दुख' व्यक्त किया। वहीं, रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने कहा कि कठुआ हमले में पांच जवानों की मौत का बदला लिया जाएगा और भारत इसके पीछे की बुरी ताकतों को हराएगा।

सोमवार को सेना के गश्ती दल पर हुआ आतंकवादी हमला कठुआ जिला मुख्यालय से लगभग 150 किलोमीटर दूर लोहाई मल्हार के बदनोटा गांव के निकट ऊबड़-खाबड़ मछेड़ी-किंडली-मल्हार पहाड़ी मार्ग पर इस तरह की पहली घटना थी। भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों ने अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे सेना के दो वाहनों पर ग्रेनेड फेंका और अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसमें पांच सैन्यकर्मी शहीद हो गए। हमले में पांच सैनिक घायल भी हो गए। हमले के बाद आतंकवादी पास के जंगलों में भाग गए। हमले के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों को पकड़ने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान जारी है।

**खास बातें**

- आतंकवादियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान जारी
- आतंकवाद विरोधी अभियान की डीजीपी ने समीक्षा की
- सेना के शीर्ष पैरा-कमांडो और खोजी कुत्ते तलाशी अभियान में शामिल
- ड्रोन और हेलीकॉप्टरों से भी निगरानी की जा रही



### कायरतापूर्ण कृत्य

*राष्ट्रपति मुर्मू ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि मेरी संवेदनाएं उन बहादुरों के परिवारों के साथ हैं जिन्होंने आतंकवाद के खिलाफ चल रही इस लड़ाई में अपना बलिदान दिया है। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं। जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में सेना के जवानों के काफिले पर आतंकवादियों द्वारा किया गया हमला एक कायरतापूर्ण कृत्य है जिसकी निंदा की जानी चाहिए और इसके लिए कठोर जवाबी कार्रवाई की जानी चाहिए।*

### शहीदों की सेवा को याद रखा जाएगा

रक्षा सचिव अरमाने ने भी हमले में 'पांच बहादुर सैनिकों की मौत पर गहरा दुख' जताया। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना भी व्यक्त की। अरमाने ने कहा कि राष्ट्र के प्रति उनकी निस्वार्थ सेवा को हमेशा याद रखा जाएगा। उनके बलिदान का बदला लिया जाएगा और भारत हमले के पीछे की बुरी ताकतों को हराएगा। रक्षा मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने अरमाने की प्रतिक्रिया सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा की।


### दो माह पहले हुई थी घुसपैठ

कठुआ में सेना के काफिले पर हमले के बाद पता चला है कि पाकिस्तान से काफी ज्यादा आतंकियों की घुसपैठ हुई है। यह घुसपैठ लगभग दो महीने पहले ही हो गई थी। इस आतंकी हमले में आतंकवादियों का पूरा झुंड शामिल था। कुछ सप्ताह पहले ही अतिरिक्त बलों को तैनात किया गया था।

### अधिकारियों के साथ बैठक की

जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) आरआर स्वैन ने एडीजीपी (कानून-व्यवस्था) विजय कुमार और एडीजीपी, जम्मू जोन, आनंद जैन के साथ पुलिस और सेना के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में बताया गया कि सेना के शीर्ष पैरा-कमांडो और खोजी कुत्ते तलाशी अभियान में शामिल हो गए हैं। ड्रोन और हेलीकॉप्टरों से निगरानी की जा रही है।


### आतंकवाद विरोधी अभियान जारी



राजनाथ सिंह ने 'एक्स' पर लिखा कि कठुआ (जम्मू-कश्मीर) के बदनोटा में आतंकवादी हमले में हमारे पांच बहादुर सैनिकों की मौत से मुझे गहरा दुख हुआ है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं, इस कठिन समय में राष्ट्र उनके साथ मजबूती से खड़ा है। आतंकवाद विरोधी अभियान जारी है। हमारे सैनिक क्षेत्र में शांति और व्यवस्था कायम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मैं घायल हुए जवानों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

*शहीद होने वाले सभी बहादुर जवान उत्तराखंड के*

## शहादत पर आंखें नम गर्व से ऊंचा हुआ सिर



आदर्श नेगी शहीद | आनंद सिंह शहीद | विनोद सिंह शहीद | कमल सिंह शहीद | अनुज नेगी शहीद

एजेंसी ▶▶ देहरादून

उत्तराखंड से शहीद होने वालों में सूबेदार आनंद सिंह, हवलदार कमल सिंह, राइफलमैन अनुज नेगी, राइफलमैन आदर्श नेगी, नायक विनोद सिंह शामिल हैं। पांचों शहीदों की खबर गांव में पहुंचते ही घरों में कोहराम मच गया है। परिजनों को यकीन ही नहीं हो रहा है कि उनका बहादुर अब इस दुनिया में नहीं रहे। शहादत की खबर पहुंचते ही घरवालों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### तीन माह की बेटी को देखने आए थे विनोद

नई टिहरी के जाखणीधार ब्लाक के चौंड जसपूर के विनोद भंडारी (33) पुत्र वीर सिंह भंडारी जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले में आतंकी हमले के दौरान शहीद हुए हैं। इनका परिवार भानियावाला में निवास करता है। डेढ़ माह पूर्व घर आए थे। इनके एक चार वर्षीय पुत्र और तीन माह की बेटी है। बेटी के जन्म के बाद ही बेटी को देखने डेढ़ माह पूर्व घर आए थे।

### सीएम पुष्कर सिंह धामी ने जताया शोक

*सीएम पुष्कर धामी ने एक्स पर लिखा कि कठुआ जम्मू कश्मीर में हुए कायराना आतंकी हमले के दौरान उत्तराखंड के 5 वीर-जवान वीरगति को प्राप्त हो गए। यह हम सभी प्रदेशवासियों के लिए अत्यंत पीड़ा का क्षण है क्योंकि हमने भाई और बेटा भी खोया है। हमारे रणबांकुरों ने उत्तराखंड की समृद्ध सैन्य परंपरा का पालन करते हुए मां भारती के चरणों में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। मां भारती की रक्षा करते हुए आतंकवाद के विरुद्ध आपका यह सर्वोच्च बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा।*




## रिजिजू ने की पीएमजेवीके परियोजनाओं की समीक्षा

# अरुणाचल को 35 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता देगी केंद्र सरकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय अल्पसंख्यक मामले और संसदीय मामले मंत्री किरेन रिजिजू ने मंगलवार को अरुणाचल प्रदेश के लिए अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (पीएमजेवीके) के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की भौतिक और वित्तीय स्थिति की समीक्षा की। कार्यक्रम के तहत भविष्य की योजनाओं का रोडमैप तैयार किया गया। समीक्षा बैठक के दौरान अरुणाचल प्रदेश के सीएम पेमा खांडू, उपमुख्यमंत्री चौना मीन, अरुणाचल प्रदेश के सामाजिक न्याय अधिकारिता और जनजातीय मामले (एसजेईटीए) मंत्री केंटो जिनी और विधायक एवं मंत्री के सलाहकार (एसजेईटीए) रोडे बुई मौजूद थे।

### युवाओं को आधुनिक शिक्षा दी जाएगी

युवा बौद्ध आबादी के लिए आधुनिक शिक्षा और पेशेवर/व्यावसायिक और कौशल विकास पाठ्यक्रमों के अतिरिक्त प्रावधान के साथ पारंपरिक धार्मिक शिक्षा को धर्मनिरपेक्ष बनाने के प्रमुख उद्देश्य के साथ, केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय की बौद्ध विकास योजना (बीडीपी) के तहत पहले से ही स्वीकृत 10 परियोजनाओं (कुल अनुमानित लागत 41.07 करोड़ रुपए) के शीघ्र निष्पादन के लिए आगे बढ़ने की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई।

### राहुल से मिली शहीद अंशुमान की मां

# कहा- बंद की जाए अग्निवीर योजना तीन दिन पहले ही मिला कीर्ति चक्र

एजेंसी ▶▶ रायबरेली

राहुल से मिलने पहुंचे लखनऊ के पारा निवासी निवासी शहीद अंशुमान के परिजनों ने अग्निवीर योजना बंद करने की मांग की। अंशुमान की मां मंजू सिंह ने कहा कि अग्निवीर योजना बंद की जाए, यह कतई सही नहीं है।

उन्होंने कहा कि उनके पति भी सेना से सेवानिवृत हुए हैं और बेटा भी सेना की सेवा में ही था। सेना में ऐसा नहीं होना चाहिए कि 4 साल में ही किसी को रिटायर कर दिया जाए, बल्कि सैन्य कर्मियों की सुविधाएं बढ़ाई जानी चाहिए। गौरतलब है कि मूलरूप से देवरिया निवासी



अंशुमान की पत्नी व मां को पिछले दिनों राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में कीर्ति सम्मान से नवाजा गया था। इस दौरान अंशुमान की मां ने राहुल गांधी से मिलने की इच्छा जाहिर की थी। समय अभाव के कारण राहुल से इत्मीनान से मुलाकात नहीं हो पाई थी, राहुल ने अपना नंबर देते हुए उनसे जल्द मुलाकात करने को कहा था। इसके बाद से राहुल की टीम लगातार उनके संपर्क में थी।

## लोकसभा अध्यक्ष बिरला 11-12 जुलाई को दसवें ब्रिक्स संसदीय मंच में होंगे शामिल

# अन्य संसदों के पीठासीन अधिकारियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला 11-12 जुलाई को सेंट पीटर्सबर्ग, रूस के में आयोजित किए जा रहे दसवें ब्रिक्स संसदीय मंच में भारतीय संसदीय शिष्टमंडल का नेतृत्व करेंगे। इस शिष्टमंडल में राज्य सभा के उपसभापति हरिवंश, राज्य सभा सदस्य शंभू शरण पटेल, लोक सभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह, राज्य सभा के महासचिव पीसी मोदी शामिल हैं। लोक सभा सचिवालय में संयुक्त सचिव अंजनी कुमार शिष्टमंडल के सचिव हैं।

दसवें ब्रिक्स संसदीय मंच का मुख्य विषय 'समान वैश्विक विकास और सुरक्षा के लिए बहुपक्षवाद को मजबूत करने में संसदों की भूमिका' है। ब्रिक्स देशों और आमंत्रित देशों अर्थात अजरबैजान, आर्मिनिया, बेलारूस, कजाखस्तान, किर्गिज गणराज्य, तजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान और तुर्कमेनिस्तान के अध्यक्ष, संसद सदस्य और अंतर-संसदीय संघ की अध्यक्ष, सुश्री तुलिया एक्सन, ब्रिक्स संसदीय मंच की बैठकों में भाग लेंगे। लोक सभा अध्यक्ष बिरला पूर्ण अधिवेशन के दौरान दो उप-विषयों 'ब्रिक्स संसदीय आयामः अंतर-संसदीय सहयोग को मजबूत करने की संभावनाएं' और 'बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली के विखंडन का सामना करने और वैश्विक संकटों के परिणामों से संबंधित खतरों पर काबू पाने में संसदों की भूमिका' पर अपने विचार व्यक्त करेंगे।

राज्य सभा के उपसभापति पूर्ण अधिवेशन के दौरान दो उप-विषयों 'अंतर्राष्ट्रीय संबंधों की प्रणाली की कार्यकुशलता बढ़ाने और इसका लोकतंत्रीकरण सुनिश्चित करने में संसदों की भूमिका' तथा 'मानवीय और सांस्कृतिक क्षेत्रों में अंतर-संसदीय सहयोग' पर फोरम को संबोधित करेंगे। शिखर सम्मेलन के समापन पर एक संयुक्त वक्तव्य पारित किया जाएगा। इस सम्मेलन के दौरान लोक सभा अध्यक्ष अन्य संसदों के पीठासीन अधिकारियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109